
सुपरटेक की 16 परियोजनाएं पूरा करे एनबीसीसी : उच्चतम न्यायालय - 12


अगले महीने से लागू हो सकता है भारत अमेरिका व्यापार समझौता : गोयल - 12


एआई से नौकरियां बचाने के लिए दक्षिण कोरिया की संसद में लाया गया विधेयक- 13


दिन-ब-दिन बेहतर महसूस कर रहा हूं : सुमित नागल - 14

आज का मौसम
23.0° अधिकतम तापमान
11.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 07.00
सूर्यास्त 05.58

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष पंचमी 01:18 उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2082

शुक्रवार, 6 फरवरी 2026, वर्ष 6, अंक 310, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये

# नई विश्व व्यवस्था का झुकाव भारत की ओर

## राज्यसभा में प्रधानमंत्री बोले- पहले देश पांच कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में गिना जाता था, आज चौथी सबसे बड़ी

- मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान दिया जवाब
- कहा, विकसित देश अपने आप भारत के साथ व्यापार समझौता करने आ रहे

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत आज विश्व में पैदा हो रहीं चुनौतियों के समाधान के लिए आशा की किरण बना हुआ है और दुनिया एक नई वैश्विक व्यवस्था की ओर आगे बढ़ रही है। राज्यसभा में राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने यूरोपीय संघ के साथ हुए समझौतों का उल्लेख किया और कहा कि जब कोई विकसित देश किसी विकासशील देश के साथ अपने आप व्यापार समझौता करता है तो यह भी अर्थजगत के लिए बहुत बड़ा संदेश है।

उन्होंने कहा, भारत आज विश्व में पैदा हो रहीं चुनौतियों के समाधान के लिए आशा की किरण बना हुआ है। हम समाधान दे रहे हैं। कांग्रेस समेत विभिन्न विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच भाषण शुरू करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का तेज आर्थिक विकास और कम मुद्रास्फीति एक दुर्लभ संयोग है। पिछले कुछ समय में विश्व के नौ बड़े देशों के साथ हमारे समझौते हुए हैं और उसमें 'मदर ऑफ आल डील' में यूरोपीय संघ के 27 देशों के साथ एकमुश्त समझौता हुआ है। उन्होंने कहा, विकसित देश अपने आप भारत के साथ व्यापार समझौता करने आ रहे हैं। जब कोई विकसित देश किसी विकासशील देश के साथ अपने आप व्यापार समझौता करता है तो यह भी अर्थजगत के लिए बहुत बड़ा संदेश है। ऐसे में साफ दिख रहा है कि दुनिया एक नई वैश्विक व्यवस्था की ओर आगे बढ़ रही है, जिस तरह दूसरे विश्व युद्ध के बाद एक वैश्विक व्यवस्था बनी थी। अपने भाषण के बीच वाकआउट करने वाले विपक्षी दलों के सदस्यों की ओर इशारा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जो लोग थककर चले गए, कभी न कभी उनको जवाब देना पड़ेगा कि देश की कैसी हालत बनाकर रखी थी। कोई देश अपने आप हमारे साथ समझौता करने नहीं आता था। मोदी ने कहा कि हमारा देश पांच कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में गिना जाता था, लेकिन आज हम विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के क्रम में हैं। प्रधानमंत्री के भाषण के बीच विपक्षी सदस्यों ने सदन से वॉकआउट किया। मोदी ने कहा कि आज चाहे अंतरिक्ष हो, विज्ञान हो, खेल हो, भारत हर क्षेत्र में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। कहा कि आज पूरा विश्व 'ग्लोबल साउथ' की चर्चा कर रहा है।

### तृणमूल कांग्रेस पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने तृणमूल कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोलते हुए उन पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों ने सत्ता में रहते हुए जनता के कल्याण के लिए काम नहीं किया। तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों ने चर्चा के दौरान केंद्र सरकार के विरोध में काफी कुछ कहा, 'किंतु वे अपने गिरेबान में भी देखें। पतन के जितने भी मानक हैं, सब मानकों में नए-नए रिकार्ड बनाते जा रहे हैं और यहां उपदेश दे रहे हैं। ऐसी सरकार से वहां के लोगों का भविष्य अंधकार में डूब रहा है।

### कांग्रेस कभी मेरी कब्र नहीं खोद पाएगी


**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने राज्यसभा में कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि विपक्षी दल लगातार चुनावी हार को पचा नहीं पा रहा है और उनके प्रति गहरी नफरत रखने के बावजूद वह कभी उनकी कब्र नहीं खोद पाएगा। राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने लोकसभा में विपक्षी दल द्वारा डाले गए व्यवधान पर खेद जताया और कहा कि यह न केवल एक आदिवासी और महिला राष्ट्रपति का अपमान है, बल्कि उनके सर्वोच्च संवैधानिक पद और भारत के संविधान का भी अपमान है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू पर राहुल गांधी की 'गद्दार' टिप्पणी की भी निंदा की और इसे पूरे सिख समुदाय का अपमान बताया। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जो लोग 'मोहब्बत की दुकान' की बात करते हैं, वे 'मोदी तेरी कब्र खुदेगी' जैसे नारे लगा रहे हैं, जो चुनावी हार से उत्पन्न उनकी हताशा को उजागर करता है। उन्होंने कहा, यह कैसी मोहब्बत की दुकान है? उन्होंने यह कौन से संविधान से सीखा है? क्या यह संविधान का अपमान नहीं है? मोदी ने कहा, वे कभी मेरी कब्र नहीं खोद पाएंगे। उन्होंने कहा कि विपक्ष कभी उनकी कब्र नहीं खोद पाएगा क्योंकि उन्हें करोड़ों माताओं, बहनों और देश के गरीबों का आशीर्वाद प्राप्त है, जिनके लिए वे निस्वार्थ भाव से काम कर रहे हैं। कांग्रेस हर भारतीय नागरिक को समस्या मानती थी, जबकि उनकी सरकार उन्हें अपनी ताकत और चुनौतियों का समाधान मानती है। प्रधानमंत्री ने करीब 100 मिनट लंबे भाषण में कहा कि वे (विपक्ष) उन्हें रोज गालियां देते हैं क्योंकि वे यह पचा नहीं पा रहे हैं कि उनके जैसा एक गरीब आदमी इस पद पर कैसे आसीन है।

- मोदी बोले- मोहब्बत की दुकान की बात करते हैं वे मोदी तेरी कब्र खुदेगी जैसे नारे लगा रहे हैं यह चुनावी हार से उत्पन्न उनकी हताशा है

# पीएम के साथ कुछ भी हो सकता था, इसलिए मैंने लोस में उनकी स्पीच टाली

- लोकसभा स्पीकर बिरला का दावा- अप्रत्याशित हमले की थी प्लानिंग
- प्रधानमंत्री के जवाब के बिना लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पारित

नई दिल्ली, एजेंसी



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को कहा कि बुधवार को सदन में कांग्रेस के कई नेता सदन के नेता के आसन के पास पहुंचकर किसी अप्रत्याशित घटना को अंजाम देना चाहते थे, इसलिए उनके अनुरोध पर प्रधानमंत्री मोदी सदन में नहीं आए। बिरला ने यह भी कहा कि बुधवार को विपक्ष के कुछ सदस्यों ने उनके चैंबर में आकर जिस तरह का व्यवहार किया, वैसा लोकसभा की शुरुआत से लेकर आज तक कभी नहीं हुआ और यह दृश्य एक 'काले धब्बे' की तरह था।

लोकसभा की बैठक विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण तीन बार के स्थगन के बाद अपराह्न तीन बजे पुनः शुरू हुई तो लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि बुधवार सदन के नेता (प्रधानमंत्री मोदी) को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देना था। मेरे पास ऐसी पुख्ता जानकारी आई कि कांग्रेस पार्टी के कई सदस्य नेता सदन के आसन पर पहुंचकर कोई भी अप्रत्याशित घटना को अंजाम दे सकते थे। मैंने यह दृश्य सदन में देखा भी। अगर ऐसी घटना हो जाती तो यह अत्यंत अप्रिय दृश्य देश की लोकतांत्रिक परंपराओं को तार-तार कर देता।

### देश ने देखी पूरी घटना

बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को सदन में नहीं आकर उनके आग्रह को मानते हुए सदन को अप्रिय दृश्य से बचाया और इसके लिए वह प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने यह भी कहा, बुधवार की घटना देश ने देखी है कि किस तरह महिला सदस्य वहां (प्रधानमंत्री के बैठने के स्थान) तक पहुंची हैं। यह किसी तरह उचित नहीं था। आप शब्दों से बात कह सकते हैं, आरोप लगा सकते हैं। लेकिन आप इधर (सत्तापक्ष की तरफ) आकर जिस तरह कर रहे हैं, यह उचित नहीं है।

## ब्रीफ न्यूज

### धोखाधड़ी मामले में अल फलाह विश्वविद्यालय का चेयरमैन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली में विस्फोट के बाद यूजीसी की शिकायत पर दर्ज दो प्राथमिकी के आधार पर दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने अल फलाह विश्वविद्यालय के चेयरमैन जावद अहमद सिद्दीकी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में ईडी द्वारा कार्यवाही शुरू करने के बाद दिल्ली पुलिस ने यह कार्रवाई की है। लाल किले के पास हुए विस्फोट के बाद अपराध शाखा ने निजी विश्वविद्यालय के कामकाज से संबंधित कथित अनियमितताओं और धोखाधड़ी के संबंध में मामले दर्ज किए थे। सिद्दीकी को स्थानीय अदालत में पेश किया जहां से उसे आगे की पूछताछ के लिए चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।

### नीट पीजी काउंसिलिंग की मेरिट सूची जारी

**लखनऊ।** प्रदेश के सरकारी व निजी मेडिकल कॉलेजों में रिक्त पीजी सीटों पर प्रवेश के लिए संचालित तीसरी काउंसिलिंग में गुरुवार को मेरिट सूची जारी कर दी गयी हैं। कॉलेजों में एमडी-एमएस व डिप्लोमा सीटों पर दाखिले के लिए 8935 अभ्यर्थियों की और डीएनबी सीटों के लिए 290 अभ्यर्थियों की सूची जारी की गयी है। महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा द्वारा जारी मेरिट सूची के अभ्यर्थियों को छह फरवरी से 11 फरवरी तक मनपसंद कॉलेजों की प्राथमिकताएं देनी होंगी। अगले 14 फरवरी को सीट आवंटन परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे और 17 फरवरी तक प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी।

# चाइनीज मांझे से मौत होना हत्या के समान : मुख्यमंत्री

- सीएम योगी का दुर्घटनाओं पर सख्त रुख पुलिस को प्रदेशव्यापी छापेमारी के दिए निर्देश
- प्रतिबंध के बाद भी चाइनीज मांझे की उपलब्धता कैसे, कार्रवाई की होगी उच्चस्तरीय समीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चाइनीज मांझे से हो रही दुर्घटनाओं पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि इस कारण किसी व्यक्ति की मृत्यु होना हत्या के समान है। ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि चाइनीज मांझा पूरी तरह प्रतिबंधित है, इसके बावजूद इसकी उपलब्धता गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने पुलिस को प्रदेशव्यापी सघन छापेमारी अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने गुरुवार को लखनऊ के हैदरगंज ओवरब्रिज पर शोएब की चाइनीज मांझे से मौत का संज्ञान लेने के बाद पूरे प्रदेश में पुलिस को निर्देश दिए कि यह पता लगाया जाए कि चाइनीज मांझा किन माध्यमों से बाजार में पहुंच रहा है। इसके लिए प्रदेशभर में सघन छापेमारी अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि केवल बिक्री ही नहीं, बल्कि इसके भंडारण और परिवहन पर भी कड़ी नजर रखी जाए और दोषियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि जन-सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। चाइनीज मांझा आमजन, विशेषकर बच्चों और पशु-पक्षियों के लिए जानलेवा खतरा है। उन्होंने पुलिस और प्रशासन को निर्देश दिए कि आपूर्ति श्रृंखला को पूरी तरह तोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए और इसकी प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा नियमित रूप से की जाए, ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। योगी ने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रदेश को चाइनीज मांझे के खतरे से पूरी तरह मुक्त करना है। इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से काम करें और प्रतिबंध का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें।

### प्रदेशभर में छापेमारी शुरू

योगी के निर्देश पर गुरुवार को पूरे प्रदेश में चाइनीज मांझे के खिलाफ विशेष अभियान शुरू कर दिया गया है। सभी जिलों में थानावार छापेमारी कर दुकानों, गोदामों और संदिग्ध ठिकानों की सघन जांच की जा रही है। पुलिस को चाइनीज मांझे की बिक्री, भंडारण और परिवहन पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। बरामदगी की स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। अभियान की उच्चस्तरीय समीक्षा होगी, ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही न रहे।

# अवैध कोयला खदान में विस्फोट, 16 मजदूरों की गई जान

- मेघालय में घटी बड़ी घटना, कई अन्य के फंसे होने की आशंका

शिलांग, एजेंसी



मेघालय के ईस्ट जयंतिया हिल्स जिले में गुरुवार को अवैध कोयला खदान में विस्फोट होने से 16 मजदूरों की मौत हो गई और कई अन्य के फंसे होने की आशंका है।

डीजीपी आई नोंगरंग ने बताया कि यह घटना थांगस्कू इलाके में हुई और बचाव दल तलाशी अभियान चला रहे हैं। उन्होंने कहा, हमने अब तक 16 शव बरामद किए हैं, लेकिन विस्फोट के समय खदान के अंदर मौजूद लोगों की संख्या के बारे में सटीक जानकारी नहीं है। ईस्ट जयंतिया हिल्स के पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि घटना में घायल एक व्यक्ति को एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जिसके बाद बेहतर इलाज के लिए उसे राज्य की राजधानी शिलांग रेफर कर दिया गया। शक है कि यह विस्फोट उस जगह पर कोयला खनन की गतिविधियों के दौरान हुआ, जिसे एक गैर-कानूनी काम माना जा रहा है। जब पूछा गया कि क्या खदान अवैध रूप से संचालित की जा रही थी, तो कुमार ने कहा, हां, ऐसा ही लगता है। विस्फोट की वजह का पता अभी नहीं चला है, और इसकी जांच की जाएगी। उल्लेखनीय है कि एनजीटी ने 2014 में मेघालय में रैट-होल कोयला खनन तथा खनन के दूसरे अवैज्ञानिक तरीकों पर प्रतिबंध लगा दिया था।

### मोदी ने शोक जताया, अनुग्रह राशि की घोषणा की

**शिलांग।** प्रधानमंत्री मोदी ने मेघालय के ईस्ट जयंतिया हिल्स जिले में कोयला खदान में हुए विस्फोट के कारण कम से कम 16 मजदूरों की मौत होने पर शोक जताया और मृतकों के परिजन को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। पीएमओ ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में मोदी के हवाले से कहा, ईस्ट जयंतिया हिल्स, मेघालय में हुई दुर्घटना के बारे में जानकर दुख हुआ। अपने प्रियजन को खोने वालों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। घायल व्यक्ति के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

## आरएसी बर्थ मिलने पर आंशिक किराया लौटाए रेलवे : पीएसी

- संसद में पेश की रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** संसद की एक समिति ने कहा है कि आरएसी श्रेणी के तहत बुक किए गए टिकटों के लिए पूरा किराया वसूलना उचित नहीं है। लोक लेखा समिति (पीएसी) ने संसद में पेश की गई अपनी रिपोर्ट भारतीय रेलवे में ट्रेन परिचालन में समय की पाबंदी और यात्रा का समय में कहा कि आरएसी (रिजर्वेशन अगेंस्ट कैंसिलेशन) के तहत टिकटों के लिए पूरा किराया वसूलना, जिसमें चार्ट बनने के बाद टिकट धारक को पूरी बर्थ नहीं मिलती है, उचित नहीं है, आंशिक किराया वापस लौटाया जाना चाहिए। वहीं, 'सुपरफास्ट' ट्रेनों पर कहा कि ऑडिट में पाया गया कि किसी ट्रेन को सुपरफास्ट के रूप में वर्गीकृत करने के लिए 55 किमी प्रति घंटे का मानक अपने आप में ही कम है। 2007 से ट्रेनों के वर्गीकरण के मानदंडों में बदलाव नहीं हुआ है।

# दिल्ली-एनसीआर, गुजरात की सड़कों पर दौड़ी 'भारत टैक्सी'

- केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा- तीन साल में देशभर में होगा विस्तार




**नई दिल्ली।** केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को देश के पहले सहकारी-संचालित ऑनलाइन कैब सेवा 'भारत टैक्सी' की शुरुआत की। अभी दिल्ली-एनसीआर और गुजरात में शुरू होने वाली इस सेवा का अगले तीन साल में देशभर में विस्तार किया जाएगा।

शाह ने इस अवसर पर कहा कि अमूल सहित देश की आठ शीर्ष सहकारी संस्थाओं द्वारा स्थापित 'भारत टैक्सी' से चालकों (ड्राइवर) की आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और उन्हें इस मंच पर स्वामित्व भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि पायलट परीक्षण की सफलता के बाद प्रतिस्पर्धी टैक्सी सेवा प्रदाताओं ने अपने कमीशन घटा दिए हैं और मुफ्त सवारी जैसे प्रोत्साहन भी दिए हैं लेकिन भारत टैक्सी जैसा ड्राइवर-स्वामित्व मॉडल कोई दूसरा ऑनलाइन कैब सेवा प्रदाता नहीं देता है। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद करीब 1,000 ड्राइवरों को संबोधित करते हुए कहा, आप ड्राइवर होने के साथ भारत टैक्सी मंच के मालिक भी होंगे।

# कब्जेदारों को लाभ पहुंचाने के आरोप में तीन पीसीएस अधिकारी निलंबित

- तहसीलदार रहते की गड़बड़ी, अब एटा, गाजियाबाद व बुलंदशहर में एसडीएम पद पर हैं तैनात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** चंदौली जिले में सरकारी एवं ग्रामसभा भूमि से जुड़े मामलों में बड़ी प्रशासनिक गड़बड़ी सामने आने पर सरकार ने कड़ा कदम उठाया है। अवैध कब्जे हटाने के बजाय कब्जेदारों को लाभ पहुंचाने के आरोप में तीन पीसीएस अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। तीनों अधिकारी पूर्व में तहसीलदार के रूप में तैनात रहे हैं।

निलंबित अधिकारियों में तत्कालीन तहसीलदार सतीश कुमार (वर्तमान तैनाती एसडीएम एटा), विराग पांडेय (वर्तमान तैनाती एसडीएम गाजियाबाद) और लालता प्रसाद (वर्तमान तैनाती एसडीएम बुलंदशहर) शामिल हैं। इन पर सार्वजनिक, आरक्षित और ग्रामसभा भूमि को नुकसान पहुंचाने के आरोप हैं। चंदौली के जिलाधिकारी द्वारा पं. दीन दयाल उपाध्याय नगर तहसील की पत्रावलियों के निरीक्षण में यह तथ्य सामने आया कि कई मामलों में पूर्व में पारित बेदखली आदेशों के बावजूद वसूली के नोटिस वापस ले लिए गए। इससे कब्जेदारों को कार्रवाई से बचाया गया। जांच में जिन भूमियों का उल्लेख है, उनमें खलिहान, चकमार्ग, कब्रिस्तान, नवीन परती, बंजर व लोक उपयोगिता की भूमि शामिल है।

### डीएम की ओर से शासन को भेजी गई थी रिपोर्ट

मामले में एडीएम (न्यायिक), एसडीएम चकिया और अपर एसडीएम चंदौली की तीन सदस्यीय समिति गठित की गई। समिति की विस्तृत जांच में स्पष्ट हुआ कि तत्कालीन तहसीलदारों ने पीठासीन अधिकारी की हैसियत से अतिक्रमणकारियों के पक्ष में आदेश पारित किए, जिससे सार्वजनिक संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा। डीएम की शासन को भेजी गई रिपोर्ट पर निलंबन की कार्रवाई की गई है। प्रमुख सचिव नियुक्ति एम. देवराज की ओर से जारी आदेश के अनुसार जांच शुरू की गई है। जांच अधिकारी के रूप में वाराणसी के मंडलायुक्त को नामित किया गया है।

**उपलब्धि** | लखनऊ के साथ ही रामपुर, अमेठी, ललितपुर और एटा में अभिनव प्रयोग

# प्लास्टिक कचरे से बनाई 75 किलोमीटर लंबी सड़क

- पर्यावरण संरक्षण के साथ विकास का नया मॉडल, कूड़े से तीन करोड़ रुपये की आय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के गांव अब स्वच्छता और नवाचार की नई पहचान गढ़ रहे हैं। प्लास्टिक कचरे से सड़क निर्माण, घर-घर कूड़ा संग्रहण कर उससे खाद निर्माण और आय सृजन के अभिनव प्रयोगों ने प्रदेश के ग्रामीण परिदृश्य को हाईटेक बना दिया है।

राजधानी लखनऊ समेत रामपुर, अमेठी, ललितपुर और एटा में प्लास्टिक कचरे से अब तक 75 किलोमीटर लंबी सड़कें तैयार की जा चुकी हैं, जो पर्यावरण संरक्षण के साथ विकास का नया मॉडल पेश कर रही हैं। पंचायती राज विभाग के निदेशक अमित कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर उत्तर प्रदेश में वेस्ट मैनेजमेंट का मास्टर प्लान तैयार किया गया है। इसके तहत ग्राम पंचायतों में घर-घर से कूड़ा संग्रहण शुरू कर वर्मी खाद का उत्पादन किया जा रहा है। इस पहल से अब तक 3 करोड़ रुपये से अधिक की आय सृजित हो चुकी है। वहीं प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाइयों से 29 लाख रुपये की अतिरिक्त कमाई की गई है। इस योजना के तहत पंचायतीराज विभाग प्रदेश में 'वेस्ट टू वेल्थ' मॉडल पर काम कर रहा है।


लखनऊ के साथ ही रामपुर, अमेठी, ललितपुर और एटा में इसी तरह प्लास्टिक कचरे से बनाई जा रही सड़क।

### प्रदेश के हर गांव में होगा प्रयोग

पंचायती राज विभाग द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ गांव महाभियान के तहत कूड़े को संसाधन में बदला जा रहा है। प्लास्टिक कचरे का सदुपयोग कर सड़क निर्माण, जैविक कचरे से खाद उत्पादन और पंचायतों की आय बढ़ाने के ये प्रयोग प्रदेश के हर गांव को स्वच्छ, आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। इस योजना के जरिए प्रदेश के हर गांव में अभिनव प्रयोग किए जाएंगे।

### प्लास्टिक वेस्ट का उपयोग

पंचायती राज विभाग के निदेशक अमित कुमार सिंह के अनुसार, विभाग ग्राम पंचायतों को नवाचार के माध्यम से मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। गांव-गांव स्वच्छता अभियान के साथ प्लास्टिक वेस्ट के उपयोग से न केवल पर्यावरण सुरक्षित हो रहा है, बल्कि करोड़ों रुपये की आय भी सृजित हो रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### नाबालिग से दुष्कर्म व वीडियो वायरल करने के आरोपी गिरफ्तार



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र में नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो वायरल करने के मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट, एससी-एसटी एक्ट और आईटी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। गुरुवार को प्रभारी निरीक्षक कटघर कोतवाली विनोद कुमार सिंह ने बताया कि 30 जनवरी को किशोरी खेत पर गई थी, जहां कटघर के गागन का तिराहा इलाके के रहने वाले समीर और शनि ने उसके साथ दुष्कर्म किया और मोबाइल से अश्लील वीडियो बना ली। बदनामी के डर से पीड़िता ने पहले किसी को नहीं बताया, लेकिन दादी को शक होने पर पूछताछ के बाद उसने घटना बता दी। दादी की तहरीर पर कटघर पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की। कुछ दिनों की छानबीन के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर मेडिकल परीक्षण के बाद न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। घटना में इस्तेमाल हुआ मोबाइल फोन भी पुलिस ने बरामद कर लिया हैं।

### अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश को 15 तक करें आवेदन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बिलारी तहसील के पीपली में उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित अटल आवासीय विद्यालय में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6 में कुल 160 सीट तथा कक्षा 9 में कुल 66 सीटों पर आवेदन की पूर्व अंतिम तिथि 31 जनवरी को बढ़ाकर 15 फरवरी कर दिया गया है। सहायक श्रमायुक्त अजीत कुमार ने बताया कि संशोधित कार्यक्रम के अनुसार ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 15 फरवरी निर्धारित है। आवेदन पत्र के सत्यापन का कार्य 25 फरवरी, प्रवेश पत्र जारी करने की तिथि 26 से 28 फरवरी तक रखी गई है। प्रवेश परीक्षा 8 मार्च को होगी और परीक्षा का परिणाम 18 मार्च को घोषित किया जाएगा। काउंसलिंग एवं ऑनबोर्डिंग 20 से 29 मार्च के बीच होगी।

### लखनऊ में युवक की गर्दन कटने से मौत, मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बोले- चाइनीज मांझे से मौत हत्या के समान

# ऑनलाइन कंपनियों द्वारा लोगों तक पहुंच रहा चाइनीज मांझा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** लखनऊ में एक युवक की चाइनीज मांझे से गर्दन कटने के बाद मौत के मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐसी मौत के मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। जबकि चाइनीज मांझे को प्रदेश में पूरी तरह प्रतिबंधित करने के निर्देश दिए हैं। इस फैसले का रामपुरवासियों ने स्वागत किया है।

चाइनीज मांझे की चपेट में आकर लोग मर रहे हैं। बहुत से लोग घायल हो जाते हैं, चाइनीज मांझे से गला कटने पर दो बच्चों की मौत हो चुकी है। लखनऊ में चाइनीज मांझे की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत होने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चाइनीज मांझे की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। जिसका



ऑनलाइन बिक रहा मांझा।

दुकानदारों समेत रामपुरवासियों ने स्वागत किया है। दुकानदारों ने बताया कि उन्होंने तो चाइनीज मांझा ना बेचने का प्रण लिया है लेकिन ऑनलाइन चाइनीज मांझा गांव-गांव पहुंच रहा है।किला पूर्वी गेट स्थित मजार चुपशाह मियां के सामने स्थित पतंग कारोबारी राशिद मियां


मजार चुपशाह मियां स्थित राशिद मियां की दुकान से पतंगों की खरीदारी करते लोग।

- **रामपुर के दुकानदार व आमजन बोले सरकार का सही निर्णय**

ने बताया कि जिले भर के दुकानदार चाइनीज मांझा नहीं बेच रहे हैं। चाइनीज मांझे के कारण कारोबार चौपट हो रहा है।

सरकार को ऑनलाइन बिक्री पर रोक लगाना चाहिए। उन्होंने बताया कि 2016 में एक बच्चे अनस शमसी का गला कटने के कारण मौत हो गई थी। उसके बाद से दुकानदारों ने चाइनीज मांझे की बिक्री बंद कर दी थी। जिस कारण बरेली के मांझे की मांग घट गई है। चाइनीज मांझे में नायलॉन की डोर का इस्तेमाल होता है जो कि टूटती नहीं है और खिंचती जाती है। यह चाइनीज मांझे जैसी डोर जरी जरदोजी में भी इस्तेमाल होती है।

> चाइनीज मांझे की बिक्री पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध है, दुकानदारों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसमें ऑनलाइन माध्यम से अगर इसकी बिक्री हो रही है तो उच्च अधिकारियों से वार्ता कर पर कार्रवाई कराएंगे।
> – **विद्या सागर मिश्र**, पुलिस अधीक्षक रामपुर


चाइनीज मांझे से स्थानीय मांझे की बिक्री ठप हो गई है। गांव-गांव अमेजन के माध्यम से घरों पर चाइनीज मांझा पहुंच जाता है। सरकार ऑनलाइन के माध्यम से आने वाले मांझे पर तत्काल रोक लगानी चाहिए। – बाबू अली, दुकानदार खौद


दुकानदार चाइनीज मांझा पुलिस के खौफ के कारण नहीं बेच रहे हैं लेकिन पतंगबाज ऑनलाइन चाइनीज मांझा मंगा लेते हैं। पतंगबाजों के घर पर कोरियर के माध्यम से चाइनीज मांझा पहुंच जाता है। – आसिम खां, दुकानदार


चाइनीज मांझा सस्ता होता है और बहुत ज्यादा पतंगे काटता है। इस लालच में लोग उसी से पतंग उड़ाते हैं। सरकार को यदि चाइनीज मांझे पर रोक लगाना है तो ऑनलाइन आने वाले चाइनीज मांझे को बंद कराए। – **अमीर मियां**, पतंगबाज


चाइनीज मांझे पर प्रतिबंध लगाना ठीक है लेकिन, लोग दुकानों से नहीं बल्कि ऑनलाइन चाइनीज मांझा मंगाकर पतंगबाजी करते हैं। चाइनीज मांझा नायलोन से बनता है और टूटता नहीं नहीं है, इस पर सरकार रोक लगाए। – **मुस्तफा**, दौकपुरी टांडा

### बिलासपुर गेट पर 3 वर्षीय आमना की हुई थी मत

17 अगस्त 2021 को पिता के साथ बाइक पर जा रही तीन साल की बच्ची की गर्दन में चाइनीज मांझा फंस गया, जिससे उसकी मौत हो गई थी। शहर के मोहल्ला तीतर वाली पाखड़ निवासी शाहबाज खां शाम सात बजे वह पत्नी व तीन साल की बेटी आमना को लेकर बाइक से नानकार गांव अपनी ससुराल जा रहे थे। बिलासपुर गेट के निकट पेट्रोल पंप के पास अचानक आमना के गले में पतंग का मांझा उलझ गया। इससे उसकी गर्दन में गहरा घाव हो गया। खून बहने लगा। उसे दो निजी अस्पतालों में गए, लेकिन बच्ची की हालत देख उसे कहीं उपचार नहीं मिला और चाइनीज मांझे ने बच्ची की जान ले ली थी।

# सामूहिक विवाह योजना में फर्जीवाड़े की जांच को पहुंची निदेशालय की टीम

## समारोह में शामिल लाभार्थियों के दस्तावेज व अन्य बिंदुओं की कर रही जांच


जिला समाज कल्याण अधिकारी के कक्ष में दस्तावेजों की जांच करती टीम।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **निर्धारित संख्या से अधिक खर्च दिखाने के आरोपों पर समाज कल्याण मंत्री ने बैठाई जांच**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में फर्जीवाड़े और निर्धारित संख्या से अधिक खर्च दिखाए जाने के आरोपों पर समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने जांच बिठा दी थी। उनके द्वारा नामित समाज कल्याण निदेशालय से आई तीन सदस्यीय जांच टीम में शामिल संयुक्त निदेशक अरुण पांडेय, उपनिदेशक अमरजीत सिंह एवं उपनिदेशक अनामिका गुरुवार को समाज कल्याण विभाग के कार्यालय पहुंचीं। वहां पर जिला समाज कल्याण प्रभारी अधिकारी पंखुरी जैन मौजूद रहीं।

टीम ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत हुई 805 शादियों से संबंधित अभिलेखों का सत्यापन किया। इसके साथ ही लाभार्थियों से मुलाकात कर विवाह समारोह में शामिल करने की प्रक्रिया की जानकारी भी ली। प्रभारी जिला समाज कल्याण अधिकारी पंखुरी जैन ने बताया कि जिला स्तरीय प्रारंभिक जांच में 35 जोड़ों के मामलों में गड़बड़ी पाई गई है। इनमें से 9 जोड़ों की शादी वास्तव में विवाह मंडप में हुई ही नहीं थी। उन्होंने बताया कि अब निदेशालय स्तर पर विस्तृत जांच की जा रही है, जिसके बिंदु जिला स्तरीय जांच से अलग हैं। उन्होंने कहा कि जांच अभी जारी है और सभी तथ्यों की गहन पड़ताल के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### पीएम आवास प्लस सर्वे में बड़ा खुलासा, 45 हजार आवेदनों में 25 हजार से अधिक का डेटा गलत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) प्लस सर्वे योजना के अंतर्गत वर्ष 2025 में पीएम आवास के लिए कुल 45,006 लोगों ने आवेदन किया था। जांच के दौरान इनमें से 25,343 आवेदकों द्वारा उपलब्ध कराया गया डेटा गलत पाया गया है। जिसके चलते अब दोबारा सर्वे किया जाएगा। सर्वे की निगरानी जिला ग्राम्य अभिकरण के परियोजना निदेशक स्वयं करेंगे। गुरुवार को जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के परियोजना निदेशक श्वेतांक पांडेय ने बताया कि गलत पाए गए आवेदनों की दोबारा जांच के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और चेकर के माध्यम से पुन: सर्वे कराया जाएगा। जो प्रक्रिया का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि जिन लाभार्थियों के उत्तर गलत पाए गए हैं, उनका फिजिकल और डिजिटल दोनों स्तर पर सत्यापन किया जाएगा। जो डेटा गलत फीड हो गया उसे दोबारा सत्यापन कर फीड कराने की जिम्मेदारी खंड विकास अधिकारी को सौंपी गई है। उन्होंने बताया इसके लिए शासन से 8 फरवरी अंतिम तिथि निर्धारित है। पुन: सर्वे की प्रक्रिया में बीडीओ, एडीओ पंचायत, जेई आरआईएस, पंचायत सचिव एवं एडीओ समाज कल्याण को लगाया गया है। इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी वह स्वयं भी करेंगे।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार मां-बेटी की मौत

**बिजनौर, अमृत विचार :** बाइक-ट्रक की टक्कर में मां और तीन साल की बच्ची की मौत हो गई। जबकि दो घायल हो गए। शेरकोट मार्ग स्थित भारत पेट्रोल पंप के पास हुई। शेरकोट थाना क्षेत्र के गांव शहजादपुर निवासी विकास कुमार अपनी पत्नी मंजू (30 वर्ष), बेटी सृष्टि (3 वर्ष) और बेटे दिव्यांश (5 वर्ष) के साथ बाइक से अपनी ससुराल गांव ढक्का कर्मचंद जा रहे थे। जैसे ही वे भारत पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। मंजू और उनकी बेटी सृष्टि ट्रक के पहियों के नीचे आ गईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे में विकास कुमार और उनका पांच वर्षीय बेटा दिव्यांश गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही परिवार और गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर सीओ अभय कुमार पांडेय और कोतवाली प्रभारी मृदुल कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को जब्त कर लिया गया है और मामले की जांच जारी है।

# मुखिया से स्पष्ट रूप से पूछे जाएं परिजन से जुड़े प्रश्न


समीक्षा करतीं सीडीओ मृणाली अविनाश जोशी। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **पीएलएफएस व अनिगमित क्षेत्र सर्वेक्षण की सीडीओ ने की विस्तृत समीक्षा**

**अमृत विचार:** जिले में कराए जा रहे पीएलएफएस (आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण) एवं आशुष (अनिगमित सेक्टर के उद्यमों का सर्वेक्षण) की मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यालय में बैठक में समीक्षा की। सीडीओ ने बैठक में उपस्थित जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, अपर सांख्यिकी अधिकारी (पीएलएफएस), अपर सांख्यिकी अधिकारी (आशुष), पर्यवेक्षक एवं समस्त सर्वेक्षणकर्ताओं को निर्देश दिए कि सर्वेक्षण के दौरान सूचीकरण करते हुए परिवार या मुखिया से सही और स्पष्ट रूप से प्रश्न पूछे जाएं।

अर्थ एवं संख्याधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन-ट्रिलियन डॉलर बनाने के उद्देश्य से यह सर्वेक्षण कराए जा रहे हैं। दिसंबर 2025 तक नगरीय एवं ग्रामीण कुल 42 इकाइयों का सर्वेक्षण पूरा किया जा चुका है। जनवरी से दिसंबर 2026 तक 84 इकाइयों का सर्वेक्षण प्रस्तावित है। जिले में बेरोजगारी दर का आकलन किया जाएगा। सर्वेक्षण कार्य के लिए दो सर्वेक्षणकर्ता एवं एक पर्यवेक्षक उपलब्ध कराए गए हैं। जनवरी 2026 से जून 2026 तक 49 इकाइयों का सर्वेक्षण किया जाना है। प्राप्त आंकड़ों का उपयोग जनपद में अनिगमित क्षेत्र के उद्यमों के सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) के आकलन एवं जिला घरेलू उत्पाद (जीडीपी) तैयार करने में होगा।

# मानदेय न मिलने से परेशान महिला केयरटेकरों का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

कार्यालयसंवाददाता,मुरादाबाद



मांगों को लेकर प्रदर्शन करतीं केयर टेकर। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायतों में तैनात शौचालय केयरटेकर ने मानदेय व अन्य सुविधाएं न मिलने से परेशान होकर प्रदर्शन किया। सिविल लाइंस स्थित आंबेडकर पार्क में एकत्रित होने के बाद वह जुलूस निकाल कर डीएम कार्यालय पहुंचीं। प्रदर्शन कर जिला प्रशासन के अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

गुरुवार को मंडल व अन्य जिलों से आईं सामुदायिक शौचालयों पर कार्यरत केयरटेकर महिलाओं ने प्रदर्शन कर कहा कि उन्हें लंबे समय से मानदेय नहीं मिल रहा है। इसके अलावा साफ-सफाई की सामग्री भी नहीं दी जा रही है जिससे उन्हें परेशानी हो रही है। प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार के नेतृत्व में महिला केयर टेकरों ने डीएम कार्यालय तक जुलूस निकालकर नारेबाजी की। ज्ञापन में बताया कि सामुदायिक शौचालयों पर तैनात केयरटेकर महिलाएं बेहद कम मानदेय पर कार्य करते हुए प्रतिदिन शौचालयों की साफ-सफाई, देखरेख और आम जनता को स्वच्छता सुविधा उपलब्ध करा रही हैं। इसके बावजूद उन्हें कई-कई महीनों तक मानदेय नहीं मिल रहा है, जिससे उनके परिवारों के सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। नियमित सफाई के लिए आवश्यक सामग्री जैसे फिनाइल, हार्पिक, ब्लीचिंग पाउडर, लाई, पोछा व साबुन आदि समय से उपलब्ध नहीं कराए जाते हैं, जिससे स्वच्छता प्रभावित हो रही है। जिला प्रशासन के अधिकारी से मांग की गई कि लंबित मानदेय का शीघ्र भुगतान व साफ-सफाई की सामग्री उपलब्ध कराई जाए।

# पति ने दो युवकों से कराया सामूहिक दुष्कर्म

संवाददाता गजरौला

- **आरोपियों के साथ पत्नी को जबरन भेजा था**

**अमृत विचार :** बाइक सवार दो युवकों ने विवाहिता के साथ दुष्कर्म किया व उसे नग्न अवस्था में छोड़ कर फरार हो गए। होश आने पर पीड़िता अपने मायके पहुंची और परिजनों को जानकारी दी। परिजन युवती को लेकर थाने पहुंचे। पुलिस ने मामले में पीड़िता के भाई की तहरीर पर उसके पति समेत तीन युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता का पति बीते दिनों बाइक पर दो युवकों को साथ लेकर घर पहुंचा। उसने अपनी पत्नी को घर के बाहर बुलाया व रुपये लाने के लिए दोनों युवकों के साथ बाइक पर जाने की बात कही। पत्नी ने मना किया लेकिन बार-बार कहने पर विवाहिता दोनों युवकों के साथ बाइक पर बैठकर चली गई। रास्ते में विवाहिता को कुछ गलत होने का शक हुआ तो वह बाइक से कूद गई। आरोप है कि बाइक सवार दोनों युवकों ने भाग रही विवाहिता को पकड़ा व खेत में ले जाकर दुष्कर्म किया। इसके बाद दोनों युवक बेहोशी की हालत में उसे वहीं छोड़कर फरार हो गए। होश में आने पर विवाहिता अपने मायके पहुंची और घटना की जानकारी मायके वालों को दी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि मामले में गांव कसेरुआ निवासी फरजंद व फजरू के खिलाफ दुष्कर्म व विवाहिता के पति नौशाद के खिलाफ षड़यंत्र रचने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है।

# संदिग्ध हालत में विवाहिता की मौत, मायके पक्ष ने हत्या का आरोप लगाकर किया हंगामा

संवाददाता, सैदनगर

- **दो माह पहले हुई थी शादी, दंपती के बीच अक्सर होता था विवाद**

**अमृत विचार :** अजीमनगर थाना क्षेत्र में संदिग्ध हालत में विवाहिता का शव फंदे पर लटका मिला। दो माह पहले ही शादी हुई थी। सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने की बात कही है।


मृतका अंजलि।

घटना थाना क्षेत्र के इमरता गांव की है। गांव निवासी बलजीत सिंह का विवाह दो माह पहले थाना टांडा के बैजना गांव निवासी अंजलि के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही पति-पत्नी के बीच किसी न किसी बात को लेकर विवाद होता रहता था। गुरुवार की सुबह करीब 10 बजे अंजलि संदिग्ध हालत में कमरे के अंदर फांसी पर लटक गई। ससुराली उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंच गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मायके वालों को मिली तो कोहराम मच गया। कुछ देर में मायके वाले जिला अस्पताल पहुंच गए। दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। थाना अध्यक्ष कर्म सिंह पाल और चौकी इंचार्ज रजनीश कुमार पुलिस बल के साथ जिला अस्पताल पहुंच गए। मायके वालों से पुलिस ने पूछताछ कर मदद का भरोसा दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया। मायके वालों ने पति समेत अन्य ससुराल वालों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दे दी है। पुलिस ने विवाहिता के पति बलजीत सिंह को हिरासत में ले लिया है। थाना अध्यक्ष करम सिंह पाल ने बताया कि मायके वालों ने तहरीर दी है। मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।


परिजनों से बात करती पुलिस।

### सुबह कोहरे से गलन धूप से मिली कुछ राहत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गुरुवार की हल्का कोहरा छाया रहा। इससे गलन भी बढ़ गई। सुबह आठ बजे के बाद निकली धूप से लोगों को कुछ राहत मिली। दिन में हवा ने ठंड का अहसास कराया।

सुबह सड़कों पर कोहरे के कारण वाहन चालकों को धीमी गति से वाहन चलाने पड़े। जैसे-जैसे धूप तेज हुई, बाजारों और प्रमुख चौराहों पर चहल-पहल बढ़ी। मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को अधिकतम 21 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन में धूप निकलने के बावजूद ठंडी हवा ने तापमान का असर कम कर दिया। शाम ढलते ही एक बार फिर ठंड बढ़ने लगी और लोगों ने अलाव व गर्म पेय पदार्थों का सहारा लिया। अगले कुछ दिनों तक सुबह-शाम हल्का कोहरा और दिन में धूप के साथ ठंडी हवा चलने का अनुमान जताया है।

# विशेषज्ञों से घर बैठे परामर्श ले सकेंगे मरीज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **एआई आधारित टेलीमेडिसिन, टेली-आईसीयू और रिमोट केयर सेवाओं को लागू करने की तैयारी**
- **स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक आधुनिक बनाने का प्रयास, गंभीर मरीजों की दूर बैठे होगी निगरानी**

> जिले में एआई आधारित टेलीमेडिसिन, टेली-आईसीयू और रिमोट केयर सेवाओं को लागू करने की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि इससे मरीजों को समय पर विशेषज्ञ परामर्श मिलेगा और गंभीर मरीजों की बेहतर निगरानी संभव हो सकेगी। शासन से दिशा-निर्देश मिलने के बाद इस योजना को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा।
> – **डॉ. कुलदीप सिंह**, सीएमओ

**अमृत विचार :** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ, आधुनिक और प्रभावी बनाने के लिए बड़ा कदम जल्द उठेगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित टेलीमेडिसिन, टेली-आईसीयू व रिमोट केयर सेवाओं को धरातल पर उतारने की तैयारी है। जिससे मरीज घर बैठे विशेषज्ञ डॉक्टरों से ऑनलाइन परामर्श ले सकेंगे, वहीं गंभीर मरीजों की निगरानी बड़े मेडिकल संस्थानों के विशेषज्ञ डॉक्टर दूर बैठकर कर सकेंगे।

एआई आधारित टेलीमेडिसिन सुविधा के तहत जिले के मरीजों को इलाज के लिए बड़े शहरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से मरीजों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए विशेषज्ञ डॉक्टरों से जोड़ा जाएगा। इससे समय और खर्च दोनों की बचत होगी। टेली-आईसीयू सुविधा इस योजना का अहम हिस्सा होगी। इससे जिला अस्पताल या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भर्ती गंभीर मरीजों की निगरानी बड़े मेडिकल कॉलेजों और सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों के विशेषज्ञ डॉक्टर करेंगे। आईसीयू में भर्ती मरीजों के वाइटल पैरामीटर, जैसे हार्ट रेट, ब्लड प्रेशर, ऑक्सीजन लेवल और अन्य जरूरी आंकड़े रियल टाइम में विशेषज्ञों तक पहुंचेंगे। जरूरत पड़ने पर विशेषज्ञ तुरंत इलाज संबंधी दिशा-निर्देश भी दे सकेंगे। वहीं, रिमोट केयर सिस्टम के जरिए मरीजों की स्वास्थ्य रिपोर्ट, जांच परिणाम और अन्य मेडिकल डेटा डिजिटल माध्यम से सुरक्षित रूप से विशेषज्ञ डॉक्टरों तक भेजा जाएगा। एआई तकनीक की मदद से इन आंकड़ों का विश्लेषण कर बीमारी की गंभीरता और इलाज की दिशा तय करने में भी सहायता मिलेगी। इससे खासतौर पर ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों के मरीजों को बड़ा लाभ होगा। पिछले माह लखनऊ में हुई बैठक में विभाग को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जोड़ने को लेकर चर्चा हुई।

**कार्रवाई** | 52 करोड़ 95 लाख के वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष दिसंबर तक 47 करोड़ 12 लाख वसूले

# अवैध खनन पर सख्ती से बढ़ी राजस्व वसूली

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जिले में खनन करने वालों पर सख्ती से राजस्व बढ़ा है। शासन से मिले लक्ष्य के अनुरुप दिसंबर के लक्ष्य के सापेक्ष 127 प्रतिशत वसूली हुई है। जबकि वित्तीय वर्ष में दिसंबर तक पिछले वर्ष की तुलना में 2 गुना राजस्व अर्जित किया गया। इसके अलावा अवैध खनन व परिवहन में लिप्त लोगों पर कार्रवाई भी की जा रही है।

जिले में हो रहे अवैध खनन पर अब जिला प्रशासन सख्त है। इसके अलावा खनन से अर्जित होने वाले राजस्व वसूली में भी काफी प्रगति हुई है। जिले में शासन से खनन से होने वाली आय के लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए शासन ने 52 करोड़ 95 लाख रुपये का लक्ष्य दिया था। जिसकी तुलना में दिसंबर तक 47 करोड़ 12 लाख रुपये की वसूली हो चुकी है। जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में लगभग दोगुना है। इसके अलावा डीएम के निर्देश पर लगातार कार्रवाई भी की जा रही है।

डीएम के निर्देश व मार्गदर्शन में खान अधिकारी राघवेंद्र सिंह नियमित मॉनीटरिंग कर सरकार की मंशा के अनुरुप अवैध खनन रोक कर राजस्व बढ़ाने में जुटे हैं। विभाग की ओर से अवैध खनन परिवहन में इस वित्तीय वर्ष में अवैध खनन में 24 और अवैध खनिज परिवहन में 1372 कार्रवाई की जा चुकी है। जो पिछले सालों की अपेक्षा अधिक है। केवल दिसंबर में 4 करोड़ 19 लाख 80 हजार का राजस्व अर्जित किया गया है।

### दो प्राथमिकी और एक परिवाद दर्ज

डीएम अनुज सिंह ने बताया कि दो प्राथमिकी और एक परिवाद दर्ज कराया गया है। वित्तीय वर्ष में पिछले साल की तुलना में दोगुना राजस्व हासिल हुआ है। 31 मार्च तक लक्ष्य से अधिक का राजस्व अर्जित कर लिया जाएगा। अवैध खनन व खनिज का अवैध परिवहन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। हर चेक पोस्ट पर अधिकारी नामित किए गए हैं। गलत लोकेशन देने पर भी कार्रवाई की गई है।

### 24 घंटे में 15 वाहनों से 10 लाख का जुर्माना वसूला

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** संभागीय परिवहन विभाग द्वारा ओवरलोडिंग के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान के तहत 24 घंटे में बड़ी कार्रवाई की गई। आरटीओ प्रवर्तन की टीम ने अवैध खनन मिट्टी ले जा रहे 15 ट्रक व डंपरों को ओवरलोडिंग में पकड़ कर बंद कर दिया है। गुरुवार को एआरटीओ प्रवर्तन आनंद निर्मल ने बताया कि कार्रवाई के दौरान कुल 15 वाहनों से लगभग 10 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया। इनमें आठ डंपर और दो ट्रक को आरटीओ कार्यालय परिसर में बंद किया गया है। वहीं दिल्ली रोड पर चेकिंग के दौरान पकड़े गए दो वाहनों को मझोला थाने में निरुद्ध किया गया, जबकि तीन वाहनों को पाकबड़ा थाने में बंद कराया गया। आरटीओ प्रवर्तन अधिकारियों ने बताया कि ओवरलोडिंग से सड़क सुरक्षा के साथ-साथ सरकारी राजस्व को भी नुकसान पहुंचता है। अभियान आगे भी जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

न्यूज ब्रीफ

### वेलेंटाइन वीक में विवाह के योग, गूंजेगी शहनाई

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** वेलेंटाइन सप्ताह सात फरवरी से शुरू होकर 14 फरवरी तक चलेगा। इस बार वेलेंटाइन वीक में खास यह है कि इसमें शहनाइयां भी गूजेंगी। क्योंकि इस सप्ताह में विवाह के कई शुभ मुहूर्त हैं। फरवरी में विवाह के लिए विशेष शुभ योग बन रहे हैं। ज्योतिषाचार्य पंडित प्रेमपाल शर्मा ने बताया कि फरवरी में कुल 12 तिथियों पर विवाह के लिए श्रेष्ठ योग बन रहे हैं। इनमें 5, 6, 8, 10, 12, 14, 19, 20, 21, 24, 25 और 26 फरवरी शामिल हैं। खास यह है कि वेलेंटाइन वीक के दौरान ही 8, 10, 12 और 14 फरवरी को विवाह के शुभ मुहूर्त हैं। कई परिवारों ने तारीखें पहले ही तय कर ली हैं, जिससे इस सप्ताह में ही जीवनभर के रिश्ते की गांठ बंध सके। वैवाहिक मुहूर्त के चलते बाजार में रौनक बढ़ गई है। कपड़ा व्यापारी अमन गोयल का कहना है कि इस बार वेलेंटाइन वीक और विवाह सीजन एक साथ पड़ने से दोहरा फायदा है। युवा वर्ग जहां अपने सरप्राइज गिफ्ट की तैयारी कर रहा है वहीं परिवारों में शादियों की तैयारियों के लिए खरीदारी की जा रही है।

### एमडीए की बैठक आज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण बोर्ड की बैठक शुक्रवार को प्राधिकरण के कार्यालय सभागार में मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में होगी। इसमें शहर के विकास की योजनाओं, वित्तीय प्रस्तावों के साथ ही विभिन्न आवासीय व व्यवसायिक परियोजनाओं के संबंध में निर्णय लिया जाएगा। शिवालिक नगर और गोविंद पुरम आवासीय योजना इसमें प्रमुख है। इसके अलावा एमडीए भूमि अधिग्रहण आदि पर भी बैठक में आए प्रस्तावों पर मुहर लगेगी। बैठक में प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अनुभव सिंह सहित अन्य अधिकारी व बोर्ड के नामित सदस्य मौजूद रहेंगे।

### दिन में जल रहीं लाइटें

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शहर के कई इलाकों में दिन के समय भी स्ट्रीट लाइटें जल रही हैं। इससे बिजली की अनावश्यक खपत और सरकारी धन की बर्बादी हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऑटोमैटिक सेंसर और नियमित निगरानी न होने के कारण यह समस्या बनी हुई है। कई बार शिकायत करने के बावजूद समय पर सुधार नहीं किया जाता। नागरिकों ने नगर निगम से स्ट्रीट लाइटों की समयबद्ध निगरानी और खराब स्विच व सेंसर बदलने की मांग की है।

# एक दिन पहले चंद्रग्रहण, 4 मार्च को खेला जाएगा रंग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पूर्णिमा पर शाम को होगा चंद्रग्रहण सूतक के कारण देर रात किया जाएगा होलिका दहन

**अमृत विचार :** फाल्गुन शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर इस वर्ष होली से एक दिन पहले चंद्रग्रहण लगने जा रहा है। ज्योतिषाचार्य दीपक कृष्ण उपाध्याय के अनुसार 3 मार्च को चंद्रग्रहण अपराह्न 3:20 बजे शुरू होगा, जबकि चंद्रोदय शाम 5:59 बजे होगा। यह ग्रहण शाम 6:47 बजे समाप्त होगा। इस दौरान मंदिरों के कपाट बंद रहेंगे। ग्रहण के कारण धार्मिक कार्यों में सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

ज्योतिषाचार्य के अनुसार चंद्रग्रहण का सूतक नौ घंटे पूर्व ही लग जाता है। ऐसे में सूतक काल तीन मार्च को सुबह से प्रभावी रहेगा। सूतक काल में शुभ कार्य, पूजा-पाठ और मांगलिक कार्यक्रम वर्जित माने जाते हैं। इसी कारण होलिका दहन का समय भी देर रात निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि होलिका दहन 2 मार्च की रात 12:50 बजे से लेकर 2:02 बजे के बाद तक किया जाएगा। इस दौरान भद्रा का प्रभाव समाप्त होने के बाद ही होलिका दहन करना शास्त्रसम्मत होगा। चंद्रग्रहण और सूतक के चलते 3 मार्च को होली नहीं खेली जाएगी। रंगों की होली 4 मार्च को मनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि ग्रहण काल में गर्भवती महिलाओं और बच्चों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। ग्रहण समाप्त होने के बाद स्नान-दान कर पूजा स्थल की शुद्धि करना शुभ माना जाता है।

## बच्चों को भक्ति मार्ग पर चलने का संदेश

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** लाजपत नगर स्थित शिव मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन गुरुवार को कथा व्यास राधे राधे जी महाराज ने भक्त प्रहलाद और ध्रुव के चरित्र का प्रसंग सुनाकर लोगों को भावविभोर कर दिया। उन्होंने भक्त प्रहलाद के प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि अत्याचार, भय और विपरीत परिस्थितियों में भी यदि मन में ईश्वर के प्रति अटूट आस्था हो, तो भगवान स्वयं अपने भक्त की रक्षा करते हैं।

प्रहलाद की बाल भक्ति प्रेरणास्रोत है। वहीं, ध्रुव के चरित्र के माध्यम से उन्होंने बताया कि सच्ची लगन, तपस्या और धैर्य से व्यक्ति जीवन में उच्चतम लक्ष्य प्राप्त कर सकता है। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों और अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि यदि बाल्यावस्था से ही बच्चों को भक्ति, संस्कार का मार्ग दिखाया जाए तो समाज में नैतिकता स्थापित होगी।

## नर्सों ने मांगों के समर्थन में काली पट्टी बांध जताया विरोध

# कठिन परिस्थितियों में काम, फिर भी नहीं मिल रहा हक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



जिला अस्पताल में काली पट्टी बांधकर विरोध जतातीं नर्सिंग स्टाफ। ● अमृत विचार

- 6 फरवरी को दिल्ली के जंतर मंतर पर पहुंचने का किया आह्वान

**अमृत विचार :** ऑल इंडिया गवर्नमेंट नर्सेस फेडरेशन के आह्वान पर मांगों समान कार्य समान वेतन, पदोन्नति, लंबित भत्तों का भुगतान, आउटसोर्सिंग एवं संविदा प्रथा पर रोक, स्टाफ की कमी, 8वें वेतन आयोग में नर्सिंग से जुड़ी न्यायसंगत सिफारिशों के लिए काली पट्टी पहनकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। सभी एकस्वर में बोलीं कि कठिन परिस्थितियों में काम के बावजूद उन्हें उनका हक नहीं मिल रहा है।

पदाधिकारियों व अन्य नर्सों ने कहा कि नर्सिंग पेशा केवल नौकरी नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का सबसे मजबूत स्तंभ हैं। हम दिन रात कठिन परिस्थितियों मे मरीजों की सेवा करते हैं। फिर भी हमारा पेशा उपेक्षा, अन्याय, स्टाफ की कमी, आउटसोर्सिंग, संविदा शोषण और सम्मान की कमी से जूझ रहा है। इन गंभीर समस्याओं को लेकर लंबे वर्षों से ज्ञापन, वार्ता और शांतिपूर्ण संवाद होते रहे हैं। लेकिन अधिकांश मुद्दे आज भी लंबित हैं।

6 फरवरी को नई दिल्ली के जंतर मंतर पर पहुंचकर कर विरोध जताने का आह्वान किया। विरोध जताने वालों में राजकीय नर्सेस संघ जिला अस्पताल की जिलाध्यक्ष पूनम मेसी , जिला मंत्री प्रतिमा शर्मा , कोषाध्यक्ष सीमा भारती , उत्तर प्रदेश की संगठन मंत्री कामिनी सिंह , मंडल अध्यक्ष विलेम विक्टर, स्नेह ज्योति, माधुरी चौधरी, ऋचा, सपना पाल, सपना चौहान, निशात अंजुम, अंकिता गुप्ता, रेनू यादव, योजना चौहान, रितिका, आरती, नीलम, उमा प्रियंका, शालिनी, सरस्वती, पूजा आदि नर्सिंग ऑफिसर शामिल रहीं।

# अफसरों की कम उपस्थिति पर एमएलसी नाराज

## मुशायरा ग्राउंड में आयोजित श्री अन्न महोत्सव में गैरहाजिरी को लेकर बोले, मुख्यमंत्री से करेंगे शिकायत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



व्यंजनों के स्टॉल का निरीक्षण करते एमएलसी गोपाल अंजान व अन्य अधिकारी।

- कहा- उदासीनता से उद्देश्य से भटक जाते हैं कार्यक्रम, किसानों की संख्या भी कम रही
- मिलेट्स रेसिपी विकास व उपभोक्ता जागरुकता के विजेताओं को किया सम्मानित

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरुद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत कृषि विभाग की ओर से गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित मुशायरा ग्राउंड में मिलेट्स रेसिपी विकास एवं उपभोक्ता जागरुकता एवं प्रतिस्पर्धात्मक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य श्रीअन्न (मिलेट्स) से बने व्यंजनों को जनसामान्य के दैनिक आहार में शामिल करने तथा इसके पोषण लाभों का व्यापक प्रचार-प्रसार करना रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद गोपाल अंजान ने मुशायरा ग्राउंड में कृषि विभाग द्वारा आयोजित मिलेट्स प्रतिस्पर्धा प्रतियोगिता एवं श्री अन्न महोत्सव का उद्घाटन फीता काटकर किया। साथ ही स्टॉल का निरीक्षण भी किया। लेकिन मुख्य अतिथि आयोजन में प्रशासनिक अधिकारियों और किसानों की कम उपस्थिति पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि 10 फरवरी को मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें कार्यक्रम की वास्तविक स्थिति की जानकारीदेंगे। कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार मिलेट्स को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है, लेकिन स्थानीय स्तर पर अधिकारियों की उदासीनता से ऐसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम अपने उद्देश्य से भटक जाते हैं।

मुख्य अतिथि ने पर्यटन विभाग, होटल एवं रेस्टोरेंट एसोसिएशन, एफपीओ, स्कूल-कॉलेज की छात्राएं, आईसीडीएस एवं महिला समूहों द्वारा श्री अन्न से तैयार विभिन्न व्यंजनों के स्टॉल का निरीक्षण किया। उप निदेशक कृषि संतोष कुमार द्विवेदी ने अतिथियों का स्वागत कर मिलेट्स की उपयोगिता बताई। इस दौरान विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख मूंढापांडे डॉ. नवदीप यादव, विक्की ठाकुर के साथ संयुक्त कृषि निदेशक जीवन प्रकाश, अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला कृषि अधिकारी डॉ. राजेन्द्र पाल, भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ. योगेन्द्र कुमार, कृषि वैज्ञानिक, शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन चन्द्रहास कुमार ने किया।

### होटल वर्ग में कुंदन होटल प्रथम

मूल्यांकन समिति द्वारा विभिन्न श्रेणियों में आयोजित प्रतियोगिता के परिणाम सौंपे। जिसमें होटल वर्ग में कुंदन होटल प्रथम, नंदन होटल द्वितीय एवं ड्यूमोर तृतीय स्थान पर रहा। स्कूल-कॉलेज की छात्राओं, महिला समूहों एवं आईसीडीएस इकाइयों को भी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए। वहीं श्री अन्न पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले वीपीसीएल, एफपीओ मुरादाबाद को प्रथम पुरस्कार दिया गया। विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार की धनराशि में 2500, 2000 एवं 1500 रुपये निर्धारित की गई, जो उनके बैंक खातों में भेजी जाएगी।

# डबल डेकर इलेक्ट्रिक बसों के संचालन से पहले होगा रन ट्रायल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- वर्कशॉप में लगेंगे सात चार्जिंग सेक्टर, चालकों को मिलेगा प्रशिक्षण
- मुरादाबाद रोडवेज को मिली है चार डबल डेकर इलेक्ट्रिक बसें

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (रोडवेज) को 4 डबल डेकर इलेक्ट्रिक बसें मिल गई हैं। इन बसों में यात्रियों की सुविधा के लिए आधुनिक और बेहतर व्यवस्थाएं हैं। बसें पूरी तरह वातानुकूलित हैं। इनके संचालन से पहले रन ट्रायल किया जाएगा।

गुरुवार को मुरादाबाद क्षेत्रीय प्रबंधक रोडवेज अनुराग यादव ने बताया कि बसों के नियमित संचालन में अभी कुछ समय लगेगा। इसके लिए रोडवेज वर्कशॉप में चार्जिंग सेक्टर विकसित किए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम निदेशालय द्वारा बिजली विभाग को ट्रांसफार्मर लगाने के लिए पत्राचार किया गया है। हालांकि, वर्कशॉप तक बिजली की लाइन बिछाने का कार्य पूरा कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में वर्कशॉप में एक इलेक्ट्रिक बस बैटरी चार्ज करने वाला चार्जिंग सेक्टर सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। शेष चार्जिंग व्यवस्था के लिए स्विच मोबिलिटी कंपनी से परिवहन निदेशालय द्वारा संपर्क स्थापित किया गया है। क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि बसों का किराया परिवहन निदेशालय द्वारा ही निर्धारित किया जाएगा। इससे पहले यात्रियों की उपलब्धता और मार्गों की उपयोगिता को परखने के लिए लगभग एक सप्ताह का रन ट्रायल किया जाएगा। रन ट्रायल से पूर्व बस चालकों को स्विच मोबिलिटी कंपनी की ओर से विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। रन ट्रायल के दौरान मार्गों पर बिजली के तारों की ऊंचाई, पेड़ों की ऊंचाई तथा अंडरपास की स्थिति का भी निरीक्षण किया जाएगा। सभी मानकों की जांच के बाद ही बसों के संचालन के मार्ग अंतिम रूप से निर्धारित किए जाएंगे।

# मूंढापांडे बना ओवर ऑल चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



खेलकूद प्रतियोगिता के समापन पर मौजूद छात्र छात्राएं। ● अमृत विचार

- जनपद स्तरीय खेलकूद का समापन

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय जनपद स्तरीय बाल क्रीड़ा एवं खेलकूद प्रतियोगिता का गुरुवार को समापन हो गया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्राथमिक विद्यालय ढकेड़ा की छात्राओं ने गरबा एवं पंजाबी नृत्य, नगर किसरौल और कंपोजिट विद्यालय लदावली के विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समां बांधा।

दो दिवसीय प्रतियोगिता में 827 अंक प्राप्त कर मूंढापांडे विकासखंड ने ओवर ऑल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया, जबकि 588 अंक के साथ ठाकुरद्वारा उपविजेता रहा। व्यक्तिगत चैंपियनशिप में प्राथमिक बालक वर्ग में ठाकुरद्वारा और बालिका वर्ग में भगतपुर टांडा की खुशी विजेता रहीं। जूनियर स्तर पर बालक वर्ग में मूंढापांडे तथा डिलारी विजेता रहे। रिले रेस एवं हर्डल प्रतियोगिता में जूनियर हाई स्कूल सिरसवां गौड़ के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कबड्डी में प्राथमिक बालक वर्ग में विकासखंड मूंढापांडे के प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर नगली की टीम विजेता रही। जूनियर बालक वर्ग में भगतपुर टांडा के जूनियर हाई स्कूल ठिरियादान ने बाजी मारी।

विजेताओं को मुख्य अतिथि एडी बेसिक बुद्ध प्रिय सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार एवं वित्त एवं लेखाधिकारी राकेश चंद्र मौर्य ने मेडल व शील्ड देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि बुद्ध प्रिय सिंह ने विद्यार्थियों को खेलों को जीवन का अभिन्न अंग बनाते हुए खेल भावना के साथ खेलने का संदेश दिया।

आयोजन में शिक्षकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने आयोजन से जुड़े सभी शिक्षकों व कर्मचारियों की सराहना की। संचालन शिक्षक डॉ. हरनंदन प्रसाद ने किया। समारोह में जिला समन्वयक अखिलेश सागर, जिला व्यायाम शिक्षक गंगासरन सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नशामुक्ति अभियान चलाएगी सुभासपा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- बैठक में एकता और नशामुक्त मुरादाबाद का लिया संकल्प

**अमृत विचार:** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की बैठक गुरुवार को जिला कार्यालय परिसर में हुई। इसमें संगठन को और अधिक मज़बूत करने व आगामी राजनीतिक रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने 2027 के विधानसभा चुनाव में मुरादाबाद ग्रामीण क्षेत्र से जिलाध्यक्ष रवि चौधरी को विधायक बनाने का संकल्प लिया।

जिलाध्यक्ष रवि चौधरी ने जिले में नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि नशा युवाओं के लिए एक गंभीर चुनौती है। इसे रोकने के लिए जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। सभी ने संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता जताई गई। इस दौरान महानगर अध्यक्ष मो. दानिश कुरैशी, प्रमुख महासचिव गौरव कुमार, जिला सचिव मो. सलीम, संगठन मंत्री अमित चौधरी के अलावा अशोक सैनी, मुशाहिद हसन, दीपक सैनी, हैप्पी वाल्मीकि, मोहित ठाकुर, अभिषेक पाल, इरशाद चौधरी, मनोज सैनी, राहुल आदि मौजूद रहे।



बैठक को संबोधित करते जिला अध्यक्ष रवि चौधरी। ● अमृत विचार

न्यूज डायरी

### प्रश्नोत्तरी में अल्तमश प्रथम, अनामिका चौधरी को दूसरा स्थान



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** विल्सोनिया डिग्री कॉलेज में गुरुवार को तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ की ओर से तंबाकू निषेध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मैजिशियन अजय दिवाकर और उनके सहयोगियों ने जादू और अन्य तरीके से तंबाकू उत्पादों के सेवन से मानव जीवन पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों के प्रति जागरूक किया। इसके बाद प्रश्नोत्तरी हुई। सही उत्तर देने वालों को पुरस्कृत किया गया। प्रथम स्थान पर मोहम्मद अल्तमश, द्वितीय स्थान पर अनामिका चौधरी और तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से देव अरोरा व रेयान जमाल रहे। इस मौके पर महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ .आशीष संतराम, कॉलेज प्रशासन प्रमुख अविस रविश, प्राचार्या डॉ लाजमीत कौर, नोडल अधिकारी डॉ संजय अग्रवाल, डॉ सारिका खन्ना, डॉ अंकिता अग्रवाल, कॉलेज के मीडिया प्रभारी उमेश चन्द्र शर्मा आदि ने सहयोग किया।



### कुष्ठ रोग के लक्षण व इलाज की जानकारी दी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आरएसडी हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर तथा आरएसडी एकेडमी इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज के संयुक्त तत्वावधान में स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान के अंतर्गत गुरुवार को जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ . भास्कर अग्रवाल ने कुष्ठ रोग संबंधी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शरीर पर त्वचा की रंग से हल्के या गाढे रंग के दाग-धब्बे दिखाई देना कुष्ठ रोग का प्रमुख लक्षण है। उन्होंने कुष्ठ रोग के निवारण में प्रयोग किए जाने वाली दवाइयां एमडीटी के बारे में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से सभी को बताया। इस दौरान आरएसडी एकेडमी के अध्यक्ष डॉ विनोद कुमार, अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ . गौरव कुमार, वित्त निदेशक डॉ . अजय शर्मा, डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन डॉ . गरिमा शर्मा आदि की मौजूदगी रही।



### किसानों को दी बसंत कालीन गन्ना बुआई की जानकारी

**अगवानपुर, अमृत विचार :** दीवान शुगर मिल परिसर में गुरुवार को आगामी बसंत कालीन गन्ना बुआई के लिए किसानों के लिए चीनी मिल और गन्ना विभाग की ओर से किसान गोष्ठी हुई। किसानों को बताया गया कि 0118,15023, कोलख 14201, कोशा 18231, कोशा 19231, कोशा 13235 अधिक पैदावार देने वाली प्रजातियां हैं। इसके बीज का शोध करके फेयर्ड रो में चौड़ी गूल विधि द्वारा ट्राईकोडरमा द्वारा भूमि शोधित करके उचित मात्रा में खाद का प्रयोग करना चाहिए। किसानों को फरवरी में ही बुआई के लिए प्रेरित किया गया। गोष्ठी में किसानों के सवालों का जवाब विशेषज्ञों ने दिया। पैड़ी प्रबंधन और समिति में उपलब्ध कृषि यंत्रों एवं विभिन्न रसायनों की भी जानकारी दी गई। इस दौरान कृषि वैज्ञानिक डॉ . विकास मलिक, जेई गन्ना विकास निरीक्षक सिराज मलिक, सचिन सहकारी गन्ना विकास समिति खेत सिंह, मिल के महाप्रबंधक सुशील कुमार खोखर, महाप्रबंधक गन्ना राजपाल सिंह, उप महाप्रबंधक एनसी पंत आदि मौजूद रहे।

### डीआरएम से मिला अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का प्रतिनिधिमंडल



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा पंजीकृत का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को जिलाध्यक्ष डॉ . गौरव श्रीवास्तव एडवोकेट के नेतृत्व में मंडल रेल प्रबंधक विनीता श्रीवास्तव से उनके कार्यालय में मुलाकात की। उन्हें स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा भेंट कर कायस्थ समाज की ओर से अभिनंदन किया। डीआरएम ने महासभा के पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। उनसे महानगर के बारे में जानकारी कर रेलवे की ओर से मिल रही सुविधाओं का फीडबैक लिया। कहा कि रेलवे नागरिकों की बेहतर सेवा के लिए सदैव तत्पर है। वहीं महासभा के अध्यक्ष ने डीआरएम से कहा कि यह हमारे कायस्थ समाज का गौरव है कि वह यहां डीआरएम के पद पर तैनात हैं। उम्मीद है उनके कार्यकाल में नागरिकों को रेलवे की गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्राप्त होंगी। इस दौरान गिरिराज स्वरूप भटनागर, राजीव सक्सेना, शेखर भटनागर, दीपक शरण सक्सेना, निर्वेश भटनागर, आशीष सक्सेना, अरविंद कुमार श्रीवास्तव, नीतीश सिंह, अक्षय सक्सेना आदि मौजूद रहे।

चिंताजनक

## गाजियाबाद में बहनों की दर्दनाक मौत ने समाज को झकझोरा, अभिभावकों के लिए चेतावनी

# मोबाइल की दुनिया में खो रहे युवा, बढ़ी ऑनलाइन गेम्स की लत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- जिला अस्पताल में हर महीने औसतन 30 बच्चे पहुंच रहे

**अमृत विचार :** मोबाइल की छोटी-सी स्क्रीन आज बच्चों की पूरी दुनिया बनती जा रही है। रंग-बिरंगे गेम, आभासी जीत और नकली रिश्ते इन सबके बीच बच्चे धीरे-धीरे असल जिंदगी से कट रहे हैं। इंटरनेट गेम्स की लत अब सिर्फ शौक या समय बिताने का जरिया नहीं रही, बल्कि यह बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर खतरा बन रही है।

जिला अस्पताल की मानसिक रोग ओपीडी में हर महीने औसतन 30 बच्चे इंटरनेट गेम्स एडिक्शन की शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं। चिकित्सकों का कहना है कि इनमें कई बच्चे ऐसे हैं, जो पढ़ाई, परिवार और दोस्तों से लगभग कट चुके हैं। हाल ही में गाजियाबाद में सामने आई तीन बहनों की दर्दनाक मौत ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। यह घटना इस बात की भयावह चेतावनी है कि अगर समय रहते बच्चों की दुनिया को न समझा गया, तो परिणाम बेहद दर्दनाक हो सकते हैं।

जिला अस्पताल के मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिनव शेखर बताते हैं कि ओपीडी में आने वाले अधिकांश बच्चे मोबाइल या ऑनलाइन गेम्स में घंटों डूबे रहते हैं। खेलने से रोके जाने पर उनमें गुस्सा, चिड़चिड़ापन और हिंसक व्यवहार तक देखने को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन भी इसे गेमिंग डिसऑर्डर के रूप में मान्यता दे चुका है। इस स्थिति में व्यक्ति गेम पर नियंत्रण खो देता है और नुकसान होने के बावजूद उसे छोड़ नहीं पाता। कई बच्चे गेम की कहानी और आभासी किरदारों से भावनात्मक रूप से इतने जुड़ जाते हैं कि उन्हें वास्तविक जीवन नीरस और बोझिल लगने लगता है। माता-पिता की बात उन्हें टोकना लगती है, पढ़ाई दुश्मन लगने लगती है और अकेलापन उन्हें सुकून देने लगता है। उन्होंने बताया कि ओपीडी में आने वाले बच्चों में चिड़चिड़ापन, बेचैनी, बात-बात पर गुस्सा, दोस्तों से दूरी, अकेले रहने की आदत और पढ़ाई में लगातार गिरावट जैसे लक्षण आम हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि हर गेम खेलने वाला बच्चा खतरे में नहीं होता, लेकिन जब मोबाइल ही उसकी दुनिया बन जाए, तब खतरे की घंटी बजनी तय है।

### पहचानिए गेमिंग डिसऑर्डर के लक्षण

- मोबाइल या गेम में घंटों खोए रहना
- खेलने से मना करने पर गुस्सा या बेचैनी
- अकेले रहना पसंद करना
- पढ़ाई और दिनचर्या से दूरी
- परिवार और दोस्तों से कटाव
- आभासी दुनिया को असल जिंदगी से ज्यादा अहमियत देना

### अभिभावकों से अपील

बच्चों को मोबाइल देना आसान है, लेकिन उन्हें समय देना सबसे जरूरी है। अगर बच्चा अचानक चुप रहने लगे, गुस्सैल हो जाए या पढ़ाई से भागने लगे, तो इसे जिद नहीं मदद की पुकार समझें। साहिबाबाद की घटना एक चेतावनी है, जिसे अनसुना करना आने वाली पीढ़ी के लिए भारी पड़ सकता है। समय रहते बच्चों से संवाद करें, उनकी दुनिया समझें और जरूरत पड़ने पर विशेषज्ञ की मदद लेने में संकोच न करें।

### ऑनलाइन गेमिंग की रोकथाम को स्कूलों में कार्यशाला करने का लिया निर्णय

मुरादाबाद, अमृत विचार : टीनएजर्स बच्चों में बढ़ते मोबाइल उपयोग और ऑनलाइन गेमिंग की लत को लेकर यप परिवार की ओर से कांठ रोड स्थित एक होटल में बैठक हुई। इस दौरान सदस्यों ने ऑनलाइन गेमिंग के दुष्प्रभावों और इसके जानलेवा परिणामों पर गंभीर चिंता जताई। साथ ही गाजियाबाद में कोरियन ऑनलाइन गेम की लत के चलते तीन नाबालिग बहनों की सामूहिक आत्महत्या की घटना पर शोक व्यक्त किया गया। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए बच्चों को योग, ध्यान और सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने का संकल्प लिया। संस्थापक अध्यक्ष नेहा मेहरोत्रा ने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डाल रही है। इसकी रोकथाम के लिए साल भर स्कूलों में जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इस मौके पर संजना, प्रियंका, शालू, चांदनी, श्वेता, पूजा, अमृता, नीता, प्रीति, सोनिया, ऋतु आदि मौजूद रहीं।

## न्यूज ब्रीफ

### मनुष्य का शरीर पाप और पुण्य का रथ

**बिलारी , अमृत विचार :** नगर की स्टेशन रोड स्थित श्रीराम मैरिज हॉल में बाबा फुलसंदे वालों का दो दिवसीय सत्संग शुरू हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु सत्संग सुनने पहुंचे। सत्संग में बाबा फुलसंदे वाले ने कहा कि यह मनुष्य का शरीर पाप और पुण्य का रथ है , जिस पर ज्योति स्वरूप यह आत्मा सवार है। जिस मनुष्य ने धर्म को अपना सारथी बनाया वो ही भवसागर से पार हुआ। जन्म मरण से पार हुआ। सुखबीर सिंह, सुभाष अवस्थी, मुकेश भटनागर ,मंजू रानी, चौधरी ,भावेश कुमार सिंह ,पाला राम सिंह आदि रहे।



### किशोरी ले जाने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**कांठ, अमृत विचार :** थाना कांठ के एक गांव निवासी एक व्यक्ति की 16 वर्षीय बेटी को दूसरे समुदाय के थाना सिविल लाइन के अगवानपुर के मोहल्ला तारा बाल कुआं निवासी फुरकान अली कुछ दिन पूर्व बहला फुसलाकर ले गया। मोबाइल के माध्यम से थाना पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने मामला दो समुदायों का होने के कारण गंभीरता से लेते हुए रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# ट्रेंचिंग ग्राउंड निर्माण में धांधलेबाजी का आरोप, जेई ने रुकवाया कार्य

## लोगों ने की थी निर्माण कार्य की शिकायत, 32 लाख के काम में 15 का ठेका

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर पालिका द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों में एक के बाद एक भ्रष्टाचार के मामले सामने आ रहे हैं। ताजा मामला नगर के मोहल्ला जमनावाला में निर्माणाधीन ट्रेंचिंग ग्राउंड से जुड़ा है, जहां ठेकेदार द्वारा मानकों को दरकिनार कर घटिया किस्म की निर्माण सामग्री का उपयोग किए जाने का आरोप है। सूत्रों से ट्रेंचिंग ग्राउंड में निम्न स्तर की ईंट, मानक के विपरीत सरिया एवं अन्य सामग्री लगाए, जाने की सूचना मिलने पर संबंधित जेई ने मामले का संज्ञान लिया। मौके पर पहुंचकर उन्होंने निर्माण कार्य को तत्काल रुकवा दिया और जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

**32 लाख के काम में 15 लाख का ठेका, बाकी रकम पर सवाल :** मौके पर पहुंचे मीडिया कर्मियों द्वारा पूछताछ किए जाने पर मौजूद ठेकेदार ने स्वयं को पेटी कॉन्ट्रेक्टर बताते हुए कहा कि उसे यह पूरा कार्य मात्र 15 लाख रुपये में दिया गया है। जबकि सूत्रों के अनुसार उक्त ग्राउंड के निर्माण के लिए लगभग 39 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है, जिसमें करीब 7 लाख रुपये जीएसटी के शामिल बताए जा रहे हैं। यदि जीएसटी की राशि घटा भी दी जाए तो लगभग 32 लाख रुपये निर्माण कार्य के लिए शेष बचते हैं। ऐसे में बड़ा सवाल यह उठता है कि जब ठेकेदार को सिर्फ 15 लाख रुपये में काम दिया गया, तो बाकी 17 लाख रुपये आखिर किसकी जेब में गए।

**• लोगों ने अधिकारियों से की शिकायत तब हुई जांच**



टचिंग ग्राउंड में लग रही पीला ईंट। • अमृत विचार



ठाकुरद्वारा में टचिंग ग्राउंड लग रही घटिया निर्माण सामग्री।

### पहले भी सामने आ चुके हैं ऐसे मामले

बताया जा रहा है कि नगर पालिका में भ्रष्टाचार का यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी विकास कार्यों में अनियमितताओं के कई मामले उजागर हो चुके हैं। इसके बावजूद न तो कोई ठोस कार्रवाई होती दिख रही है और न ही जिम्मेदार अधिकारियों पर कोई असर पड़ रहा है। नगर में चर्चाएं हैं कि नगर पालिका में बड़े पैमाने पर घोटाले हो रहे हैं, लेकिन अब तक न तो किसी वरिष्ठ अधिकारी ने गंभीरता दिखाई और न ही सरकार के स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने कोई ठोस कदम उठाया। लोगों का कहना है कि यदि नगर पालिका अध्यक्ष के कार्यों की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तो कई बड़े घोटाले सामने आ सकते हैं। अब देखना यह है कि जांच के नाम पर यह मामला भी फाइलों में दबा दिया जाता है या वास्तव में दोषियों पर कोई सख्त कार्रवाई होती है।

## अचानक लिंटर गिरने से बच्चे समेत चार घायल

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर पंचायत ढकिया में गुरुवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। सुबह करीब 8:30 बजे एक मकान की छत का आधा लिंटर अचानक भरभराकर गिर पड़ा, जिससे घर में मौजूद एक बच्चे सहित चार लोग मलबे में दबकर घायल हो गए।

घटना के समय बच्चा कासिम कमरे में बेड पर सो रहा था, जबकि खालिद और दानिश पास ही बैठे हुए थे। वहीं नाजमीन घर के अंदर सामान ढूंढ रही थीं। अचानक छत का हिस्सा गिरते ही चारों मलबे की चपेट में आ गए। तेज आवाज के साथ हुए हादसे से घर और आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को मलबे से बाहर निकाला। दानिश, नाजमीन, खालिद और बच्चा कासिम को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। सूचना मिलने पर लेखपाल मनोज कुमार भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर जानकारी जुटाई। प्रशासन की ओर से मामले की जांच की जा रही है।

# एसआईआर के संबंध में एसडीएम से मिले विधायक



तहसील में उपस्थित क्षेत्रीय विधायक व सपा कार्यकर्ता। • अमृत विचार

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी कांठ के प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्रीय विधायक कमाल अख्तर के नेतृत्व में एसआईआर अभियान से जुड़ी समस्याओं को लेकर एसडीएम कांठ से मुलाकात की।

विधायक कांठ एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल उपजिलाधिकारी कांठ से मिला, जहां विधायक कांठ ने कमाल अख्तर ने एसआईआर की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए कहा कि भाजपा के दबाव में प्रशासन द्वारा लोकतंत्र की हत्या करने की कोशिश की जा रही है। जिन मतदाताओं की वोटर लिस्ट में मैपिंग पूरी तरह सही पाई जा चुकी है, उनके वोट फर्जी और सुनियोजित तरीके से फॉर्म-7 भरवाकर काटे जा रहे हैं। ये सीधे सीधे संविधान और चुनाव आयोग के नियमों का खुला उल्लंघन है। यहां सत्ता के संरक्षण में एक-एक व्यक्ति द्वारा 200-200 मतदाताओं पर सामूहिक आपत्तियां लगाकर गरीब, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक मतदाताओं के मताधिकार को छीनने की साजिश रची जा रही है। इस पर उपजिलाधिकारी संत दास पवार ने क्षेत्रीय विधायक कमाल अख्तर को आश्वस्त किया कि किसी भी मतदाता का वोट बिना नोटिस और नियमानुसार प्रक्रिया पूरी किए बिना नहीं काटा जाएगा और पूरी कार्रवाई पारदर्शी तरीके से की जाएगी।

**• भाजपा की मंशा पर सपा नेता ने खड़े किए कई सवाल**

# अवसाद में जहरीला पदार्थ खाकर युवती ने दी जान

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र ठाकुरद्वारा के गांव मानावाला में बुधवार को एक 20 वर्षीय युवती ने अज्ञात कारणों से जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत गंभीर होने पर परिजन उसे उपचार के लिए ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका की पहचान राखी पुत्री रामकुमार सिंह के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार जहरीला पदार्थ खाने के बाद राखी की तबीयत अचानक बिगड़ गई। घबराए परिजन उसे तत्काल ठाकुरद्वारा के एक निजी चिकित्सक के पास ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने हालत गंभीर देखते हुए उसे उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जनपद के जयपुर स्थित एक निजी अस्पताल रेफर कर दिया। वहां देर रात उपचार के दौरान राखी ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलने पर उत्तराखंड पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया और आवश्यक कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। युवती की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।



ठाकुरद्वारा के गांव मनावाला में रोते बिलखते परिजन।

**• आत्महत्या की वजह का नहीं चल सका पता**

## प्लॉट की चाहरदीवारी गिराने पर तीन के खिलाफ

**भोजपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने थाना भगतपुर के गांव लालपुर पुरोहित निवासी ग्रामीण की तहरीर पर महिला समेत तीन और अज्ञात लोगों के खिलाफ जेसीबी मशीन से प्लाट मकान व वाउण्ड्रीवाल गिराने एवं मकान में रखे सामान की चोरी करने के आरोप में लालपुर पुरोहित निवासी मुकदमा दर्ज किया है।

प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार को दी तहरीर में गांव रामपुर पुरोहित निवासी रामस्वरूप सिंह ने बताया है कि गांव मिलक बीजना में आवासीय प्लाट खरीदा जिसकी रजिस्ट्री संलग्न है। प्लाट में एक कमरा एवं वाउण्ड्रीवाल बना हुआ था। जिसे गब्बर व विट्टू निवासी गांव रफातपुर थाना कटघर और वीनू पत्नी मनोज कुमार निवासी गांव अल्लाहपुर थाना डिलारी व अज्ञात ने 26 जनवरी की रात को करीब 4 बजे जेसीबी मशीन से तोड़ कर तहस-नहस कर दिया।

# बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने को लगाए जाएंगे शिविर

कार्यालय संवाददाता मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिले के सभी विकास खंड मुख्यालयों पर भारतीय सुरक्षा दक्षता परिषद की ओर से एसआईएस इंडिया लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए शिविर लगाए जाएंगे। इसमें सुरक्षा सैनिक सुरक्षा सुपरवाइजर/सुरक्षा अधिकारी पद पर भर्ती की जाएगी।

सहायक निदेशक सेवायोजन रत्नेश चन्द्र ने बताया कि बेरोजगार युवकों को रोजगार से जोड़ने के लिए इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थी जिनकी योग्यता सुरक्षा जवान हेतु 10वीं पास, उम्र 19 से 40 वर्ष, लंबाई 168 सेंटीमीटर एवं सुपरवाईजर हेतु 12वीं पास उम्र 21 से 40 वर्ष, लंबाई 170 सेंटीमीटर, आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए 10वीं की मार्कशीट और आधार कार्ड की फोटो कॉपी के साथ उपस्थित होना है। चयनित अभ्यर्थियों को देहरादून ट्रेनिंग सेंटर में रिपोर्ट करना है। प्रशिक्षण के बाद 65 वर्ष की आयु तक स्थायी नियुक्ति सरकारी संस्थान गैर सरकारी संस्थान में दी जाती है। जहां नौकरी के दौरान 16000 से 25000 सेलरी, पीएफ, ग्रैच्युटी, ईएसआई, बीमा, पेंशन आदि की सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि विकास खंड बिलारी में 9 व 10 फरवरी को, 11 व 12 को भगतपुर टांडा में, 13 व 14 को मूंढापांडे, 16 व 17 को डिलारी , 18 व 19 को कुंदरकी, 20 व 21 को छजलैट, 23 व 24 को ठाकुरद्वारा और 25 व 26 फरवरी को मुरादाबाद में लगेगा। अधिक जानकारी के लिए कमांडेंट कार्यालय 9792450403 या 7905086105 पर संपर्क कर सकते हैं।

# यूजीसी के खिलाफ जुलूस निकाल सवर्ण समाज ने दिया ज्ञापन

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** यूजीसी कानून को वापस लेने के लिए सवर्ण समाज ने संयुक्त रूप से जुलूस निकाल कर जोरदार प्रदर्शन करते हुए एसडीएम को ज्ञापन दिया। सवर्ण समाज के सैकड़ों लोगों ने यूजीसी कानून को काला कानून बताते हुए वापस लेने की जोरदार मांग की।

सवर्ण समाज की समस्त जातियों के लोग विश्नोई मंदिर कांठ में एकत्रित हो गए। जहां बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि यूनिवर्सिटी ग्रांड कमीशन का बनाया गया काला कानून है। केंद्र सरकार ने सवर्ण समाज की पीठ में छुरा घोंपने का काम किया है। इस काले कानून से सामाजिक सौहार्द की भावना को ठेस पहुंचेगी एवं ऊंच नीच की भावना आएगी एवं समाज में विघटन होगा। इसका असर सवर्ण समाज पर बहुत बुरा पड़ेगा। इसके उपरांत सवर्ण समाज के लोग कांठ हरिद्वार हाईवे से स्टेशन रोड एवं थाना मार्ग से जुलूस के रूप में काले कानून के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए तहसील के प्रांगण में पहुंचे। सवर्ण समाज के लोगों ने इस संबंध में एक ज्ञापन एसडीएम कांठ संत दास पवार को दिया। सवर्ण समाज के लोगों में अनिल चौहान, सेवानिवृत्ति करनल बीके सिंह, आचार्य भावेश शर्मा, श्रीओम सिंह बिश्नोई, अशोक बिश्नोई, अशोक चौहान , मोनू बिश्नोई बजरंगी समेत कई लोग मौजूद रहे।



एसडीएम को ज्ञापन देते सवर्ण समाज के लोग। • अमृत विचार

**• प्रदर्शनकारियों ने ज्ञापन देकर यूजीसी वापस लेने की मांग**


**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें**

**मो. 7906815587**


**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2022 अनुक्रमांक 2225569910 का मूल प्रमाण पत्र सह अंक पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। काफी तलाशने पर अभी तक नहीं मिला। **आदित्य गौतम पुत्र श्री लाखन सिंह निवासी फैजुल्लागंज टांडा, रामपुर**

**सूचना**

मेरे पुत्र स्वर्गीय अरुण कुमार की पत्नी चंचल जो हमसे पृथक रहती है जिसके गलत चाल चलन व आचरण के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर परिवार सहित संबंध विच्छेद करते हैं। अपने बुरे कार्यों की वह स्वयं उत्तरदाई होगी। नौबहार सिंह पुत्र ठकरी सिंह व सर्वेश देवी पत्नी नौबहार सिंह निवासी मौ. फकीर गंज, थाना व तहसील- कांठ जिला, मुरादाबाद, उ.प्र.

**सूचना**

मेरी हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2006 अनुक्रमांक नंबर 0736073 वास्तव में खो गई है। नदीम आलम पुत्र अब्दुल सलाम गांव दुल्हापुर पटटी ठाकुरद्वारा मुरादाबाद

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र मौ. अली उर्फ अजूबा व पुत्रवधु महनाज को गलत संगत में पडने के चलते अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है । अब दोनो से मेरा कोई वास्ता नहीं है। सरवरी पत्नी लतीफ ग्राम राघुवाला (ठाकुरद्वारा) मुरादाबाद।


**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।


## घर में घुसकर छेड़छाड़ करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**कांठ, अमृत विचार :** कांठ नगर के एक मोहल्ला निवासी महिला ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 1 फरवरी को उसका भाई और भाई की पत्नी उसके घर आए थे।

तभी रंजिश के चलते सिरजू, फरीद, मुजाहिद निवासी नयागांव कांठ उसके भाई को देखते हुए महिला के घर पर आ गए। घर में घुसकर उसके भाई के साथ गाली गलौज की और बीजेपी का सपोर्टर बताया। आरोपियों ने एक पार्टी का सपोर्ट करने को कहा। इसके बाद महिला को बुरी नीयत से पकड़ लिया और दुष्कर्म का प्रयास किया। शिकायत करने पर गली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। महिला की तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# तहसीलदार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए वकीलों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** तहसीलदार के खिलाफ चल रहा वकीलों का प्रदर्शन गुरुवार को भी जारी रहा। उन्होंने तहसील में नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाला और अपनी मांग को दोबारा से दोहराया।

अधिवक्ता पिछले कई दिनों से तहसीलदार कोर्ट के न्यायिक कार्यों का बहिष्कार किए हुए हैं। अधिवक्ताओं का कहना है कि तहसीलदार का व्यवहार उनके प्रति ठीक नहीं है। जब तक उनका स्थानांतरण नहीं होगा, तब तक कार्य बहिष्कार और प्रदर्शन जारी रहेगा। गुरुवार को भी अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में तहसीलदार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी व प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में तहसील के कातिव और मुंशी भी शामिल रहे। इस अवसर पर नारेबाजी और प्रदर्शन के दौरान तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा, महासचिव दीपक विश्नोई, पूर्व उपाध्यक्ष व पूर्व महासचिव चौधरी चरन सिंह ढाका, भूप्रकाश सिंह, हरपाल सिंह, सलमान खान, बृजपाल सिंह, कमल विश्नोई, कपिल विश्नोई, अजय यादव, जीशान अलम, साजिद बारसी, मदनपाल सिंह, चंद्रपाल सिंह, यशवीर सिंह, मोहम्मद अय्यूब अहमद, हरपाल सिंह, वैभव विश्नोई,शुभम विश्नोई, नन्हें खां, नाजिम सैफी, चरन सिंह, मोहम्मद वकील अहमद, मोहम्मद नाजिम, शहजाद रफी, दीप विश्नोई,डॉ. विनीत नैन, संजीव कुमार विश्नोई, पुष्पेंद्र धामा, यशवीर सिंह, प्रदीप कुमार, जीनत परवीन, चरन सिंह देशवाल आदि अधिवक्ता रहे।



प्रदर्शन करते अधिवक्ता। • अमृत विचार

## ससुरालियों पर घर से निकालने का आरोप

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला अंसारियांन निवासी शबाना ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसके पति की 7 महीने पहले मृत्यु हो चुकी है। महिला ने आरोप लगाया कि उसे उसकी सास मुमताज, नंद सरताज जहां, देवर आफताब घर में रहने नहीं देते हैं। गाली गलौज और मारपीट करते हैं और घर से निकलने की धमकी देते हैं। महिला ने आरोप लगाया कि 3 फरवरी की शाम 4:00 बजे वह अपने घर पर थी तभी उसकी सास नंद और देवर उसके साथ गाली गलौज करने लगे, मना करने पर सभी ने मारपीट कर घायल कर दिया।

# मतदाताओं को जारी होंगे छह हजार से अधिक नोटिस

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने की दिशा में प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। क्षेत्र के कुल 6,250 मतदाताओं को लॉजिकल श्रेणी में चिन्हित किया गया है। इनमें ऐसे मतदाता शामिल हैं, जिनके नाम, पिता के नाम अथवा जन्मतिथि में त्रुटियां दर्ज पाई गई हैं।

एसडीएम प्रीति सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि चिन्हित किए गए सभी मतदाताओं को नोटिस जारी किए जाएंगे, ताकि वे अपने दस्तावेजों के आधार पर दर्ज त्रुटियों का संशोधन करा सकें। नोटिस तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और शीघ्र ही संबंधित मतदाताओं तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 11 फरवरी से बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) अपने-अपने क्षेत्रों में इन मामलों का निस्तारण शुरू करेंगे। बीएलओ को निर्देश दिए गए हैं कि 20 फरवरी तक सभी चिन्हित मतदाताओं की त्रुटियों का निस्तारण हर हाल में पूरा किया जाए।

# डिजिटल लिटरेसी विषय पर दिया गया प्रशिक्षण

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** विकास खंड ठाकुरद्वारा के सभागार में डिजिटल लिटरेसी विषय पर ग्राम प्रधानों, ग्राम पंचायत सदस्यों एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित एवं सही उपयोग के प्रति जनप्रतिनिधियों को जागरूक करना रहा।

प्रशिक्षण के दौरान फैकल्टी मैनेजर डॉ. नवनीत शेखर सिंह (डीपीआरसी सम्भल) ने डिजिटल वॉलेट, यूपीआई और नेट बैंकिंग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। मास्टर ट्रेनर सत्येन्द्र सिंह ने डिजिटल बैंकिंग, डिजिटल साक्षरता और व्हाट्सएप के सुरक्षित उपयोग पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बढ़ते साइबर फ्रॉड को देखते हुए ऑनलाइन भुगतान के समय क्यूआर कोड के सुरक्षित प्रयोग, पहले एक रुपये का ट्रांजेक्शन कर पुष्टि करने जैसी सावधानियों की जानकारी दी। व्हाट्सएप हैकिंग से बचाव के लिए बताया गया कि एप की सेटिंग में जाकर टू-स्टेप वेरिफिकेशन चालू करें और छह अंकों का पिन अवश्य दर्ज करें। इससे ओटीपी मिलने के बावजूद अकाउंट हैक नहीं हो पाएगा। यदि व्हाट्सएप हैक हो जाए तो उसे अनइंस्टॉल कर प्ले स्टोर से दोबारा इंस्टॉल कर मोबाइल नंबर डालकर ओटीपी दर्ज करें और पुनः टू-स्टेप वेरिफिकेशन चालू करें।



ठाकुरद्वारा ब्लॉक परिसर में डिजिटल लिटरेसी का प्रशिक्षण देते ट्रेनर।

**• सोशल मीडिया व साइबर फ्रॉड से बचाव की दी जानकारी**

## हरिद्वार से गंगाजल लेने के लिए जाएंगे कांवड़ यात्री

**कांठ, अमृत विचार:** नगर के प्रमुख कांवड़ बेड़ों ने हरिद्वार प्रस्थान की रूपरेखा तैयार करनी शुरू कर दी है। 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व परंपरा धार्मिक उल्लास के साथ शोभायात्रा निकालकर नगर के प्रसिद्ध मंदिरों में जलाभिषेक किया जाएगा। नगर के प्रमुख श्री तिलकधारी कांवड़ बेड़ा, शिव शक्ति कांवर बेड़ा, भंगड़ी कांवर बेड़ा, विश्नोई कांवड़ बेड़ा, त्रिशूलधारी, बम बटक, त्रिनेत्र, शिव डमरु कांवर बेड़ा और श्री संत शिरोमणि गुरु रविदास कांवर बेड़ा आदि ने उत्तराखंड की पवित्र नगरी हरिद्वार से गंगाजल लाने के लिए, तैयारी शुरू कर दी है।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद रामपुर

पत्रांक : 2592/1/HO'D' दिनांक : 04 फरवरी 2026

**निविदा सूचना द्वारा ई-टेण्डर**

नगर पालिका परिषद द्वारा विद्युत विभाग में टी.-1 की शर्तो के अधीन पालिका एवं अन्य शासकीय/अर्द्धशासकीय विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो/सप्लायरों से 15वां वित्त आयोग (बुनियादी अनुदान) के अन्तर्गत निकाय को प्राप्त/अवमुक्त धनराशि से एल.ई.डी. प्लेट की आपूर्ति हेतु दिनांक 06.02.2026 प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 25.02.2026 सायं 05:00 बजे तक ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। जो 26.02.2026 प्रातः 10:00 बजे खोली जायेगी। निविदा अभिलेख एवं शर्ते उत्तर प्रदेश ई-प्रोक्योरमेन्ट की वेबसाईट https://etender.up.nic.in से प्राप्त किये/देखे जा सकते है। विस्तृत सूचना नगर पालिका कार्यालय के विद्युत विभाग से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा दे सकता है। ई-निविदाओं में 2% धरोहर राशि अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, रामपुर के नाम बन्धक होगी जो RTGS/NEFT/Online Payment के माध्यम से ही नगर परिषद रामपुर के India Bank में खाता संख्या-7926114949 में जमा कराना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र मूल्य की धनराशि भी RTGS/NEFT/Online Payment के माध्यम जमा कराना आवश्यक है। बैंक का आई.एफ.एस.सी. कोड IDBIB000R070 है।

| Tender Reference | /NPP/ET/Rampur/2026 |
|---|---|
| Publish date and Time for E-Tender | 06.02.2026 10:00 A.M. |
| Start date of downloading E-Tender | 12.02.2026 10:00 A.M. |
| Last date and time for submission of E-Tender | 25.02.2026 05:00 P.M. |
| Date and time of opening E-Tender | 26.02.2026 10:00 A.M. |
| Place of opening E-Tender | Office NPP Rampur |
| E-Tender Security | 2% of estimate cost |
| E-Tender Document Processing | As per E-Tendre list |
| Financial bid opening After Evaluation of Technical Bids | |

अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, रामपुर

अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, रामपुर

**न्यूज ब्रीफ**

### बीएसए से मिले कबड्डी खिलाड़ी सुनील



**रामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सुनील यादव ने ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता कराने की पहल की है। गुरुवार को उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी से मुलाकात की। उन्हें बताया कि वह ग्रामीण इलाकों में शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के उद्देश्य से यह पहल कर रहे हैं। उनका कहना है कि पहले से ही वह ग्रामीण क्षेत्रों में नि:शुल्क पाठशालाएं संचालित कर रहे हैं। प्रत्येक रविवार को सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताओं का आयोजन करते हैं। ग्रामीण इलाकों में प्रतिभा की कमी नहीं है, उन्हें सही मंच और अवसर देने की जरूरत है।

### परीक्षा पर चर्चा में वैभव ने किया प्रदेश का प्रतिनिधत्व

**रामपुर, अमृत विचार :** सेंट पॉल्स स्कूल के प्रधानाचार्य मनोज पाठक ने बताया कि कक्षा 11 के छात्र वैभव प्रजापति ने परीक्षा पर चर्चा में पूरे उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का प्रसारण शुक्रवार को मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय द्वारा किया जाएगा। प्रधानाचार्य ने बताया कि कार्यक्रम का प्रसारण स्कूल के सभागार में किया जाएगा। पूरे उत्तर प्रदेश में केवल रामपुर से वैभव रस्तोगी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ परीक्षा पर चर्चा में शामिल हुए थे।

### शोषण का आरोप विधवा ने दी तहरीर

**बिलासपुर, अमृत विचार :** विधवा ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण किए जाने का आरोप लगाया। बाद में उसने कार्रवाई को लेकर पुलिस से गुहार लगाई है। मामला थाना खजुरिया क्षेत्र के एक गांव का है। पीड़िता के अनुसार उसके पति की मृत्यु पंद्रह वर्ष पहले हो चुकी है। पति के निधन के बाद उसी गांव में रहने वाली ननद के बेटे ने संबंध बनाए और वीडियो भी बना लिया। इसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लगातार उसका शोषण किया। इस दौरान तीन बार उसका गर्भपात भी कराया गया। जब उसने युवक पर शादी का दबाव डाला, तो वह टाल-मटोल करने लगा। अब उसे जान से मारने की धमकियां दे रहा है। इस संबंध में खजुरिया पुलिस और सीओ कार्यालय में भी प्रार्थना पत्र दिया है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इस पर थानाध्यक्ष पंकज पंत ने बताया कि जांच पूरी होने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### रंजिशन घर पर पथराव मामले में रिपोर्ट दर्ज

**मसवासी, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला चाऊपुरा में रंजिशन पिता-पुत्रों द्वारा घर में घुसकर पथराव के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। 24 जनवरी की दोपहर मोहम्मद कमर पुत्र अमीर अहमद घर पर था। इसी दौरान मौका पाकर पड़ोस का ही नबीजान पुत्र सल्लाह अनस पुत्र नवीजान उर्फ कलुआ गाली गलौज करते हुए घर में घुस आया और महिलाओं के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगे। हाथापाईमें मोहम्मद कमर की बेटी चोटिल हो गई थी। घटना सीसीटीवी कैमरे पर भी दर्ज है। पुलिस ने मोहम्मद कमर की तहरीर पर पिता पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि जांच में तथ्य सही पाए जाने पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## सींगनखेड़ा स्टेडियम में पिच तैयार, पवेलियन का प्रस्ताव भेजा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी ने बताया चार पिच हुईं तैयार

**अमृत विचार:** हॉकी के साथा अब क्रिकेट को भी पंख लगेंगे। सींगनखेड़ा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम के निकट 17 बीघे में क्रिकेट स्टेडियम में पवेलियन के लिए 2 करोड़ रुपये की लागत का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि चार पिच बनकर तैयार हो चुकी हैं।

सींगनखेड़ा में क्रिकेट स्टेडियम पर पर दो पिच मैच के लिए और दो पिच प्रैक्टिस के लिए तैयार की गई हैं। कुछ ही दिनों में क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए स्टेडियम खोल दिया जाएगा। रामपुर का यह पहला स्टेडियम होगा जहां केवल क्रिकेट ही खेली जाएगी। शहीदे आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम पर क्रिकेट के साथ, हॉकी फुटबॉल, कबड्डी होती है। महात्मा गांधी स्टेडियम पर भी क्रिकेट पिच बनी हुई है, लेकिन यहां पर हॉकी और फुटबॉल खेले जाते हैं। लेकिन सींगनखेड़ा क्रिकेट स्टेडियम पर केवल क्रिकेट मैच ही हुआ करेंगे। 17 बीघे का यह विशाल क्रिकेट स्टेडियम है। स्टेडियम के चारों ओर क्रिकेट प्रेमियों के बैठने के लिए पवेलियन बनवाए जाने को अधिकारियों ने दो करोड़ का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया है। प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि क्रिकेट स्टेडियम पर कोच तैनात किए जाएंगे जो युवाओं को क्रिकेट के गुर सिखाएंगे।

प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि जिले का पहला स्टेडियम है जहां केवल क्रिकेट मैच आयोजित होंगे। 17 बीघे रकबे में फैले स्टेडियम के चारों ओर 2 करोड़ की लागत से पवेलियन बनेगा। प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है।

### वर्षों से जर्जर अवस्था में थी शंकरपुर पटवाई मार्ग स्थित पुलिया

## 40 लाख से बनेगी पुलिया, 20 गांवों को मिलेगा फायदा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- आवागमन में दिक्कतों का सामना कर रहे थे ग्रामीण

**अमृत विचार :** लोक निर्माण विभाग की ओर से शंकरपुर पटवाई मार्ग पर स्थित पुलिया का निर्माण कार्य शुरू करा दिया है। करीब 40 लाख रुपये की लागत से बनने वाली इस पुलिया से क्षेत्र के लगभग 20 गांवों के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।

शंकरपुर पटवाई मार्ग स्थित पुलिया वर्षों से जर्जर अवस्था में थी। जिस कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। आएदिन हादसे होते रहते थे। रात के अंधेरे में तो पुलिया से गुजरना भी मुश्किल हो गया था। ऐसे में क्षेत्रीय लोगों ने विधायक आकाश सक्सेना से मिलकर पुलिया का निर्माण कराने की मांग की थी। जिसके बाद विधायक ने पुलिया

> शंकरपुर पटवाई मार्ग स्थित पुलिया जर्जर थी। जिस कारण आए दिन हादसे होते रहते थे। ऐसे में पुलिया का निर्माण होना अत्यंत आवश्यक था। शासन से मंजूरी मिलने के बाद लोक निर्माण विभाग ने पुलिया का निर्माण कार्य शुरू करा दिया है। पुलिया के निर्माण से क्षेत्र के विकास को भी गति मिलेगी, क्योंकि इससे गांवों का संपर्क मुख्य मार्गों से और अधिक मजबूत हो जाएगा।
>
> – **आकाश सक्सेना**, शहर विधायक

निर्माण का प्रस्ताव लोक निर्माण विभाग के माध्यम से शासन को भेज दिया था। शासन ने प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। जिसके बाद विभाग की ओर से पुलिया का निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया है। इसके तहत पुलिया के निर्माण के करीब 40 लाख रुपये की लागत आएगी।



पुलिया पर निर्माण कार्य जारी। ● अमृत विचार

लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता गौरव बताते हैं कि पुलिया का निर्माण होने में करीब तीन माह का समय लगेगा। उन्होंने बताया कि पुलिया का निर्माण तय मानकों के अनुसार कराया जा रहा है, ताकि यह लंबे समय तक टिकाऊ रहे। निर्माण पूरा होने के बाद शंकरपुर, पटवाई सहित आसपास के गांवों का संपर्क मार्ग मजबूत होगा और किसानों, छात्रों व व्यापारियों को राहत मिलेगी।

# नवाबों के समय से लग रही नुमाइश को दो साल से 'ग्रहण'

### नवाब हामिद अली खां ने 1899 में की शुरुआत, नवाब रजा अली खां ने दिया था बढ़ावा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** हर वर्ष मई-जून की छुट्टियों में रामपुर में लगने वाली नुमाइश आसपास के जिलों में काफी मशहूर थी, लेकिन पिछले दो साल से नुमाइश नहीं लग पाई है। लोगों का कहना है कि नवाबों की नुमाइश को दो साल से 'ग्रहण' लग गया है। नवाब हामिद अली खां ने कृषि, हस्तशिल्प और औद्योगिक उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए 1899 में पनवड़िया के निकट मैदान में नुमाइश की शुरुआत कराई थी। नुमाइश प्रसिद्ध होती गई, जिसके बाद नवाब रजा अली खां ने 1935 में नुमाइश ग्राउंड में बाकायदा पक्की दुकानों का निर्माण करा दिया।

वर्ष 2024 से रामपुर नुमाइश नहीं लगी है। कला संस्कृति, कृषि, हस्तशिल्प और औद्योगिक उत्पादों के कारोबार को बढ़ा देने के लिए रामपुर नुमाइश का आगाज नवाब हामिद अली खां ने कराया था। नुमाइश की प्रसिद्धि धीरे-धीरे बढ़ती गई। नुमाइश में मेरठ, मुरादाबाद, संभल, बरेली, भदोही, लखनऊ समेत उत्तराखंड से कारोबारी दुकानें सजाने लगे। मेरठ की कैंची, मुरादाबाद के पीतल के बर्तन और सजावटी सामान, संभल के सींग के उत्पाद, बरेली का मांझा, सुरमा, भदोही की कालीन, लखनऊ के चिकन के कुर्ते और सूट के अलावा खिलौनों, बिसातखाने और दरी चांदनियों के अलावा मिट्टी चीनी के बर्तनों की दुकानें सजती थीं। लोगों के मनोरंजन के लिए सर्कस, डांस पार्टी लगती थीं। जादूगर अपना जादू दिखाकर लोगों को दांतों तले उंगलियां दबाने को मजबूर कर देते थे। नुमाइश खत्म होने से पहले नवाब रजा अली खां नुमाइश में पहुंचते थे और दुकानदारों का बचा हुआ तमाम सामान खरीद लिया करते थे। नवाब खानदान की बहू और पूर्व सांसद बेगम नूरबानो ने बताया कि कोठी खासबाग में सामान से तोशाखाना (घरेलू सामान रखने का कमरा) भर जाता था। नुमाइश में चटकारे लेने के लिए मुरादाबादी दाल, चाट पकौड़ी, हलवा पराठा, कबाब-पराठों के स्टॉल लगते थे। नुमाइश शाम से सुबह तक चलती थी, इस दौरान नुमाइश के मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम होते थे। नुमाइश देखने के लिए लोग दूर-दराज से आते थे और खूब खरीदारी करते थे।




पनवड़िया स्थित रामपुर नुमाइश का मुख्य द्वार। ● अमृत विचार

- अलीगढ़, आगरा, मुरादाबाद लखनऊ, बरेली, उत्तरांचल से आते थे कारोबारी



रामपुर नुमाइश में नवाब रजा अली खां द्वारा बनवाई गईं दुकानें। ● अमृत विचार

### 2023 में आखिरी बार लगा रामपुर हाट

केंद्रीय अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने वर्ष 2023 में रामपुर नुमाइश का नाम बदलकर रामपुर हुनर हाट लगवाया था। जोकि, रामपुर नुमाइश के तर्ज पर लगी थी। मंच पर कुमार शानू, पुनीत इस्सर समेत तमाम फिल्मी सितारों ने अपनी प्रस्तुति दी थी। इसके बाद से नुमाइश मैदान सूना पड़ा है और दुकानें खंडहर होती जा रही हैं। रामपुर नुमाइश लगने से कुछ दिनों के लिए लोगों के रोजगार का इंतजाम हो सकता है।

### नुमाइश न लगने से कारोबार को लगा है झटका

रामपुर नुमाइश नहीं लगने से कारोबार को झटका लगा है। नुमाइश में रामपुर के जरी जरदोजी, कारचोब, रामपुरी चाकू, चीनी मिट्टी के बर्तन, पेचवर्क से बनीं साड़ियों और बेडशीट, मिर्च का हलवा, अदरक का हलवा, आम का अचार, ककरौंदे का अचार, करेले का अचार समेत तरह-तरह के मुरब्बों की दुकानें सजती थीं। इसमें स्थानीय कारोबारियों को अच्छा रोजगार मिलता था। मंच पर कार्यक्रम होने पर कलाकारों की जेब भी भर जाती थी। ऑल इंडिया मुशायरे में स्थानीय शायरों को अपना-अपना कलाम पेश करने का मौका मिलता था। लेकिन नुमाइश नहीं लगने रोजगार में कमी आई है।

## घर में घुसकर मारपीट मामले में दो पर रिपोर्ट दर्ज

**मिलक, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तिराह निवासी ममता देवी ने जेठ व जेठानी के खिलाफ कोतवाली में घर में घुसकर मारपीट करने की तहरीर दी है।

आरोप है कि जेठ लीलाधर और जेठानी गीता द्वारा उन्हें अपने ही मकान में ताला लगाने और जमीन जोतने से रोका जा रहा था। कुछ लोगों ने दोनों पक्षों में राजीनामा करा दिया। आरोप है कि समझौते में लीलाधर ने भविष्य में कोई बाधा न डालने का आश्वासन दिया था। इसके बावजूद मंगलवार को जब वह घर पहुंचकर ताला खोलने लगी तो दंपती ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर दोनों ने उसके साथ मारपीट कर दी। जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। चीख पुकार सुन बीच बचाव करने आई उनकी मां गंगा देवी के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। मारपीट में उन्हें भी चोटें आईं है, जब उन्होंने 112 पुलिस को फोन किया तो पुलिस के आने की सूचना पर दोनों वहा से फरार हो गए। पुलिस ने दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली।

## सीडीओ ने औद्योगिक इकाइयों में देखा उत्पादन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र ने गुरुवार को बिलासपुर तहसील क्षेत्र स्थित प्रमुख औद्योगिक इकाइयों में कच्चे माल का उत्पादन देखा। उन्होंने मुल्ला खेड़ा स्थित आरजे फ्रोजन फूड्स, टेमरा गांव स्थित गणेशा इकोस्फीयर स्पिनर्स लिमिटेड का निरीक्षण किया।

आरजे फ्रोजन फूड्स इकाई में फूड प्रोसेसिंग की उत्पादन प्रक्रिया, कोल्ड स्टोरेज व्यवस्था, पैकेजिंग प्रणाली एवं गुणवत्ता नियंत्रण मानकों का निरीक्षण कर समीक्षा की। वहीं गणेशा इकोस्फीयर स्पिनर्स लिमिटेड में कच्चे माल से तैयार उत्पाद तक की संपूर्ण स्पिनिंग प्रक्रिया, मशीनरी संचालन, श्रमिक सुरक्षा व्यवस्थाओं तथा बुनियादी सुविधाओं का अवलोकन किया। दोनों इकाइयों के प्रबंधन एवं श्रमिकों से संवाद के दौरान स्थानीय कृषि उपज के अधिकतम उपयोग, कौशल विकास, स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोड़ने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

कहा कि इस प्रकार की औद्योगिक इकाइयां जिले की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ-साथ किसानों एवं युवाओं के लिए नए अवसर सृजित कर रही हैं। उन्होंने इकाइयों के विस्तार, उत्पादन क्षमता वृद्धि तथा शासन की औद्योगिक प्रोत्साहन योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया। जिससे क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा मिले और अधिकाधिक लोगों को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराया जा सके। इस दौरान सहायक आयुक्त उद्योग निहारिका जैन व उद्यमी मित्र मलिक सलमान मौजूद रहे।



बिलासपुर में औद्योगिक इकाई का निरीक्षण करते सीडीओ। ● अमृत विचार

- इकाइयों के विस्तार, उत्पादन वृद्धि पर दिया विशेष जोर

## वकीलों का हल्लाबोल, तीन दिन नहीं करेंगे कार्य

संवाददाता टांडा

**अमृत विचार:** गुरुवार को वकीलों ने तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाते हुए बार एसोसिएशन ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि भ्रष्टाचार और निजी कर्मियों के हस्तक्षेप के विरोध में तीन दिनों तक न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे।

एसोसिएशन के अध्यक्ष सतपाल सिंह चौहान और महासचिव प्रथी सिंह सैनी के नेतृत्व में गुरुवार को बैठक हुई। इसमें अधिवक्ताओं ने तहसील कार्यालय में तैनात अधिकारियों बौर कर्मियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। आरोप है कि इन कार्यालयों में तैनात प्राइवेट कर्मी वादकारियों और अधिवक्ताओं का शोषण कर रहे हैं। वकीलों का कहना है कि दाखिल-खारिज, बैनामा और परवाने चढ़ाने जैसे कार्यों के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है। धारा 34, धारा 80, धारा 98, और धारा 76 से जुड़ी महत्वपूर्ण पत्रावलियां लंबे समय से लंबित पड़ी हैं, जिससे जनता परेशान है। अधिवक्ताओं के अनुसार, पूर्व में भी अधिकारियों को इन समस्याओं से अवगत कराया गया था उस समय भी आश्वासन मिला था, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। इसके विरोध में वकीलों ने निर्णय लिया है कि 6 फरवरी से 10 फरवरी तक अधिवक्ता पूरी तरह सांकेतिक रूप से न्यायिक कार्य नहीं करेंगे। इस दौरान तहसील के जयप्रकाश सैनी, प्रताप सिंह चौहान, अशोक कुमार,दिनेश चौहान, कुंवर संजय सिंह, जसपाल सिंह, अनूप सिंह, केपी सिंह, राजीव चौहान, धर्मेंद्र सिंह चौहान,तारिक हुसैन, समर सिंह, खुर्शीद अहमद, नाजिम, आलम हुसैन आदि उपस्थित रहे।




टांडा महसील में आयोजित बैठक में मौजूद बड़ी संख्या में वकील। ● अमृत विचार

- टांडा तहसील में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया

## डीएम ने किया राजस्व न्यायालयों का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** शासन के निर्देशानुसार डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने गुरुवार को अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संदीप कुमार वर्मा एवं नगर मजिस्ट्रेट सालिक राम के साथ कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कार्यालयों, पटलों एवं राजस्व न्यायालयों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने ऐतिहासिक महत्व की वस्तुओं को संरक्षण करने के निर्देश दिए।

डीएम ने सहायक महानिरीक्षक निबंधन, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी, शस्त्र अनुभाग, उपजिलाधिकारी न्यायालय, संयुक्त कार्यालय, अभिलेखागार, नगर मजिस्ट्रेट न्यायालय, खाद्य सुरक्षा कार्यालय, कलेक्ट्रेट लाइब्रेरी सहित अन्य कार्यालयों और पटलों का अवलोकन किया। निरीक्षण के समय एक वर्ष से अधिक अवधि से लंबित वादों की स्थिति की विशेष समीक्षा की गई। लंबित वादों को जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। कार्यालयों में साफ-सफाई की स्थिति, अग्निशमन यंत्रों एवं सिलेंडरों की उपलब्धता और एक्सपायरी अवधि की जानकारी प्राप्त ली। जिलाधिकारी ने रैंडम कुछ पत्रावलियों को मंगाकर उनमें की गई कार्यवाही, निस्तारण की अवधि एवं अभिलेखीय प्रविष्टियों की क्रॉस चेकिंग की। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा खाद्य अभिहित अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण करते हुए छापेमारी के दौरान लिए गए खाद्य नमूनों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि लंबित मामलों में लिए गए नमूनों के सापेक्ष सीजर की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण की जाए, ताकि मामलों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित हो सके।



कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कार्यालयों को निरीक्षण करते डीएम। ● अमृत विचार

- ऐतिहासिक महत्व की वस्तुओं को संरक्षण करने के निर्देश दिए

## नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोप

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** क्षेत्र में एक नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने की घटना सामने आई है। संगठन के पदाधिकारियों के साथ पहुंचे परिजनों ने पुलिस को तहरीर सौंप कार्रवाई की गुहार लगाई है।

गुरुवार शाम साढ़े सात बजे विश्व हिन्दू परिषद के नगराध्यक्ष प्रमोद दिवाकर के नेतृत्व में 14 वर्षीय नाबालिग किशोरी के स्वजन और कार्यकर्ता कोतवाली पहुंचे। पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया कि दूसरे संप्रदाय के एक युवक ने पुत्री को बुरी नियत से दबोच लिया और दुष्कर्म का प्रयास किया। किशोरी के शोर मचाने पर ग्रामीण पहुंच गए। उन्हें देखकर युवक जान से मारने की धमकी देते हुए घटनास्थल से फरार हो गया। बाद में जब उन्होंने इसकी शिकायत युवक के परिजन से की तो वह उनसे झगड़ा करने लगे। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वसन देते हुए आक्रोशित परिजनों को शांत किया। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि आरोपी युवक अब्दुल्ला के खिलाफ तहरीर प्राप्त हुई है। प्राथमिकी दर्ज की जा रही है तथा जांच उपरांत अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। शिकायत करने वालों में विजय कोहली, अंकुश देवल, अंश कुमार समेत आदि रहे।

### छेड़छाड़ में 4 पर केस

**सैफनी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया था कि एक माह पूर्व उसकी नाबालिग पुत्री मोहल्ले के सरकारी नल पर पानी भरने गई थी तभी बच्चों-बच्चों में विवाद हो गया था जिसे गांव के लोगों ने निपटा दिया था। आरोप है कि उसके बाद भी दूसरे पक्ष ने फैसला नहीं माना तो पुलिस ने दोनों ओर से शांति भंग में चालान कर दिया था। उसी रंजिश के चलते आरोपियों ने 29 जनवरी को उसके घर में घुसकर उससे व पुत्री से अश्लील हरकतें की मारपीट की। पुलिस ने पीतांबर, रामपाल, राकेश,आकाश सहित चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## मनरेगा को धीरे-धीरे खत्म कर रही भाजपा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** ब्लॉक सैदनगर के लालपुर में मनरेगा बचाव संग्राम के तहत गुरुवार को कांग्रेस की महापंचायत हुई। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष निक्कू पंडित ने कहा कि भाजपा सरकार मनरेगा को धीरे-धीरे खत्म करना चाहती है। सरकार जान बूझकर बजट में कटौती कर रही है। भुगतान में देरी कर रही है।

उन्होंने कहा कि गरीब मजदूर हतोत्साहित होकर काम छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं। यह एक सुनियोजित साजिश है, ताकि मनरेगा अपने आप दम तोड़ दे। महापंचायत में कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि मनरेगा को कमजोर करने का सीधा मतलब गांवों से रोजगार छीनना है।

जब काम नहीं मिलेगा तो बेरोजगारी बढ़ेगी, पलायन बढ़ेगा और फिर गरीबों का शोषण किया जाएगा। मनरेगा कोई दया योजना नहीं, बल्कि कानूनन अधिकार है। इसे कमजोर करना संविधान प्रदत्त अधिकारों पर सीधा हमला है, जिसे कांग्रेस किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगी। कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस के मंडल अध्यक्ष मोहम्मद जकी के नेतृत्व में हुआ। महापंचायत में "साहिर रजा खां, नोमान मुमताज खां, शकील मंसूरी, आरिफ अल्वी, जावेद अंसारी, यासिर शाह खां, शिशुपाल, पूरन लाल, फिरासत अली, वारिस प्रधान, कलुआ, आसिफ खां, अली हसन मुशाहिद आदि मौजूद रहे।




कांग्रेस की महापंचायत में बोलते जिलाध्यक्ष निक्कू पंडित। ● अमृत विचार

- ब्लॉक सैदनगर के लालपुर में कांग्रेसियों की महापंचायत में बोले जिलाध्यक्ष निक्कू पंडित

# नारा लगाना काफी नहीं, संस्कृति से जुड़े युवा

## मिलक क्षेत्र के रास डांडिया में आयोजित हिंदू सम्मेलन में बोलीं साध्वी सरस्वती

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** गुरुवार को क्षेत्र के ग्राम रास डांडिया प्रांगण में गुरुवार को हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि साध्वी सरस्वती ने कहा कि हिंदू जागरण के लिए केवल नारा लगाना ही काफी नहीं, जीवन में पंच सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी आचरण और नागरिक कर्तव्य को जीवन में उतारना सर्वोपरि है।

छिंदवाड़ा मध्य प्रदेश निवासी साध्वी सरस्वती ने कहा कि हिंदू जागरण के लिए हमें अपने जीवन में पंच परिवर्तन सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी आचरण और नागरिक कर्तव्य को उतारना होगा। उन्होंने युवाओं से अपनी संस्कृति और जड़ों से जुड़े रहने का आह्वान किया। वहीं कार्यक्रम में विशेष वक्ता मेरठ प्रांत प्रचार प्रमुख सुरेंद्र ने संघ शताब्दी वर्ष 100 वर्ष पर प्रकाश डाला।



सम्मेलन में बोलतीं मुख्य अतिथि साध्वी सरस्वती।

- कहा- समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी व कर्तव्य जीवन में उतारना सर्वोपरि

उन्होंने कहा कि संघ की एक सदी की यात्रा ने भारत को विश्व पटल पर सशक्त बनाया है। हिंदू शुद्धि सभा के अध्यक्ष स्वामी सच्चिदानंद जी ने भी धर्म रक्षा पर अपने विचार रखे। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां वैचारिक सत्र के बीच-बीच में देशभक्ति और धर्म पर आधारित भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। बच्चों और कलाकारों द्वारा प्रस्तुत झांकियों और नृत्यों ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। प्रमुख उपस्थिति कार्यक्रम में जिला प्रचारक आरएसएस प्रमोद मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उनकी गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन जिला बौद्धिक शिक्षण प्रमुख रवि शर्मा द्वारा किया गया। इस दौरान हजारों लोग पंडाल में मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान पंडाल जय श्री राम के उद्घोष से गूंज उठा।



रास डांडिया में आयोजित हिंदू सम्मेलन में मौजूद लोग। • अमृत विचार

## हिंदू सम्मेलन सफल बनाने को कार्यकर्ताओं ने बांटे पत्रक

**बिलासपुर, अमृत विचार:** 6 फरवरी को आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ता पूरी तरह से जुटे हुए हैं। इसके लिए जनसंपर्क कर लोगों को पत्रक वितरित कर सम्मेलन को सफल बनाने का आह्वान किया।

हिंदू संगठनों से जुड़े मनोज राही, विनय अग्रवाल, गर्व सिंह, समर्थ अग्रवाल और संजीव जैन मोहल्ला साहूकारा में संपर्क कर और पत्रक वितरित किए। कार्यकर्ताओं ने बताया कि यह सम्मेलन हिंदू जागरण को नई ऊर्जा और चेतना प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। आयोजन समिति की अध्यक्ष निवेदिता मित्तल ने जानकारी दी कि कार्यक्रम शुक्रवार को मोहल्ला नगर की शिवबाग मंडी में सुबह 11 बजे से शुरू होगा। जिसमें कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम मुख्य अतिथि होंगे, जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र प्रचारक प्रमुख जगदीश कुमार मुख्य वक्ता के रूप में सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

# दहेज में 20 लाख नहीं देने पर विवाहिता को निकाला

संवाददाता, मसवासी

- ससुरालियों पर बच्चे को छीनने और मंगलसूत्र खींचने का आरोप

**अमृत विचार :** दहेज के साथ 20 लाख का प्लॉट न देने पर विवाहिता के गले से मंगलसूत्र खींच लिया और उसके बेटे को भी छीन कर धक्के देकर बाहर निकाल दिया। ससुरालियों ने जेवरात भी अपने पास रख लिए। मामले में पति सास ओर ननद के खिलाफ स्वार कोतवाली में दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

मसवासी के मोहल्ला वार्ड नंबर 12 निवासी गरिमा शर्मा की शादी 5 अगस्त 2022 को संजीत शर्मा पुत्र रामवृक्ष गौतमबुद्धनगर के साथ हुई थी। करीब 15 लख रुपये खर्च हुए। मायके पक्ष का आरोप है कि ससुराल वाले शादी से खुश नहीं थे और दहेज के लिए प्रताड़ित करते रहे।

अधिक सामान लाने के लिए तानाकशी करते और प्लाट खरीदने के लिए 20 लाख रुपये की मांग करते थे। मांग पूरी न करने पर ससुरालियों ने आठ लाख के जेवर उतरवाकर रख लिए। बेटे दिव्यांश के जन्म के बाद भी उनका व्यवहार नहीं बदला। मारपीट व दुर्व्यवहार जारी रहा। आरोप है कि पति सॉफ्टवेयर इंजीनियर है जिसके कई महिलाओं के साथ अनैतिक संबंध है। जिसके सबूत संजीत के लैपटॉप में तस्वीर और चैटिंग के रूप में मौजूद हैं। जिसकी शिकायत करने पर सास ने यह कहकर टाल दिया कि जब तक प्लाट के लिए 20 लाख रुपये नहीं आ जाते तब तक ऐसा ही चलता रहेगा। 27 दिसंबर 2025 को दिव्यांश को छीनकर रख लिया और मारपीट कर घर से निकाल दिया।

पुलिस ने पति संजीत प्रसाद, सास, रेणु देवी, नंद प्रीति कुमारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# मतदाता सूची में गड़बड़ी का आरोप सपा कार्यकर्ताओं ने जताया विरोध

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** मतदाता सूची में कथित गड़बड़ी को लेकर सपा कार्यकर्ताओं ने विरोध जताया। आरोप लगाया कि तहसील क्षेत्र के केमरी में बड़ी संख्या में ऐसे मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए गए हैं, जो कि जीवित हैं। उन्होंने तहसीलदार को ज्ञापन देकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

गुरुवार को सपा नेता अमरजीत सिंह ढिल्लो के नेतृत्व में कार्यकर्ता तहसील पहुंचे। एसडीएम अरुण कुमार के न मिलने पर तहसीलदार शिव कुमार शर्मा को ज्ञापन सौंपा। 22 जीवित मतदाताओं के प्रमाण प्रस्तुत किए गए, जिनके नाम मृत या अनुपस्थित बताकर मतदाता सूची से हटा दिए जाने का दावा किया गया है। बताया कि केमरी में सुनियोजित तरीके से मतदाताओं के नाम काटे गए हैं। जो कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया से खिलवाड़ है। प्रकरण की गहन जांच कराई जाए और जिन अधिकारियों या कर्मचारियों की लापरवाही या साजिश सामने आए, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएं। इस मौके पर सलीम अहमद, शिवकुमार गुप्ता, शफीक अहमद, अमान खां, समीर अहमद, शाबान अख्तर आदि मौजूद रहे। तहसीलदार ने आश्वासन दिया, कि प्राप्त शिकायत और दस्तावेजों की जांच कराई जाएगी और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



तहसीलदार शिवकुमार शर्मा को ज्ञापन देते सपा कार्यकर्ता। • अमृत विचार

- केमरी में बड़ी संख्या में जीवित वोटरों के नाम लिस्ट से हटाने का आरोप

## युवक को पीटा तीन पर रिपोर्ट दर्ज

**बिलासपुर, अमृत विचार :** गांव खेमपुर निवासी निशांत ने मुबारकपुर गांव निवासी बादल मोहल्ला सिंह कॉलोनी निवासी जस्सी और शरद के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि कुछ दिनों पूर्व मुख्य आरोपी बादल ने गांव के रास्ते पर उसे बाइक से टक्कर मार दी थी। तब उसकी कहासुनी हो गई थी। इसके बाद रंजिश रखने लगा था। 25 जनवरी की दोपहर वह नगर स्थित आंबेडकर पार्क में आया हुआ था। वहां बादल सहित तीनों आरोपी धारदार हथियार लेकर आ धमके और उसे घायल करके भाग गए। हमले से उसके सिर में गहरी चोट आई थी और वह बेहोश हो गया था। पुलिस ने मेडिकल कराया था। उपचार के बाद गुरुवार को उसने कोतवाली में तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि तीनों के खिलाफ बीएनएस और एससी-एसटी एक्ट सहित 7 धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

# सुबह कोहरे ने किया परेशान, दोपहर बाद निकला सूरज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** गुरुवार की सुबह कोहरे में वाहनों की रफ्तार को ब्रेक लग गए लेकिन, दोपहर में सूरज निकलने पर वाहनों ने फर्राटा भरा। धूप में तपिश नहीं थी। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी से पारा लुढ़क गया और गलन बढ़ गई। सड़कों पर कोहरा होने के कारण वाहन चालक फॉग लाइटें जलाकर गुजरते रहे। सुबह से दोपहर तक कोहरा छाया रहा। सड़कों पर कोहरा होने के कारण सड़कों पर वाहन लाइटें जलाकर रेंगते रहे। दोपहर में सूरज निकला लेकिन, धूप में तपिश नहीं थी। लेकिन सर्दी से बचने के लिए लोगों ने जाड़ों की गुनगुनी धूप का मजा लिया। सुबह कोहरे के बीच किला गेट और शहर की जामा मस्जिद के पास मजदूरों की मंडी लगी। काम की तलाश में राज और मजदूर कोहरे में सुबह से आकर खड़े हो जाते हैं। जिन लोगों को मजदूरों और मकान बनवाने के लिए राजमिस्त्री की जरूरत होती है यहां मजदूर ले जाते हैं। शाम ढले लोगों की बाजारों में भी आवाजाही कम रही।



गुरुवार की सुबह घने कोहरे में गुजरते वाहन। • अमृत विचार

### हाल-ए-मौसम

अधिकतम तापमान- 14 डिग्री से.
न्यूनतम तापमान- 10 डिग्री से.
आर्द्रता- 70 प्रतिशत
वायु वेग- 11 किमी. प्रतिघंटा

# मदरसा बोर्ड की परीक्षा में बैठेंगे 629 अभ्यर्थी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- मुंशी मौलवी के 446 और आलिम के लिए 163 हुए हैं आवेदन

**अमृत विचार :** मदरसा बोर्ड की परीक्षा 9 फरवरी से मदरसा बोर्ड परीक्षा 2 केंद्रों पर होगी। नकलविहीन परीक्षा कराए जाने के लिए सीसीटीवी कैमरे परीक्षा केंद्रों पर लगवाए गए हैं। श्री हरि इंटर कॉलेज रामपुर व जवाहर इंटर कॉलेज स्वार में परीक्षा होगी।

मदरसा बोर्ड परीक्षा के लिए 629 छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया है। परीक्षा के दौरान दो फ्लाइंग स्क्वॉड तैनात रहेंगे। नकलविहीन परीक्षा कराए जाने के लिए परीक्षा केंद्रों पर पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। परीक्षा केंद्रों पर सीसी कैमरों की निगरानी मुंशी मौलवी और आलिम की परीक्षा होगी। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी गौरव खड़ायत ने बताया कि मदरसा बोर्ड परीक्षा के लिए 629 छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया है।

जिसमें मुंशी-मौलवी के 466 और आलिम के 163 परीक्षार्थी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्रों के परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था कराई गई है। इसके अलावा परीक्षा के दौरान उड़नदस्ते छापेमारी करेंगे। कहा कि परीक्षा पूरी तरह नकलविहीन कराई जाएगी। मदरसा प्रधानाचार्यों की ओर से छात्र-छात्राओं के आवेदन पत्र मदरसा पोर्टल पर लॉक हो चुके हैं।

## बाबा बदरुद्दीन की दरगाह पर उर्स शुरू

**बिलासपुर, अमृत विचार:** हजरत बाबा बदरुद्दीन की दरगाह पर पूरे अदब व अहतराम के साथ तीन दिनी सालाना उर्स शुरू हुआ। इसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने हाजिरी देकर शहर व मुल्क के लिए दुआ की।

गुरुवार को मोहल्ला साहूकारा स्थित दरगाह पर मदरसा बदरुल उलूम के बच्चों ने नात ख्वानी की। इसके बाद कुल शरीफ पढ़ा गया। मौलाना तसद्दुक ने दुआ कराई, जिसमें अपने शहर व मुल्क की तरक्की, अमन-चैन व खुशहाली की बात कही गई। हर दुआ पर अकीदतमंदों ने एक आवाज में आमीन कहा।

अंत में शीरीनी तक्सीम की गई। दरगाह के सज्जादानशीं शफी अहमद और कमेटी के सदर नाजिम खां ने बताया कि यह उर्स मुबारक तीन दिन तक चलेगा। गुरुवार रात को जलसा होगा। शुक्रवार व शनिवार की रात कव्वाली के प्रोग्राम होंगे।

# प्रदर्शनी में रचनात्मकता, नवाचार व वैज्ञानिक प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रठौंडा स्थित दर्शन एकेडमी में विज्ञान प्रदर्शनी-2026 लगाई गई। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों की रचनात्मकता, नवाचार और वैज्ञानिक प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन देखने को मिला।

मुख्यातिथि मिलक नगर पालिका अध्यक्ष दीक्षा गंगवार फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। दीक्षा गंगवार ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की तथा राष्ट्र के विकास के लिए वैज्ञानिक सोच, नवाचार और स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि मनोज गंगवार, प्रबंधक यूको बैंक, समाजसेवी नरेंद्र सिंह गंगवार, जिला पंचायत सदस्य टेक चंद गंगवार, नेताजी सुभाष इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य व प्रबंधक ने छात्र-छात्राओं का हौसला बढ़ाया। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार वितरण किए गए। प्रधानाचार्य डॉ. अरिंदम मोहंता ने विद्यालय में समग्र शिक्षा पद्धति पर प्रकाश डाला।



प्रदर्शनी का उद्घाटन करतीं पालिका अध्यक्ष दीक्षा गंगवार। • अमृत विचार

- विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने बनाए विभिन्न मॉडल

# तकरीरों से लोगों को बताई दीन की अहमियत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- मदरसे जामिया तुल इमाम अहमद रजा में जलसा आयोजित

**अमृत विचार :** शाहबाद स्थित मदरसे जामिया तुल इमाम अहमद रजा में गुरुवार को इस्लामी कॉन्फ्रेंस और जलसे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेफ राजा कानपुरी, गुलाम रसूल बाल्यावी, शहजाद आलम मिसबाही और बरेली शरीफ से अर्सलान रजा खान सहित कई उलेमा-ए-इकराम ने शिरकत की।

उलेमाओं ने तकरीरों से लोगों को दीन की अहमियत से अवगत कराया। उन्होंने इस्लामी शिक्षाओं और मूल्यों पर प्रकाश डाला, जिससे उपस्थित जनसमूह लाभान्वित हुआ। कॉन्फ्रेंस के दौरान मदरसे के सरपरस्त फिरासत इमरान खान ने मेधावी छात्रों की दस्तारबंदी भी कराई। उलेमाओं ने दस्तारबंदी को इल्म-ए-दीन की जिम्मेदारी बताते हुए छात्रों को समाज और देश की बेहतरी के लिए कार्य करने की नसीहत दी। कार्यक्रम में पेश की गई नात-ए-पाक और तकरीरों ने मौजूद लोगों का मन मोह लिया। नातख्वानों की पुरसोज आवाज में पढ़ी गई नातों से पूरा माहौल इश्क-ए-रसूल से सराबोर हो गया। जलसे में बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे। समापन देश में अमन-ओ-चैन, भाईचारे और खुशहाली की दुआ के साथ हुआ। इस अवसर पर हाफिज-ए-करी इब्राहिम राजा, कारी फैजान, मौलाना शादाब रजा, मुदस्सर राजा, कारी मौलाना नबी आलम और मौलाना आतिफ राजा सहित अनेक मौलाना और कारी मौजूद थे।

# युवा संगत को सिख सिद्धांतों के प्रति किया जागरूक

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** गांव केशगढ़ गोधी में आयोजित चेतना समागम में गुरुवार को पूर्व विधायक संजय कपूर और कई गणमान्यों सहित हजारों की संगत जुटी। प्रचारक भाई रणजीत सिंह ढडरियां वालों ने युवाओं को धर्म व सच्चे मार्ग के प्रति जागरूक किया।

तीन दिवसीय धार्मिक समागम में दूसरे दिन धार्मिक जयकारों के साथ श्री गुरु ग्रंथ साहिब को विराजमान किया गया और अरदास के बाद उनकी हुजूरी में समागम प्रारंभ हुआ। प्रचारक भाई रणजीत सिंह ने खासकर युवा संगत को गुरबाणी और सिख सिद्धांतों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने सिख युवाओं से श्री गुरु ग्रंथ साहिब में बताए गए सच्चे मार्ग पर चलने की अपील की। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत कीर्तन और व्याख्यान से हुई, जिसमें प्रचारक ने गुरुमत मर्यादा और सिख इतिहास के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं को नशे जैसी बुराइयों और सामाजिक कुरीतियों से भी दूर रहने के लिए प्रेरित किया। आयोजन में स्थानीय संगत के अलावा दूर-दराज के इलाकों से भी लोग आए हुए थे। सतनाम-वाहेगुरु का जाप किया गया। समागम के दौरान गुरु का अटूट लंगर भी चलता रहा। आयोजन की व्यवस्थाओं के संचालन में कारसेवा वाले संत बाबा वचन सिंह, नानकपुरी टांडा के संत बाबा गुरजंट सिंह, गुरबाज सिंह, बलवीर सिंह, हरप्रीत सिंह, हरदीप सिंह चढ़ूनी, चरन सिंह चन्ना, रंजीत सिंह, कुलदीप सिंह भुल्लर, गुरबाज सिंह जेलदार, सुखदेव सिंह पड्डा, काबल सिंह आदि शामिल रहे।



चेतना समागम में में मौजूद श्रद्धालु। • अमृत विचार

- केशगढ़ गोधी में चेतना समागम आयोजित



प्रवचन करते कथावाचक तथा मौजूद संगत। • अमृत विचार

## प्रधान पुत्र पर दो को पीटने का आरोप

**बिलासपुर, अमृत विचार:** खजुरिया थाना क्षेत्र के गांव अहरों निवासी जमील अहमद पुत्र इमरान अली के साथ मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने एसपी को बताया कि प्रधान पुत्र और उसके साथियों ने उनके साथ रंजिशन अभद्र व्यवहार किया और विरोध करने पर बुरी तरह मारपीट की।

आरोपी सत्ता की हनक दिखाकर उन्हें डरा-धमका रहे हैं। घटना से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। पुलिस अधीक्षक ने संज्ञान लेते हुए पुलिस को जांच करने का निर्देश दिया है। खजुरिया पुलिस का कहना है कि वे इस घटना के संबंध में वायरल वीडियो और प्राप्त शिकायत पत्र दोनों की जांच कर रहे हैं। वहीं प्रधान पुत्र ने सभी आरोप निराधार बताए हैं।

उनका कहना है कि एक सप्ताह पहले दोनों ने उसे घेरकर मारपीट की। उसके शरीर में गंभीर चोटें भी आई हैं। उसने दोनों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज करवाया है। अब यह पुलिस कार्रवाई से बचने को षडयंत्र रच रहे हैं।

# वन्य क्षेत्रों में पेड़ कटे तो दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई



पेड़ों के अवैध कटान को रोकने को लेकर बैठक लेते डीएम व एसपी। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** स्वार में आरक्षित वन क्षेत्र पीपली में अवैध कटान को लेकर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने टीम गठित कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

डीएम अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। इसमें आरक्षित वन क्षेत्र पीपली, स्वार में हो रही अवैध गतिविधियों को लेकर मंथन हुआ। वन विभाग, पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारी बैठक में शामिल रहे। प्रभागीय निदेशक प्रणव जैन ने बताया कि आरक्षित वन क्षेत्र में अवैध कटान करने वाले अभियुक्तों ओर साथ ही आरक्षित वन क्षेत्र के उन मार्गों एवं स्थानों को चिन्हित कर लिया गया, जहां से होकर आरोपियों का आवागमन होता है। जहां अत्यधिक अवैध कटान की घटनाएं प्रकाश में आईं हैं। डीएम ने आरक्षित वन क्षेत्र पीपली में अवैध कटान एवं अतिक्रमण करने वाले अभियुक्तों के खिलाफ वन विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर उन्हें पकड़ने तथा उनके कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने तथा पुलिस विभाग द्वारा उक्त कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## गोशाला में गोवंशों के संरक्षण में ना हो लापरवाही

**रामपुर, अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र ने गुरुवार को विकासखंड बिलासपुर के खजुरिया स्थित अस्थायी गोशाला का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान गोशाला में कुल 57 गोवंश संरक्षित पाए गए। गोवंशों के लिए पर्याप्त मात्रा में भूसा एवं हरा चारा उपलब्ध मिला। शीत ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए गोवंशों को ठंड से बचाव के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की गईं। मुख्य विकास अधिकारी ने गोवंशों को नियमों के अनुसार टीकाकरण कराए जाने के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए। वर्तमान में गोशाला में कोई भी गोवंश अस्वस्थ नहीं है तथा सभी का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी ने प्रबंधन की सराहना करते हुए निर्देश दिए कि गोवंशों के संरक्षण, स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित व्यवस्थाओं को निरंतर इसी प्रकार बनाए रखा जाए।

## ब्रीफ न्यूज

### ध्वस्त भवनों के मलबे के निस्तारण सवाल

**संभल, अमृत विचार :** बार एसोसिएशन के सचिव एवं वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. अमित कुमार उठवाल ने प्रशासन द्वारा ध्वस्त किये गये अवैध निर्माणों के मलवे व सामान को लेकर सवाल खड़े करते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उठवाल ने कहा है कि सरकारी संपत्तियों पर अवैध कब्जा कर बनाए गए मस्जिदों, मजारों, मदरसों एवं निजी मकानों को ध्वस्त कराकर सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराने के दौरान भवनों का मलवा कहा गया यह गंभीर सवाल है। डॉ. अमित उठवाल ने कहा कि इन अवैध निर्माणों को ध्वस्त किए जाने के बाद निकलीं ईंटें, खिड़की-दरवाजे, गाटर, पट्टियां, सरिया आदि की नियमानुसार नीलामी कराकर उससे प्राप्त धनराशि को सरकारी खजाने में जमा कराया जाना चाहिए था लेकिन ऐसा नहीं कराया गया। यह मामला अत्यंत गंभीर है और इसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है। जांच में दोषी पाए जाने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध सरकारी संपत्ति को लूट कर ले जाने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कर प्रभावी कानूनी कार्रवाई की जाए।

### अवैध खनन में लिप्त दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियां पकड़ीं

**संभल, अमृत विचार :** प्रशासन ने अवैध खनन की सूचना पर गुरुवार को संभल चंदौसी रोड पर बिछोली के पास अवैध खनन में लगी दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को पकड़ लिया। नायब तहसीलदार ने चालकों से खनन से संबंधित कागजात मांगे गए, लेकिन वे कोई भी वैध दस्तावेज नहीं दिखा सके। नायब तहसीलदार ने दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को संभल कोतवाली क्षेत्र की नूरियो सराय चौकी पर लाकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। बताया गया कि उक्त ट्रैक्टर-ट्रॉलियां रात के समय ग्राम आलमपुर के जंगलों से अवैध रूप से मिट्टी का खनन कर सुबह करीब छह बजे तक शहर व आसपास के प्लॉटों में भराव कर देती थीं। गुरुवार सुबह नायब तहसीलदार ने ग्राम बिछोली स्थित सड़क किनारे एक प्लॉट में मिट्टी डालते समय दोनों वाहनों को मौके पर पकड़ लिया। नायब तहसीलदार ने बताया कि जानकारी खनन अधिकारी को दे दी है।

### होलिका दहन स्थल को लेकर विवाद सुलझा

**संभल/कैला देवी, अमृत विचार :** थाना कैला देवी क्षेत्र के साकिन खालसा गांव में होलिका दहन के स्थान को लेकर उत्पन्न हुआ विवाद सुलझ गया है। आपसी सहमति के बाद तय हुआ कि इस वर्ष होलिका दहन गांव के मुख्य चौराहे के बजाय ग्राम समाज की भूमि पर कराया जाएगा। होलिका दहन के स्थान को लेकर गांव के दो पक्षों में तनाव की स्थिति बन गई थी। थाना कैला देवी पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।

# सर्राफा कारोबारी के यहां मिला 33 करोड़ का सोना-चांदी

## 1.20 करोड़ रुपये कर व अर्थदंड जमा कराया, जांच के दौरान ज्वैलर्स शोरूम पर रखे माल की खरीद से संबंधित वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका

कार्यालय संवाददाता, संभल


चंदौसी में कारोबारी के यहां मिले सोने-चांदी के जेवर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जनपद संभल के चंदौसी स्थित सर्राफा कारोबारी के यहां राज्यकर विभाग मुरादाबाद की प्रवर्तन इकाई द्वारा की गई छापेमारी में 33 करोड़ से ज्यादा के आभूषण मिले हैं । कर व अर्थदंड के रूप में कुल एक करोड़ 20 लाख रुपये की धनराशि कारोबारी ने जमा करा दी है। विभाग मामले में गहनता से पड़ताल कर रहा है।

राज्यकर विभाग की टीम ने चार फरवरी को दोपहर करीब एक बजे मोंटू ज्वेलर्स के शोरूम पर छापेमारी शुरू की थी, जो गुरुवार को दोपहर तक लगातार जारी रही। इस कार्रवाई में कुल 10 अधिकारी शामिल थे, जिनमें तीन महिला अधिकारी भी मौजूद रहीं। पूरी तलाशी प्रक्रिया पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए कैमरे की निगरानी में कराई गई। अपर आयुक्त राज्यकर मुरादाबाद जोन अशोक कुमार सिंह ने बताया कि जांच के दौरान ज्वैलर्स शोरूम पर रखे गए माल की खरीद से संबंधित वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। जांच के समय उसके द्वारा स्टॉक में मात्र 439 ग्राम सोने के आभूषण और 120 किलोग्राम चांदी की ज्वैलरी का ही लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया, जबकि मौके पर 16,638 ग्राम सोने की ज्वैलरी, 875 किलोग्राम चांदी की ज्वैलरी तथा 34.43 कैरेट हीरा पाया गया, जो स्टॉक रजिस्टर में दर्ज नहीं था। यह सोना, चांदी और हीरे की ज्वैलरी लेखा-पुस्तकों के बाहर मंगाई गई थी। बाजार भाव के अनुसार इस अविवेचित स्टॉक का मूल्य लगभग 33 करोड़ रुपये आंका गया है। नियमानुसार उक्त माल को सीज करने के बाद ज्वैलर द्वारा मौके पर ही ऑनलाइन माध्यम से एक करोड़ 20 लाख रुपये कर एवं अर्थदंड के रूप में जमा कराए गए। इसके अलावा जांच के दौरान ज्वैलर के शोरूम और आवास से कारोबार से संबंधित लूज पर्चे तथा मोबाइल फोन में मौजूद डाटा भी जब्त किया गया है, जिसकी विस्तृत जांच आगे की जाएगी। बताया कि राज्यकर विभाग मुरादाबाद को हाल के दिनों में सोना और चांदी के बाजार भाव में अप्रत्याशित वृद्धि के चलते कुछ व्यापारियों द्वारा कर चोरी की नीयत से बिना प्रपत्रों के भारी मात्रा में खरीद किए जाने की सूचनाएं मिल रही थीं। इसी आधार पर अपर आयुक्त ग्रेड-2 विशेष अन्वेषण शाखा आरए सेठ को ऐसे व्यापारियों की पहचान कर उनकी गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए गए थे। छापेमारी की इस कार्रवाई में बामदेव त्रिपाठी उपायुक्त, उत्तम तिवारी उपायुक्त, रणंजय यादव सहायक आयुक्त, अखिलेश कुमार सहायक आयुक्त, पूजा दीक्षित सहायक आयुक्त, राहत चांद सहायक आयुक्त, रुपम उपाध्याय, अरविंद कुमार, धीरज सिंह और बिजेंद्र सिंह राज्यकर अधिकारी शामिल रहे। पूरी कार्रवाई अपर आयुक्त ग्रेड-1 राज्यकर मुरादाबाद जोन अशोक कुमार सिंह तथा अपर आयुक्त ग्रेड-2 आरए सेठ के निर्देशन में सम्पन्न हुई।

## जीएसटी कार्रवाई के विरोध में चंदौसी का सर्राफा बाजार बंद

- व्यापारियों ने काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन, अनिश्चित कालीन धरने पर बैठे कारोबारी

कार्यालय संवाददाता, संभल/चंदौसी


चंदौसी में बाजार बंद कर धरना प्रदर्शन करते व्यापारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** संभल जनपद के चंदौसी में जीएसटी विभाग की कार्रवाई के विरोध में गुरुवार को सर्राफा बाजार पूरी तरह बंद रहा। आक्रोशित सर्राफा व्यापारियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया और अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए। इस दौरान बाजार के अन्य व्यापारियों ने भी समर्थन जताया, जिससे पूरे क्षेत्र में कारोबार प्रभावित रहा।

बुधवार को मोंटू ज्वेलर्स की दुकान और आवास पर आयकर विभाग की छापेमारी को लेकर भड़के व्यापारियों ने कारोबार बंद कर विरोध प्रदर्शन शुरू किया। व्यापारियों का आरोप है कि वह नियमित रूप से कर का भुगतान कर रहे हैं, इसके बावजूद विभागीय अधिकारियों द्वारा बार-बार छापेमारी कर उन्हें परेशान किया जा रहा है। व्यापारियों ने नारेबाजी करते हुए कार्रवाई को उत्पीड़न करार दिया। धरना स्थल पर प्रदेश की शिक्षामंत्री गुलाब देवी की ब्लॉक प्रमुख पुत्री डॉ. सुगंधा सिंह भी पहुंचीं और व्यापारियों की बात सुनी। व्यापारियों ने उनके समक्ष भी अपनी समस्याएं रखीं। व्यापारियों का कहना है कि जो व्यापारी अधिक कर अदा करते हैं, उन्हीं को निशाना बनाया जाता है, जबकि कर चोरी करने वालों पर कार्रवाई नहीं होती। सोना-चांदी के दाम लगातार बढ़ने के कारण विभागों की नजर सर्राफा कारोबार पर बनी हुई है, जिसे व्यापारी अनुचित दबाव के रूप में देख रहे हैं।

व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष शाह आलम मंसूरी ने आरोप लगाया कि बीते 15 दिनों में जीएसटी अधिकारियों द्वारा तीन से चार बार छापेमारी के नाम पर व्यापारियों को परेशान किया गया है। उन्होंने कहा कि इससे बाजार का माहौल खराब हो रहा है और ग्राहक भी दूर हो रहे हैं, जबकि पहले से ही सर्राफा बाजार मंदी की चपेट में है। मंसूरी ने यह भी कहा कि पिछली छापेमारी में जीएसटी चोरी का कोई मामला सामने नहीं आया था। महंगाई के कारण सर्राफा व्यापार पहले ही ठप पड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुराने लेन-देन को लेकर कुछ लोग पुलिस की धमकी दे रहे हैं और ऊपर से अधिकारियों की छापेमारी से व्यापारी और अधिक परेशान हैं। चंदौसी में यह पांचवां या छठा छापा बताया जा रहा है। व्यापारियों ने स्पष्ट किया कि जब तक किसी मंत्री या वरिष्ठ अधिकारी द्वारा उन्हें उचित आश्वासन नहीं दिया जाता, तब तक उनका धरना और विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। स्थिति को देखते हुए प्रशासनिक अमला भी मौके पर नजर बनाए हुए है।

# दुकान के ताले तोड़कर लाखों की चोरी

- व्यापारियों में हड़कंप, पुलिस गश्त पर उठे सवाल

संवाददाता, ठाकुरद्वारा


चोरी की घटना के बाद जानकारी देता दुकान स्वामी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कस्बे में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। एक के बाद एक हो रही वारदातों से जहां आमजन और व्यापारी दहशत में हैं, वहीं पुलिस इन घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने में नाकाम नजर आ रही है।

ताजा मामला नगर के कमालपुरी चौराहे का है, जहां बीती रात अज्ञात चोरों ने मोबाइल के थोक विक्रेता की दुकान को निशाना बनाकर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने दुकान के दोनों ताले तोड़कर शटर उठाया और अंदर रखी करीब 2 लाख 21 हजार रुपये की नकदी के साथ लगभग 60 हजार रुपये कीमत के मोबाइल फोल्डर चोरी कर लिए। दुकान स्वामी महताब मलिक, निवासी गांव नाखूनका, ने बताया कि जब वह सुबह दुकान पर पहुंचे तो शटर ऊपर उठा हुआ था और दोनों ओर के ताले टूटे पड़े थे। यह दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए। पीड़ित ने तहरीर देकर अज्ञात के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित व्यापारी ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि रात्रि गश्त और निगरानी सही ढंग से की जाए, तो ऐसी घटनाओं पर काफी हद तक अंकुश लगाया जा सकता है। गौरतलब है कि इससे पहले भी सीओ कार्यालय से चंद कदमों की दूरी पर स्थित पराग मिल्क पार्लर में चोरी की घटना हो चुकी है। इसके अलावा कोतवाली के निकट माया मार्केट की कई दुकानों की छतों से हजारों रुपये कीमत का कॉपर तार चोरी किया गया था। इन मामलों में कई सप्ताह बीत जाने के बावजूद पुलिस के हाथ अब तक खाली हैं।

## दो बाइकों की टक्कर में तीन लोग घायल

**संभल/ओबरी, अमृत विचार:** असमोली थाना क्षेत्र में लोदीपुर मार्ग पर बृहस्पतिवार की शाम दो बाइकों की आमने सामने टक्कर हो गई। जिसमें तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर मढन चौकी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को सरकारी एंबुलेंस से इलाज के लिए पाकबड़ा स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। दो युवकों की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने मुरादाबाद के लिए रेफर कर दिया। ओबरी गांव निवासी दो युवक एक बाइक से मढन गांव जा रहे थे तो असमोली लोदीपुर मार्ग पर मढन पैट्रोल पंप के सामने दो बाइकों की आमने सामने से टक्कर हो गई। जिसमें असमोली थाना क्षेत्र के नरैठा मोहम्मदपुर गांव निवासी राहुलऔर ओबरी गांव निवासी फईम व फिरोज गंभीर रूप से घायल हो गए।

# कल्कि का विरोध करने से सच नहीं छिपेगा

- निर्माता अमित जानी ने कहा संभल में ही होगी शूटिंग

कार्यालय संवाददाता, संभल


निर्माता अमित जानी।



संभल कल्कि फिल्म का पोस्टर।

**अमृत विचार:** संभल कल्कि फिल्म के निर्माता अमित जानी ने फिल्म के विरोध को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि किसी भी फिल्म का विरोध करने से सच्चाई नहीं छिपाई जा सकती और न ही फिल्म के निर्माण को रोका जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि संभल कल्कि फिल्म बनेगी और उसकी शूटिंग संभल में ही की जाएगी।

अमित जानी ने कहा कि इससे पहले भी फिल्मों का विरोध किया गया है, लेकिन उसका कोई खास असर नहीं पड़ा। उन्होंने उदयपुर फाइल्स फिल्म का उदाहरण देते हुए कहा कि उस फिल्म का भी विरोध हुआ था, यहां तक कि मौलाना अरशद मदनी ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की और वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल के माध्यम से मामला रखा गया, इसके बावजूद फिल्म रिलीज हुई। उन्होंने कहा कि उस दौरान फिल्म कुछ समय के लिए जरूर रुकी, लेकिन अंततः बनी और दर्शकों तक पहुंची। कहा कि अब कल्कि फिल्म को लेकर भी विरोध किया जा रहा है, लेकिन इससे फिल्म निर्माण नहीं रुकेगा। उन्होंने सांसद जियाउर्रहमान बर्क के पिता ममलूकुर्रहमान बर्क के द्वारा शूटिंग न होने देने की बात पर कहा कि फिल्म की शूटिंग हर हाल में होगी और किसी के विरोध या दबाव से इसे रोका नहीं जा सकता। अमित जानी ने दावा किया कि फिल्म का उद्देश्य किसी समुदाय की भावनाओं को आहत करना नहीं, बल्कि ऐतिहासिक और सामाजिक तथ्यों को सामने लाना है। उन्होंने कहा कि विरोध करने वालों को चाहिए कि वे फिल्म देखने के बाद अपनी राय रखें, न कि पहले से ही विरोध का रास्ता अपनाएं।

# पहले कम्प्यूटरीकृत कॉपिंग सेंटर का उद्घाटन

- न्यायमूर्ति ने बाह्य न्यायालय व नवीन न्यायिक अधोसंरचना का भी किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, संभल/बहजोई


जनपद न्यायालय के लिए चयनित भूमि का निरीक्षण करते प्रशासनिक न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्रशासनिक न्यायमूर्ति संभल अरुण कुमार सिंह देशवाल एवं जनपद न्यायाधीश डॉ. विदुषी सिंह ने बुधवार को जनपद में विभिन्न न्यायिक संस्थानों का निरीक्षण किया। इस मौके पर संभल न्यायालय में कम्प्यूटरीकृत कॉपिंग सेंटर का उद्घाटन किया गया, जो उत्तर प्रदेश का पहला कॉपिंग सेंटर है। यह पहल न्यायिक कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी, प्रभावी एवं त्वरित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

तीन दिवसीय दौरे पर संभल जनपद पहुंचे प्रशासनिक न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल ने संभल में प्री-फैब्रिकेटेड बाह्य न्यायालय एवं कार्यालय भवन का उद्घाटन किया। प्रशासनिक न्यायमूर्ति संभल पहुंचे तो अधिवक्ताओं ने बुके देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान सुधार कार्यों के लिए आभार जताते हुए समस्याओं से भी उन्हें अवगत कराया गया। संभल के बाद प्रशासनिक न्यायमूर्ति बहजोई जिला मुख्यालय पर पहुंचे जहां उन्होंने जनपद न्यायालय के नवीन मुख्यालय के लिए अधिगृहीत की गई भूमि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ कर उसे तीव्र गति से पूर्ण कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। इसके बाद प्रशासनिक न्यायमूर्ति द्वारा उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग का निरीक्षण किया गया। उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के लिए भी भूमि का चयन कर लिया गया है। प्रशासनिक न्यायमूर्ति ने आयोग के लिए प्रस्तावित नवीन भूमि का भी अवलोकन कर आवश्यक निर्देश जारी किए गए।

प्रशासनिक न्यायमूर्ति के दौरे से जहां जनपद की न्यायिक अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण की दिशा में कदम बढ़े हैं वहीं जनपद न्यायालय भवन का निर्माण भी जल्द शुरु हो जाने के हालात नजर आ रहे हैं। बहजोई जिला मुख्यालय पर जिला न्यायालय संचालित हो जाने से जनपद की तीनों तहसीलों के लोगों को राहत मिलेगी। वहीं जजों के लिए बेहतर आवास भी उपलब्ध हो जायेंगे। अभी तक चंदौसी में अस्थाई रूप से जिला अदालत का संचालन किया जा रहा है। जिला मुख्यालय के लिए भूमि क्रय करने के साथ ही जिला मुख्यालय के बराबर में ही जिला न्यायालय के लिए भी भूमि की व्यवस्था कर ली गई है।

# बदायूं पुलिस की दबिश के दौरान बुजुर्ग की मौत

- कार्रवाई की मांग को लेकर परिजनों ने अंतिम संस्कार से किया था इनकार
- अधिकारियों के आश्वासन के बाद माने, बदायूं पुलिस ने दी थी दबिश

कार्यालय संवाददाता, संभल


पुलिस के आश्वासन के बाद बुजुर्ग के शव का अंतिम संस्कार करते परिजन।

**अमृत विचार :** जनपद संभल के थाना कैलादेवी क्षेत्र के गांव नारंगपुर में बदायूं पुलिस की दबिश के दौरान बुजुर्ग ग्रामीण की मौत के बाद पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया। थाना हयातनगर और थाना कैलादेवी पुलिस के साथ पीएसी की मौजूदगी में करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस के आश्वासन पर परिजन माने और अंतिम संस्कार कराया गया।

थाना हयातनगर क्षेत्र के गांव हैबतपुर निवासी हरचरण दास (52 वर्ष) मंगलवार शाम करीब आठ बजे अपनी ससुराल कैला देवी थाने के नारंगपुर गांव में थे। जनपद बदायूं की थाना बिसौली पुलिस दबिश देने गांव नारंगपुर पहुंची तो धक्का लगने से हरचरणदास जमीन पर गिर पड़े थे और उनकी मौके पर ही उनकी मौत हो गई थी। परिजनों की मांग पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचते ही परिजनों ने पुलिस को मौत का जिम्मेदार बताते हुए अंतिम संस्कार से इंकार कर दिया। गुरुवार को हैबतपुर गांव में तनाव बना रहा। पुलिस अधिकारियों द्वारा समझाने-बुझाने के प्रयास किए गए। करीब चार घंटे बाद पुलिस के आश्वासन पर परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार किया। घटना की जानकारी मिलने पर जन क्रांति मोर्चा के अमरजीत एडवोकेट कार्यकर्ताओं के साथ गांव पहुंचे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण की मौत पुलिस कार्रवाई के दौरान हुई है और संगठन पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है। उन्होंने निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मृतक हरचरण दास के बेटे सुशील ने बताया कि उसका भाई अनिकेत उनकी बहन की ननद को लेकर फरार हो गया है। लड़की पहले भी दो बार घर आ चुकी थी, जिन्हें परिजनों ने उसके भाइयों को सौंप दिया था। इसी मामले में बदायूं जनपद की थाना बिसौली पुलिस दबिश को आई थी।

# महा शिवरात्रि पर श्रद्धालुओं को न हो कोई दिक्कत:डीएम

- महाशिवरात्रि की तैयारियों को लेकर डीएम ने की बैठक

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि और कांवड़ यात्रा को लेकर डीएम ने अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान कांवड़ मार्गों और प्रमुख मंदिरों में प्रकाश एवं साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था को लेकर डीएम ने निर्देश दिए। कहा कि समय रहते सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाए।

गुरुवार को डीएम निधि गुप्ता वत्स ने एसपी अमित कुमार आनंद की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में कांवड़ यात्रा एवं महाशिवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण और आपसी सौहार्द के साथ संपन्न कराने के लिए पीस कमेटी बैठक ली। इस दौरान डीएम ने प्रमुख मंदिरों में जलाभिषेक, पूजन-अर्चना और श्रद्धालुओं की सुविधाओं से जुड़ी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, क्षतिग्रस्त मार्गों के सुदृढ़ीकरण, भंडारे एवं शिविरों की व्यवस्था, सुरक्षा तथा चिकित्सा सुविधाओं की बारीकी से जानकारी ली। थाना प्रभारियों और संभ्रांत नागरिकों द्वारा बताई गई समस्याओं पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए। महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं को जलाभिषेक में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसलिए सभी प्रमुख मंदिरों में बैरिकेडिंग की व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त रखी जाए। डीएम ने निर्देश दिए कि उपजिलाधिकारी और क्षेत्राधिकारी स्वयं स्थलों का भ्रमण कर कमियां चिह्नित करें और तुरंत सुधार सुनिश्चित करें।

**अमृत विचार खास**

चेंजिंग रूम व शौचालयों का भी होगा निर्माण, पूरे परिसर में बिछेगी इंटरलाकिंग व लाल पत्थर

# पर्यटन विभाग संवारेगा संभल के प्राचीन कुरुक्षेत्र तीर्थ की सूरत

- 15 दिन में शुरू होगा सौंदर्यीकरण कार्य, पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने किया दौरा

भीष्म सिंह देवल, संभल


कुरुक्षेत्र तीर्थ स्थल पर सौंदर्यीकरण के लिए नापजोख करते पर्यटन विभाग के अधिकारी।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा संभल के प्राचीन तीर्थ स्थलों के संरक्षण और विकास की मुहिम के तहत संभल के एक और प्राचीन तीर्थ की तस्वीर बदलने जा रही है। पर्यटन विभाग द्वारा प्राचीन कुरुक्षेत्र तीर्थ के सौंदर्यीकरण का कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा। पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने दौरा कर निर्माण कार्य का खाका तैयार किया। अधिकारियों के अनुसार महाशिवरात्रि के बाद निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

ऐतिहासिक और धार्मिक अस्तित्व खोने की कगार पर पहुंच चुके संभल के प्राचीन तीर्थ स्थलों को पुनर्जीवित करने का कार्य मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर तेज़ी से किया जा रहा है। सरकार द्वारा तीर्थ स्थलों पर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने और पर्यटक व श्रद्धालु सुविधाओं के विस्तार के लिए विभिन्न विभागों के माध्यम से बजट आवंटित कर कार्य कराए जा रहे हैं। संभल जनपद में पहले ही प्राचीन पातालेश्वर महादेव मंदिर, चंद्रेश्वर महादेव मंदिर और कल्कि मंदिर का सौंदर्यीकरण कराया जा चुका है। इसके अलावा प्राचीन यम तीर्थ पर उत्तर प्रदेश सरकार की वंदन योजना के अंतर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा सौंदर्यीकरण का कार्य प्रगति पर है। अब पर्यटन विभाग को दो और प्रमुख तीर्थों के विकास की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनमें से प्राचीन मनोकामना तीर्थ पर सौंदर्यीकरण का कार्य पहले ही शुरू हो चुका है, जबकि अब कुरुक्षेत्र तीर्थ पर कार्य प्रारंभ होने जा रहा है। गुरुवार को पर्यटन विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय बरेली से मुरादाबाद मंडल के सहायक परियोजना प्रबंधक राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में विभागीय टीम ने कुरुक्षेत्र तीर्थ का निरीक्षण किया। इस दौरान तीर्थ परिसर में कराए जाने वाले कार्यों को लेकर स्थल का भौतिक निरीक्षण किया गया और कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया गया। सहायक परियोजना प्रबंधक राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि कुरुक्षेत्र तीर्थ के सौंदर्यीकरण की परियोजना स्वीकृत हो चुकी है और इसके लिए बजट भी आवंटित कर दिया गया है।

### ...इन सुविधाओं से बदलेगी तीर्थ की तस्वीर-

परियोजना के तहत कुरुक्षेत्र तीर्थ पर भव्य और आकर्षक प्रवेश द्वार का निर्माण कराया जाएगा, जिससे तीर्थ की पहचान और भव्यता को नया स्वरूप मिलेगा। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्नान करने वालों के लिए चेंजिंग रूम बनाए जाएंगे। इसके साथ ही आधुनिक शौचालयों का निर्माण कराया जाएगा, जिससे स्वच्छता बनी रहे। परिसर में सौंदर्य बढ़ाने के लिए आकर्षक लाइटिंग की व्यवस्था की जाएगी, ताकि शाम और रात्रि के समय भी तीर्थ स्थल सुरक्षित और दर्शनीय बना रहे। इसके अतिरिक्त खाली पड़ी भूमि पर बगीचा और पार्क विकसित किए जाएंगे।

### ..धार्मिक पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा, संभल की पहचान को मिलेगा नया आयाम

नगर हिंदू सभा संभल के अध्यक्ष कमलकांत तिवारी ने कहा कि कुरुक्षेत्र तीर्थ सहित संभल के प्राचीन तीर्थों के सौंदर्यीकरण से संभल में धार्मिक पर्यटन को नई गति मिलेगी। इससे न केवल श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। होटल, परिवहन और स्थानीय व्यवसायों को भी इसका लाभ मिलने की उम्मीद है। कहा कि प्राचीन तीर्थों के विकास से संभल एक बार फिर धार्मिक और सांस्कृतिक मानचित्र पर अपनी मजबूत पहचान दर्ज करा सकेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### रोबिन का भारतीय नौसेना में चयन



**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज के लिए गर्व का क्षण उस समय आया जब विद्यालय के एनसीसी के पूर्व सीनियर अंडर ऑफिसर कैडेट रोबिन कुमार, पुत्र राज बहादुर सिंह, निवासी ग्राम कूड़ामाफी का भारतीय नौसेना में चयन हो गया। कैडेट रोबिन कुमार की इस सफलता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. महेश चंद्र उपाध्याय ने उन्हें हार्दिक बधाई दी। उन्होंने रोबिन के माता-पिता को भी इस सफलता के पीछे उनके संघर्ष, त्याग के लिए सराहना की। वहीं विद्यालय में एनसीसी के प्रभारी लेफ्टिनेंट संतोष कुमार सिंह ने भी कैडेट रोबिन कुमार को ढेर सारी शुभकामनाएं दीं। रोबिन कुमार की इस उपलब्धि पर श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज परिवार की ओर से उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

### गंगाजल लेने हरिद्वार रवाना शिव भक्त

**हसनपुर, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शिव भक्त हरिद्वार गंगा जल लेने के लिए रवाना होने लगे है। शिव भक्त भक्ति में लीन होकर उत्साह के साथ जा रहे हैं। 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व है। जिसकी तैयारी में अभी से ही शिव भक्त लग गए हैं। शिव भक्त गंगाजल लेकर 15 फरवरी से पहले अपने गंतव्य पर लौटकर आ जाते हैं और अपने आराध्य देव भोलेनाथ का गंगाजल से अभिषेक करते हैं। वहीं प्रशासन द्वारा भी महाशिवरात्रि पर्व को लेकर तैयारियां को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। जो भक्त हरिद्वार के लिए रवाना हो रहे हैं वह हर हर महादेव एवं बम बम भोले के उद्घोष करते हुए जा रहे हैं। गुरुवार को नगर के गजरौला बस स्टैंड एवं ब्लॉक तिराहा पर शिव भक्तों को गंगाजल लेने जाते हुए देखा गया, शिव भक्तों की संख्या में बढ़ोतरी होगी।

### भारत टैक्सी योजना की शुरुआत

**हसनपुर, अमृत विचार :** गुरुवार को सहकार आधारित राइड बुकिंग सेवाओं के नए युग की शुरुआत के रूप में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा भारत टैक्सी योजना का शुभारंभ किया गया। केंद्रीय मंत्री ने सहकारी आधारित मोबिलिटी मॉडल को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। लाइव प्रसारण देखते समय सभापति कृष्ण कुमार शर्मा ने बताया कि ड्राइवरों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए भारत टैक्सी एक ऐसा मंच लेकर आ रहा है जो ड्राइवरों को सशक्त बनाने का काम करेगा। इसके द्वारा उनको बेहतर कमाई पारदर्शी लाभ और बीमा जैसी सुरक्षा का लाभ प्रदान किया जाएगा।

# बात करने से मना करने पर धीरज ने रूबी को उतार दिया मौत के घाट

## तीन साल से था दोनों के बीच प्रेम प्रसंग, आरोपी धीरज और उसके भाई नीरज को भेजा जेल

- **वहीं सुरक्षा की दृष्टि से गांव में पुलिस बल तैनात है**

**कार्यालय संवाददाता अमरोहा**

**अमृत विचार:** गांव पचोकरा में दिनदहाड़े चाकू से गोदकर हुई रूबी की हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी धीरज व उसके भाई नीरज को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामले में पांच नामजद सहित 10 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस पूछताछ में पता चला कि तीन साल से धीरज के रूबी से प्रेम संबंध थे, लेकिन चार महीने से रूबी उससे बात नहीं कर रही थी। जिसके चलते धीरज ने चाकू से उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आलाकत्ल चाकू बरामद कर लिया है। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से गांव में पुलिस बल तैनात है।



मृतका रूबी।

दरअसल हत्या की यट घटना थाना अमरोहा देहात क्षेत्र के गांव पचोकरा में बुधवार की दोपहर को हुई। यहां के निवासी नरेंद्र कुमार की पत्नी रूबी गांव में मंडप की दावत से लौट रही थी। तभी पड़ोसी राशन डीलर धीरज पुत्र ब्रजपाल ने चाकू से ताबडतोड़ वार कर उसकी हत्या कर दी थी। घटना के बाद गांव तनाव फैल गया। जबकि आरोपी धीरज हत्या करने के बाद घर के अंदर जाकर छिप गया था। दोनों वर्गों के बीच आक्रोश पैदा हो गया। मृतका के परिजनों ने धीरज को बाहर निकालने को लेकर घर में तोड़फोड़ की। कार के शीशे तोड़ दिए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। वहीं दोनों के तनाव को देखते हुए पांच थाने की पुलिस व पीएसी मौके पर बुला ली। पुलिस ने मृतका रूबी के पति नरेंद्र की तहरीर पर धीरज कुमार, भाई नीरज, माता अनीता, पिता ब्रह्मपाल और मनीराम सहित पांच अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।



पुलिस की गिरफ्त में हत्यारा धीरज व उसका भाई नीरज। ● अमृत विचार

### आरोपी को वर्दी पहनाकर ले गई पुलिस

रूबी की मौत के बाद गांव में तनाव की स्थिति इस कदर थी कि लोग धीरज की हत्या पुलिस के सामने भी कर सकते थे। किसी तरह का बवाल न हो वहीं आरोपी को भी सुरक्षित बचाया जा सके। इसके लिए पुलिस ने आरोपी को रात में अंधेरे में निकाला। उसे पुलिस ने वर्दी पहनाई, जिससे वह पुलिस कर्मी लगे। इसके बाद आरोपी को पुलिस थाने तक ले गई।

### तीन वर्ष से थे दोनों के बीच प्रेम संबंध

एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि करीब तीन साल आरोपी धीरज और रूबी के प्रेम संबंध थे। पिछले चार महीने से रूबी धीरज से बात नहीं कर रही थी। जैसे ही मौका मिलता तो रूबी से बात करने कोशिश करता व पीछा करता था। लेकिन रूबी उससे बात करने को तैयार नहीं थी। बुधवार को वह मंडप की दावत खाने गांव में ही गई थी। तभी धीरज ने उसकी हत्या का प्लान बनाया। जैसे ही वह वहां से लौटी तो धीरज ने रूबी की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। वहीं आरोपी के कब्जे से चाकू बरामद कर लिया गया है।

## रहरा अड्डे पर लगा जाम, घंटों राहगीर रहे परेशान

**हसनपुर, अमृत विचार:** नगर के रहरा अड्डे पर भीषण जाम लग गया। जाम लगने से मार्ग के दोनों और वाहनों की लंबी-लंबी लाइनें लग गई। जाम लगने के कारण राहगीरों को घंटे परेशानी का सामना करना पड़ा। नगर में जाम की समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है और इससे नगर वासियों को राहत नहीं मिलती दिख रही। वहीं कई बार अमन कमेटी की बैठक में जाम का मुद्दा उठ चुका है लेकिन जिम्मेदारों द्वारा इस और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। गुरुवार की दोपहर को नगर के रहरा अड्डे पर गन्ने से भरी ट्रैक्टर ट्राली के कारण जाम लग गया। जाम इतना भयंकर था कि घंटों तक मार्ग पर दोनों तरफ वाहनों की लाइन दिखाई देती रही। काफी मेहनत के बाद पुलिस कर्मियों द्वारा जाम को खुलवाया गया।



रहरा चौराहे पर लगा जाम।

# किसानों का प्रदूषण के खिलाफ धरना प्रदर्शन जारी



प्रदर्शन करते किसान यूनियन कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**संवाददाता गजरौला**

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों का प्रदूषण के खिलाफ धरना प्रदर्शन गुरुवार को भी क्षेत्र के गांव शहबाजपुर डोर में जारी रहा। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि गजरौला में नाईपुरा का जहरीला पानी अब रहस्य नहीं रहा, बल्कि शासन-प्रशासन के झूठे दावों और जमीनी हकीकत के बीच का फर्क अब सबके सामने है।

आक्रोशित किसानों ने एक स्वर में कहा कि जीडीपी तो संभाली जा सकती है, लेकिन टूट चुके भरोसे को नहीं। नाईपुरा सहित आसपास के गांवों में फैक्ट्रियों से निकलने वाला रासायनिक अपशिष्ट भूजल को जहरीला बना रहा है। जहां से पीला, बदबूदार पानी निकल रहा है, जिससे फसलें बर्बाद हो रही हैं, पशु-मनुष्य बीमार पड़ रहे हैं। महीनों पहले लिए गए मिट्टी-पानी के नमूनों की रिपोर्ट अभी तक सार्वजनिक नहीं की गई, जो पारदर्शिता की कमी को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि इसे नौकरशाही की मनमानी और दिखावे की राजनीति का नतीजा बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि सुधार फेल हो रहे हैं क्योंकि लोगों की आवाज सुनी नहीं जा रही। केंद्र व राज्य दोनों के पास किसानों के लिए भरोसेमंद विकास का कोई रोडमैप नहीं दिखता। घोषणाएं जोरदार होती रही हैं, लेकिन अमल कमजोर और नतीजे नदारद, राज्य में पहचान की राजनीति ने असली मुद्दों मिट्टी, पानी, खेती, नौकरी, शिक्षा, स्वास्थ्य को पीछे धकेल दिया है। इस अवसर पर शानू चौधरी, होमपाल सिंह, रामप्रसाद, ओम प्रकाश सिंह, सोमपाल सिंह, असद अली, समरपाल सैनी, गंगा राम, कृष्णा रानी, नूरजहां, आदि मौजूद रहे।

# सहकार साथी की नियुक्ति में धांधली का आरोप

- **सहकारी समितियों में की जाती है नियुक्ति, प्रक्रिया पर जताया रोष**
- **जिला पंचायत अध्यक्ष ने उठाया सवाल, जांच की मांग**

**कार्यालय संवाददाता अमरोहा**

**अमृत विचार:** जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर ने डीएम को दिए पत्र में सहकारी समितियां में रखे गए सहकार साथी की संविदा नियुक्ति पर प्रश्न चिन्ह उठाया है। उन्होंने कहा कि प्रक्रिया नियम अनुसार नहीं की गई है। लगातार शिकायतें मिल रही हैं। पारदर्शिता बनाए रखने को लेकर जांच कर कार्रवाई की मांग की है

जिले की कई सहकारी समितियों में संविदा के पद पर सहकार साथी की नियुक्ति की गई है। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर ने डीएम निधि गुप्त को दिए पत्र में बताया कि हसनपुर विधानसभा क्षेत्र में ज्यादातर समितियों में नियुक्ति नियम अनुसार नहीं की है। सभापति द्वारा उझारी, ढबारसी, गारवपुर, दढ़ियाल समिति में निश्चित दिशा निर्देशों एवं प्रावधानों का पालन नहीं किया गया है। जिससे पारदर्शिता एवं विधि संपन्नता पर प्रश्न चिन्ह उत्पन्न हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभापति द्वारा इन समितियों में अपने संबंधी व सचिव के संबंधी की नियुक्ति कर दी है। जो नियम अनुसार गलत है। जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर ने इस मामले में नियम अनुसार कार्यवाही करने की मांग की है।

## धूमधाम से निकलेगी शिव बारात शोभायात्रा

**हसनपुर, अमृत विचार:** नगर के मोहल्ला कायस्थान स्थित हनुमान मंदिर में महादेव सेवा समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें महाशिवरात्रि के अवसर पर 15 फरवरी को श्री शिव बारात शोभा यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान समिति का भी गठन किया गया। बैठक में सर्वेश ठाकुर को समिति का अध्यक्ष, मंकू सक्सेना को उपाध्यक्ष और नरेश ठाकुर को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। शोभायात्रा शिवालय महादेव मंदिर से 15 फरवरी को 4 बजे निकाली जाएगी। समिति ने सभी नगर वासियों से शोभा यात्रा में शामिल होने का अनुरोध किया है। बैठक में रवि शंकर सैनी, राजेंद्र यादव, शोभित गुप्ता, संजू ठाकुर, अंशुल अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# सरस मेले में स्वयं सहायता समूहों ने लगाए स्टॉल

- **डीएम व एसपी ने की सराहना स्टॉलों से की खरीदारी**

**कार्यालय संवाददाता अमरोहा**

**अमृत विचार:** डीएम निधि गुप्ता वत्स ने विकास भवन परिसर में तीन दिवसीय सरस मेले का उद्घाटन किया। इस मेले में राष्ट्रीय आजीविका मिशन ग्रामीण से जुड़े स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के 24 स्टॉल लगाए गए। इन स्टॉलों पर शहद, देसी घी, मिलेट्स उत्पाद, बेडशीट, मसाले, जूट बैग, आर्टिफिशियल ज्वैलरी, रेडीमेड गारमेंट्स, सजावटी सामान, मोबाइल रिपेयरिंग के उपकरण, फिनायल, हैंडवाश, शैंपू, डिटर्जेंट पाउडर, डिस्पोजल प्लेट्स और बाउल जैसे विभिन्न उत्पाद उपलब्ध रहे।

गुरुवार को विकास भवन परिसर में सरस मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान उद्घाटन के बाद डीएम निधि गुप्ता, एसपी अमित आनंद, सीडीओ अश्वनी मिश्रा ने सभी स्टॉलों का बारीकी से अवलोकन किया और उत्पादों के बारे में विस्तृत जानकारी ली। अधिकारियों ने स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की खरीदारी भी की। मेले के दौरान, समूहों से जुड़ी महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर कई महिलाओं ने अपनी सफलता के अनुभव भी बताए। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि यह मेला उनके उत्पादों की बिक्री के लिए एक नया बाजार और पहचान प्रदान करेगा।

उन्होंने जोर दिया कि विकसित भारत के लिए महिलाओं की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है, जिसके तहत जनपद के सभी ब्लॉकों में दीदी मार्ट भी स्थापित किए गए हैं। डीएम ने उन्हें ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर आने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने आम जनता से भी मेले में आकर खरीदारी करने का आह्वान किया। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने मेले में प्रदर्शित उत्पादों की सराहना की।



स्टॉलो का अवलोकन करतीं डीएम निधि गुप्ता, एसपी अमित आनंद। ● अमृत विचार

# पलायन के पोस्टर लगाने के बाद छेड़छाड़ का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

- **पुलिस की अनदेखी पर लोगों ने जताया रोष, दी पलायन की धमकी**

**संवाददाता हसनपुर**

**अमृत विचार:** नगर के रहरा अड्डे के नजदीक स्थित गोकुलधाम कॉलोनी में महिलाओं से छेड़छाड़ के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। शोहदों की छेड़छाड़ और पुलिस की निष्क्रियता से क्षुब्ध होकर महिलाओं ने बुधवार को अपने घरों पर पलायन के पोस्टर चस्पा करते हुए सामूहिक इच्छा मृत्यु की मांग की थी। मामले की जानकारी मिलते ही लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर मौके पर पहुंचे, जिसके बाद देर शाम पुलिस ने दो नामजद समेत चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था।

दस वर्ष पूर्व बसी इस कॉलोनी के मुख्य द्वार पर कुछ समय पहले टायर पंक्चर का एक खोखा रख दिया गया था। कॉलोनीवासियों का आरोप है कि इस खोखे पर दूसरे संप्रदाय के असामाजिक तत्व जमा रहते हैं, जो कॉलोनी की महिलाओं और युवतियों के साथ अश्लील हरकतें और छींटाकशी करते हैं। बीती 2 फरवरी को बाइक से जा रही एक महिला के साथ भी इन शोहदों ने छेड़छाड़ की थी, जिसकी तहरीर कोतवाली में दी गई थी। पीड़ित परिवार और कॉलोनी के लोगों का आरोप है कि पुलिस ने कार्रवाई करने के बजाय उन पर समझौते का दबाव बनाया। तीन दिन तक रिपोर्ट दर्ज न होने से नाराज महिलाओं का गुस्सा बुधवार को फूट पड़ा था। उन्होंने घरों पर पलायन के पोस्टर लगा दिए और इच्छा मृत्यु की मांग करते हुए प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इस बीच सूचना पाकर पीड़ित परिवार के रिश्तेदार व लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर गोकुलधाम कॉलोनी पहुंचे थे और उन्होंने मौके से ही एसपी अमित कुमार आनंद से फोन पर वार्ता कर पुलिस की कार्यप्रणाली पर कड़ा रोष व्यक्त किया था। विधायक नंद किशोर गुर्जर जब कोतवाली पहुंचे, तो वहां मौजूद प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह से उनकी तीखी कहासुनी हो गई। विधायक ने स्पष्ट चेतावनी दी कि जब तक मुकदमा दर्ज नहीं होगा, तो वह कोतवाली से नहीं जाएंगे। करीब 5 घंटे तक चले हंगामा के बाद चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस क्षेत्र अधिकारी पंकज त्यागी ने बताया कि मुख्य आरोपी रिहान को गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि, उसके साथियों की तलाश की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी को अदालत में पेश किया गया।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार



जांच करती पांच सदस्यीय टीम। ● अमृत विचार

### पांच सदस्यीय टीम करेगी मामले की जांच

**हसनपुर, अमृत विचार :** इच्छा मृत्यु एवं पलायन के मामले में लोनी भाजपा विधायक के धरने के बाद प्रशासन द्वारा तहसीलदार के नेतृत्व में पांच सदस्य कमेटी का गठन कर गोकुलधाम कॉलोनी की जांच शुरू कर दी है। वही एसडीएम एवं सीओ ने भी कॉलोनी पहुंचकर मौका मुआयना किया। अधिकारियों के अनुसार जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी जाएगी। 2 फरवरी को नगर स्थित गोकुलधाम कॉलोनी के एक दंपत्ति ने कॉलोनी के रास्ते में खोखा रखने एवं छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी थी। पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न करने से नाराज कॉलोनी वासियों ने इच्छा मृत्यु एवं पलायन के पोस्टर लगाए गए थे। बुधवार की शाम को लोनी भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर कॉलोनी पहुंचे और कॉलोनी वासियों के साथ कोतवाली आ गए। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक से भाजपा विधायक की तीखी नोंकझोंक भी हुई थी। 5 घंटे के हंगामे के बाद कोतवाली पुलिस द्वारा दो नामजद सहित चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। गुरुवार को डीएम के निर्देश पर एसडीएम हिमांशु उपाध्याय एवं पुलिस क्षेत्र अधिकारी पंकज त्यागी राजस्व टीम के साथ गोकुलधाम कॉलोनी पहुंचे और मौका मुआयना किया। उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव के नेतृत्व में पांच सदस्य टीम का गठन किया गया है जो गोकुलधाम कॉलोनी की जांच कर रिपोर्ट पेश करेगी, रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# बैठक में एसडीएम ने राशन डीलरों को दिए निर्देश

- **सरकारी योजनाओं व निर्वाचन के कार्यों में निभाएं सक्रिय भूमिका**

**संवाददाता मंडी धनौरा**

**अमृत विचार:** गुरुवार को तहसील परिसर के सभागार में राशन डीलरों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपजिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव ने राशन डीलरों को सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ-साथ निर्वाचन संबंधी कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए।

एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने कहा कि राशन डीलर सीधे आम जनता और ग्रामीणों से जुड़े होते हैं। इसलिए निर्वाचन प्रक्रिया में उनका सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। बैठक में कृषि विभाग से संबंधित योजनाओं पर भी चर्चा की गई। एसडीएम ने राशन डीलरों से अपील की कि वे अपने क्षेत्र के किसानों को फार्म रजिस्ट्री एवं डिजिटल क्रॉप सर्वे कराने के लिए प्रेरित करें। एसआईआर कार्य, आयुष्मान कार्ड बनवाने में सहयोग करने तथा राशन वितरण प्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को समय से राशन उपलब्ध कराने पर भी विशेष जोर दिया गया। एसडीएम ने अंत में चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई राशन डीलर इन कार्यों में लापरवाही करता पाया गया, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर गौरव शर्मा, पूर्ति निरीक्षक अमित कुमार श्रीवास्तव, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी राहुलदीप गुप्ता, मनीष कुमार, रमेश सैनी, विकास यादव, सुमित यादव, शयौनाथ सिंह, कामेश आदि रहे।

# छात्रों को बताए कैंसर के लक्षण और बचाव के तरीके

- **रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट ने अमृत विचार के सहयोग से दो दिन में छह विद्यालयों के छह सौ बच्चों को किया जागरूक**
- **जीके सिटी मोंटेसरी स्कूल, जय नारायण सरस्वती स्कूल व नालंदा पब्लिक स्कूल में हुआ कैंसर जागरूकता कार्यक्रम**
- **छात्रों को कैंसर से बचाव के लिए नियंत्रित जीवनशैली और सेहतमंद खानपान की आदत अपनाने की दी गई सलाह**

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार:** रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट ने अमृत विचार के सहयोग से विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर दो दिवसीय कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का गुरुवार को समापन हो गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन जीके सिटी मोंटेसरी स्कूल, जय नारायण सरस्वती स्कूल और नालंदा पब्लिक स्कूल में हुए कार्यक्रम में रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट के कैंसर विशेषज्ञ डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा ने विद्यार्थियों को कैंसर के संबंध में ए टू जेड तक जागरूक किया। कैंसर के लक्षण, उपचार और बचाव के साथ ही इससे बचाव रखने के लिए जीवनशैली कैसी रखनी चाहिए, किस तरह का खानपान रखना चाहिए आदि बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। जागरूकता कार्यक्रम में दो दिन में शहर के छह स्कूलों के करीब छह सौ बच्चों को कैंसर के प्रति जागरूक किया।

कैंसर जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत पहले सत्र में सुबह करीब 11.15 बजे से जीके सिटी मोंटेसरी स्कूल में कार्यक्रम कराया गया। डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा ने छात्र-छात्राओं को कैंसर के लक्षण, बचाव के संबंध में विस्तार से बताया। छात्र-छात्राओं ने कैंसर को लेकर कई सवाल किए, जिस पर डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा ने बच्चों की मन की शंकाओं को दूर किया। बच्चों को जीवनशैली बेहतर रखने और खानपान पर ध्यान देने पर जोर दिया। स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. नरेंद्र शर्मा ने कहा कि बच्चों को कैंसर सहित अन्य गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूक करते रहना चाहिए, ताकि बच्चे अपने परिवार, समाज को जागरूक कर सकें। इस तरह के कार्यक्रम बच्चों को विभिन्न बीमारियों के प्रति जागरूक करने में सहयोगी बनते हैं। कैंसर से डरना नहीं चाहिए। सही समय पर इलाज से कैंसर से मरीज को बचाया जा सकता है।

वहीं, दूसरे सत्र में दोपहर 1 बजे जय नारायण सरस्वती स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया। डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा ने बच्चों को कैंसर के शुरुआती लक्षण, उनकी पहचान सहित कई कारणों से होने वाले विभिन्न कैंसर के प्रति जागरूक किया। कैंसर से स्वयं को बचाने के लिए जीवनशैली में किस तरह से बदलाव करने की जरूरत है, उसकी जानकारी से बच्चों को रूबरू कराया। शरीर फिट रखने और मोटापा कम करने के लिए एक्सरसाइज करने पर जोर दिया। बच्चों ने बताया कि हम लोगों को बहुत अच्छी जानकारी दी गयी। कैंसर के प्रति सभी स्कूलों में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित होने चाहिए, समाज में जितनी जागरूकता आएगी, उतना ही ज्यादा लोग कैंसर से अपना बचाव रख सकेंगे।

तीसरे सत्र में दोपहर करीब 2.15 बजे नालंदा पब्लिक स्कूल में आयोजित किए गए कैंसर जागरूकता कार्यक्रम में डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा ने बच्चों को विभिन्न कैंसर के प्रति जागरूक किया। बच्चों से कहा कि कैंसर लाइलाज नहीं है, आधुनिक उपचार से कैंसर को मात दी जा सकती है। कार्यक्रम के दौरान कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम भी मौजूद रही। वहीं, बुधवार को सोब्तीज पब्लिक स्कूल, केशलता इंटरनेशनल स्कूल, नारायणा ई-टेक्नो स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किए गए थे।



रोहिलखंड कैंसर इंस्टिट्यूट व अमृत विचार की ओर से जयनारायण सरस्वती स्कूल में आयोजित कैंसर जागरूकता कार्यक्रम में बोलते डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा। ● अमृत विचार

# भाकियू लोकशक्ति ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

- **पांच सूत्रीय ज्ञापन दिया, जल्द मांग पूरी करने को कहा**

**संवाददाता हसनपुर**

**अमृत विचार:** क्षेत्र की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा। जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान करने की मांग की गई है।

गुरुवार को गांव करनपुर माफी स्थित तहसील कार्यालय में भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के जिला अध्यक्ष हाजी हसीन अहमद गफ्फारी के नेतृत्व में किसान एकत्र हुए और उप जिला अधिकारी हिमांशु उपाध्याय को पांच सूत्रीय मांगों का एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया कि विद्युत विभाग द्वारा बिल निकालना एवं सही करने के नाम पर किसानों का उत्पीड़न किया जा रहा है इसे तुरंत बंद किया जाए। ग्राम भटौला शर्की में सिंचाई विभाग की पुलिया की स्लैब बनवाई जाए। राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज गलसुआ में सड़क का निर्माण कराया जाए आदि मांगों को लेकर ज्ञापन सोपा गया। इसी के साथ किसानों ने समस्याओं का जल्द समाधान करने की मांग की अगर समाधान नहीं हुआ तो किसान धरना प्रदर्शन करेंगे। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष हाजी हसीन अहमद गफ्फारी, राजपाल सिंह चौहान, ब्रह्मपाल सिंह, उस्मान चौधरी, जहीर अहमद, जसवंत, फैजान चौधरी, अभिषेक सागर आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. पवन अरुण बने नए स्वास्थ्य महानिदेशक

**अमृत विचार, लखनऊ :** परिवार कल्याण महानिदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण को प्रदेश का नया स्वास्थ्य महानिदेशक नियुक्त किया गया है। उनके स्थान पर महानिदेशक प्रशिक्षण डॉ. हरि दास अग्रवाल को पदोन्नति देकर महानिदेशक परिवार कल्याण बना दिया गया है। वहीं निदेशक स्वास्थ्य डॉ. रंजना खरे को महानिदेशक पद पर प्रोन्नति देते हुए महानिदेशक प्रशिक्षण नियुक्त किया गया है। स्वास्थ्य विभाग की सचिव रितु महेश्वरी द्वारा इन तीनों पदों पर नियुक्ति एवं पदोन्नति से संबंधित आदेश गुरुवार को जारी कर दिए गए। उल्लेखनीय है कि 31 जनवरी को निवर्तमान स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. रतन पाल सिंह सुमन के सेवानिवृत्त होने के बाद से यह पद रिक्त चल रहा था। शासन ने पदोन्नति के माध्यम से इस महत्वपूर्ण पद पर नियुक्ति कर प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ किया है।

### दिव्यांगजन रोजगार अभियान 2.0 आज से

**अमृत विचार , लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार एक और अहम पहल करने जा रही है। उप्र. कौशल विकास मिशन द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में 6 से 13 फरवरी तक "दिव्यांगजन रोजगार अभियान 2.0" संचालित किया जाएगा। इस विशेष अभियान का उद्देश्य दिव्यांगजनों को सेवायोजन के साथ-साथ स्व-रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने गुरुवार को बताया कि अभियान के अंतर्गत विगत तीन वर्षों में कौशल विकास मिशन एवं आईटीआई से प्रशिक्षित अर्ह एवं इच्छुक दिव्यांगजनों को रोजगार से जोड़ा जाएगा। इसके साथ ही जिला स्तर पर उपलब्ध अन्य इच्छुक दिव्यांगजन भी इसका लाभ ले सकेंगे।

### इंद्री धाम का 1.27 करोड़ से होगा विकास

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के धार्मिक पर्यटन को सशक्त बनाने की दिशा में पर्यटन विभाग ने प्रयागराज के फूलपुर क्षेत्र स्थित प्राचीन इंद्री धाम मंदिर के पर्यटन विकास एवं सौंदर्यीकरण का निर्णय लिया है। स्कंद पुराण और दुर्गा सप्तशती में वर्णित मां इन्द्री को समर्पित इस पौराणिक स्थल के समग्र विकास पर 1.27 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने गुरुवार को बताया कि इन्द्री धाम श्रद्धा और आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां चैत्र एवं शारदीय नवरात्र में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। उन्होंने बताया कि परियोजना अंतर्गत पहली किस्त के रूप में 30 लाख रुपये जारी किए गए हैं। मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण, आधुनिक प्रकाश व्यवस्था, प्रवेश द्वार, यात्री शेड, स्टाम्प फ्लोरिंग युक्त मार्ग, बैठने की व्यवस्था, शौचालय, पेयजल, साइनेज एवं म्यूरल आर्ट जैसे कार्य कराए जाएंगे।

### कन्वेंशन हाल के लिए एक करोड़ मंजूर

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश पर प्रतापगढ़ के विकास भवन परिसर में पं. दीनदयाल उपाध्याय कन्वेंशन हाल (अनावासीय भवन) के निर्माण के लिए एक करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। यह राशि चालू वित्तीय वर्ष में तृतीय किशत के रूप में जारी की गई है। इस संबंध में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा गुरुवार को शासनादेश जारी कर दिया गया है। शासन ने निर्माण कार्य निर्धारित मानकों एवं स्वीकृत लागत के अनुरूप समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। मालूम हो कि परियोजना के लिए कुल 532.10 लाख रुपये की स्वीकृति पहले दी जा चुकी है।

# हर ब्लॉक में खुलेंगे पशु औषधि केंद्र, मिलेंगी सस्ती दवाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रदेश में पशुपालकों को सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण पशु औषधियां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक विकास खंड में एक पशु औषधि केंद्र खोला जाएगा। यह केंद्र प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र की तर्ज पर स्थापित होंगे, जिससे पशुओं के उपचार के लिए सस्ती दरों पर दवाएं सुलभ हो सकें।

लखनऊ के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि पशु औषधि केंद्र खोलने के लिए आवेदक को फार्मासिस्ट का नाम एवं उसका वैध पंजीकरण विवरण, दुकान के लिए न्यूनतम 120 वर्ग फुट स्थान का प्रमाण पत्र तथा ड्रग सेल लाइसेंस का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री कृषक समृद्धि केंद्र एवं सहकारी समितियों से जुड़े योग्य लाभार्थियों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। यह योजना भारत सरकार की पशुधन स्वास्थ्य एवं बीमारी नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित की जाएगी।

पशु औषधि केंद्र स्थापित करने के इच्छुक आवेदकों को 5000 रुपये शुल्क अदा करना होगा। आवेदन की प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन होगी, इसके लिए इच्छुक अभ्यर्थी http://pashuaushadhi.dahd.gov.in पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

# डीबीटी योजनाओं में फैमिली आईडी अब अनिवार्य

## सभी योजनाओं को फैमिली आईडी से किया जाएगा लिंक, मुख्य सचिव ने जारी किया शासनादेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार ने राज्य सेक्टर की सभी डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) योजनाओं और सेवाओं में फैमिली आईडी से शत-प्रतिशत आच्छादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव एसपी गोयल द्वारा जारी शासनादेश के अनुसार अब सभी पात्र लाभार्थियों के लिए फैमिली आईडी अनिवार्य होगी, ताकि योजनाओं का लाभ सही व्यक्ति तक पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पहुंच सके।

गुरुवार को जारी शासनादेश में कहा गया है कि प्रदेश में संचालित वर्तमान और भविष्य की सभी ऐसी योजनाएं, जो आधार अधिनियम के तहत अधिसूचित हैं या की जाएंगी, उनके अंतर्गत प्राप्त होने वाले प्रत्येक आवेदन में फैमिली आईडी का अंकन अनिवार्य रूप से किया जाएगा। यदि आवेदक की फैमिली आईडी उपलब्ध नहीं होगी तो ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के दौरान फैमिली आईडी बनवाने के लिए स्वतः पॉप-अप संदेश प्रदर्शित किया जाएगा। सरकार द्वारा सभी डीबीटी योजनाओं और सेवाओं को फैमिली आईडी डेटाबेस से लिंक किया जा रहा है। इसका उद्देश्य पात्र लाभार्थियों की सही पहचान, योजनाओं का लक्षित क्रियान्वयन और शत-प्रतिशत संतृप्ति सुनिश्चित करना है। फैमिली आईडी पोर्टल पर वेब आधारित ई-पासबुक भी विकसित की गई है, जिसमें परिवार को प्राप्त सभी सरकारी योजनाओं और सेवाओं का सदस्यवार विवरण देखा जा सकेगा।

शासनादेश के अनुसार फैमिली आईडी डेटाबेस के माध्यम से एडीपी भी उपलब्ध कराया गया है, जिससे परिवार अपनी आयु, आय और पारिवारिक संरचना के आधार पर संभावित पात्र योजनाओं की जानकारी स्वतः प्राप्त कर सकेगा। सरकार का मानना है कि इस व्यवस्था से डुप्लीकेशन रुकेगा, पारदर्शिता बढ़ेगी और जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित होगा।

### अब टीबी मरीजों को एसएनए स्पर्श पोर्टल से मिलेगा भुगतान

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत संचालित निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत टीबी मरीजों को दी जाने वाली पोषण सहायता राशि के भुगतान की व्यवस्था में अहम बदलाव किया गया है। अब तक यह भुगतान पीएफएमएस और निक्षय पोर्टल के माध्यम से किया जाता था, लेकिन अब इसे और अधिक पारदर्शी व प्रभावी बनाने के लिए एसएनए स्पर्श पोर्टल से जोड़ा गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवेल ने पत्र जारी कर सभी जिलाधिकारियों, मुख्य चिकित्सा अधिकारियों एवं जिला क्षय रोग अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि निक्षय पोषण योजना का भुगतान निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार एसएनए स्पर्श पोर्टल के माध्यम से समयबद्ध ढंग से किया जाए। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) आधारित है, जिससे लाभार्थियों के बैंक खातों में राशि सीधे भेजी जाएगी। इससे न केवल टीबी मरीजों को नियमित पोषण सहायता मिलेगी, बल्कि प्रदेश में क्षय रोग उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने में भी मदद मिलेगी।

# किसानों को पांच मिनट में ई-केसीसी से ऋण

## मुख्यमंत्री योगी ने राज्य ऋण संगोष्ठी का किया उद्घाटन, बैंकों से ऋण शर्तें सरल बनाने की अपील

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में मंत्री सुरेश खन्ना व सूर्य प्रताप शाही।

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डिजिटल गवर्नेंस से प्रदेश में ऋण स्वीकृति प्रक्रिया तेज और पारदर्शी हुई है। एफपीओ, सहकारिता व एमएसएमई से अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। ई-केसीसी के जरिए अब किसानों को 5 मिनट में ऋण मिल रहा है, जबकि पहले एक माह लग जाते थे। उन्होंने बैंकरों से ऋण शर्तें सरल करके किसानों, एफपीओ, एमएसएमई व सहकारिता से जुड़े लोगों को सहयोग देने की अपील की।

मुख्यमंत्री गुरुवार को लोकभवन में आयोजित राज्य ऋण संगोष्ठी के उद्घाटन और राज्य फोकस पेपर वर्ष 2026-27 के विमोचन के बाद बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि नए सत्र के लिए कृषि ऋण लक्ष्य 3 लाख करोड़ रुपये है, जो 13 फीसदी अधिक है। पीएम मोदी की प्रेरणा से केंद्रीय बजट में एआई एग्रीकल्चर प्लेटफॉर्म की घोषणा की गई है और प्रदेश इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी देश का पहला राज्य है, जो एमएसएमई सेक्टर को 5 लाख रुपये का सुरक्षा बीमा दे रहा है।

ओडीओपी को टेक्नोलॉजी, मार्केटिंग, पैकेजिंग और डिजाइनिंग से जोड़ने के कारण निर्यात 84 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 1.86 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया है। इससे पलायन रुका है। 2016 में 11.7 लाख करोड़ रुपये की अर्थव्यवस्था आज बढ़कर 36 लाख करोड़ रुपये पहुंच रही है। प्रति व्यक्ति आय 43 हजार से बढ़कर 1.20 लाख रुपये हो चुकी है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले कई फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन (एफपीओ) को मंच पर सम्मानित किया। कार्यक्रम में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, नाबार्ड के महाप्रबंधक पंकज कुमार और रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय महाप्रबंधक पंकज कुमार उपस्थित रहे।

### सहकारिता क्षेत्र में पहले हावी थे माफिया

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सहकारिता क्षेत्र में भी बड़ा परिवर्तन आया है। उन्होंने याद दिलाया कि वर्ष 2017 से पहले माफिया हावी था और रिजर्व बैंक ने 16 जिला सरकारी बैंकों को डिफाल्टर घोषित कर बंद करने का आदेश दिया था। आज इनमें से 15 बैंक मुनाफे में आ चुके हैं और शेष को भी लाभ में लाने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने बताया कि विश्व बैंक के साथ यूपी एग्री-टेक के क्षेत्र में काम करने वाला देश का पहला राज्य है।

# लापता लोगों के मामले में एसीएस गृह व डीजीपी तलब

विधि संवाददाता, लखनऊ

- दो साल में एक लाख से अधिक लोगों के लापता होने का मामला




**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने प्रदेश में गुमशुदा व्यक्तियों के संबंध में दर्ज स्वतः संज्ञान याचिका पर गुरुवार को सुनवाई की। कोर्ट ने उक्त मामले के संबंध में राज्य सरकार के संबंधित विभागों के पास उपलब्ध सभी आंकड़ों और रिकॉर्ड को तलब किया है । इसके साथ ही कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 23 मार्च की तिथि नियत करते हुए अपर मुख्य सचिव (एसीएस गृह) तथा पुलिस महानिदेशक को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा सुनवाई के समय उपस्थित रहने का भी निर्देश दिया है ।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन राय वह न्यायमूर्ति एके चौधरी की खंडपीठ ने उक्त मामले में दर्ज स्वतः संज्ञान जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। उल्लेखनीय है कि एक गुमशुदा व्यक्ति से संबंधित मामले की सुनवाई के दौरान न्यायालय के संज्ञान में आया कि प्रदेश में पिछले लगभग दो साल में 1,08,300 लोग लापता हो चुके हैं, जिनके संबंध में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज हैं। इनमें से मात्र 9700 लोगों का पुलिस पता लगा सकी है। न्यायालय ने इस स्थिति को बेहद चिंताजनक व गंभीर करार देते हुए, मामले को 'प्रदेश में गुमशुदा व्यक्तियों के संबंध में' शीर्षक से जनहित याचिका दर्ज करने का आदेश दिया था।

# अस्थायी पदों के 205 कर्मियों को राहत

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के अधीनस्थ न्यायालयों में कार्यरत तकनीकी मैनपावर के 205 अस्थायी पदों को सरकार ने एक वर्ष की और राहत दे दी है। न्याय विभाग द्वारा जारी शासनादेश के अनुसार इन पदों की निरंतरता 1 मार्च 2026 से 28 फरवरी 2027 तक प्रदान की गई है। यह निर्णय न्यायालयों में ई-कोर्ट और आईसीटी आधारित कार्यों को सुचारु रूप से संचालित करने के उद्देश्य से लिया गया है। प्रमुख सचिव न्याय उदय प्रताप सिंह की ओर से गुरुवार को इलाहाबाद के महानिबंधक को भेजे गए शासनादेश में बताया गया है कि यह व्यवस्था 14वें वित्त आयोग की संस्तुतियों के अंतर्गत उच्च न्यायालय की ई-समिति द्वारा पारित प्रस्तावों के क्रम में की गई है। इससे पहले इन्हीं 205 पदों की स्वीकृति 1 मार्च 2025 से 28 फरवरी 2026 तक के लिए दी गई थी, जिसकी अवधि अब बढ़ा दी गई है।

# अभ्युदय योजना से जुड़े 77 अभ्यर्थी देंगे साक्षात्कार

- यूपी पीसीएस-2024 की मुख्य परीक्षा में पाई सफलता

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना ने एक बार फिर अपनी सार्थकता सिद्ध की है। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केंद्रों से मार्गदर्शन प्राप्त कर रहे 77 अभ्यर्थियों ने उत्तर प्रदेश सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (यूपीपीसीएस) 2024 की मुख्य परीक्षा में सफलता अर्जित की है।

अभ्युदय योजना प्रदेश के युवाओं को प्रशासनिक सेवाओं तक पहुंच दिलाने में मील का पत्थर साबित हो रही है। समाज कल्याण विभाग के उप निदेशक आनंद कुमार सिंह ने बताया कि भागीदारी भवन, लखनऊ स्थित कोचिंग केंद्र से 40, अलीगंज स्थित आदर्श परीक्षा केंद्र से 20 तथा हापुड़ स्थित राजकीय आईएएस/पीसीएस कोचिंग केंद्र से 17 अभ्यर्थी यूपीपीसीएस-2024 की मुख्य परीक्षा में सफल हुए हैं। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत अभ्यर्थियों को निःशुल्क आवास, भोजन, पुस्तकालय, ऑनलाइन एवं ऑफलाइन कक्षाएं, विषय विशेषज्ञों का मार्गदर्शन, मुख्य परीक्षा केंद्रित उत्तर लेखन अभ्यास, मॉडल टेस्ट तथा अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जाती है।

### ग्लोबल होगा यूपी का शहद, महिलाएं करेंगी लांच

**अमृत विचार, लखनऊ :** एक लाख ग्रामीण महिलाएं शहद उद्यमी बनकर अपना ब्रांड लांच करेंगी। इससे आय में एक लाख रुपये की सालाना वृद्धि का लक्ष्य रखा गया है। यूपी सरकार तैयार शहद को ग्लोबल स्तर पर बाजार उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मिशन विलेज के तहत राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा मधुमक्खी पालन कार्यक्रम शुरू किया गया है। इसके माध्यम से स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी एक लाख ग्रामीण महिलाएं शहद उत्पादन के साथ-साथ फसलों की उत्पादकता भी बढ़ाएंगी। योजना के अंतर्गत अगले तीन वर्षों में एक लाख ग्रामीण महिलाओं को मधुमक्खी पालक के रूप में विकसित किया जाएगा। लक्ष्य है कि प्रत्येक महिला उद्यमी की वार्षिक आय में लगभग एक लाख रुपये की वृद्धि हो।

# पांचवीं तक के छात्रों को मोबाइल पर न दिया जाए होमवर्क : डॉ. बबीता चौहान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- महिला आयोग अध्यक्ष ने सभी डीएम को डिजिटल अनुशासन अनिवार्य करने का दिया निर्देश

**अमृत विचारः** गाजियाबाद में मोबाइल पर कोरियन गेम्स खेलने की लत के चलते तीन बालिकाओं ने आत्महत्या कर ली। इस घटना को राज्य महिला आयोग ने को गंभीरता से लिया है। आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है। कहा कि बालक और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए अब डिजिटल अनुशासन अनिवार्य होगा। कक्षा पांचवीं तक के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में छात्रों को विषम परिस्थितियों को छोड़कर मोबाइल फोन के माध्यम से होमवर्क नहीं दिया जाएगा। साथ ही असाइनमेंट अथवा अन्य शैक्षणिक कार्य कराए जाने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाना सुनिश्चित किया जाए।

महिला आयोग की अध्यक्ष ने गुरुवार को बताया कि प्रथमदृष्ट्या उपलब्ध तथ्यों के अनुसार गाजियाबाद की दुखद घटना की पृष्ठभूमि में मोबाइल फोन पर गेम खेलने की लत ही निकल कर आ रही है। यह घटना समाज एवं शैक्षणिक व्यवस्था के लिये गम्भीर चेतावनी भी है। कोरोना काल में लॉकडाउन की अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण स्कूलों द्वारा मोबाइल फोन के माध्यम से ऑनलाइन शिक्षण की व्यवस्था की गई थी। किन्तु वर्तमान में सामान्य परिस्थितियां होने के बाद भी अनेक स्कूलों द्वारा बच्चों के होमवर्क, असाइनमेंट एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियां अनिवार्य रूप से व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से भेजी जा रही हैं। जिससे बच्चों के हाथ में निरन्तर मोबाइल उपलब्ध रहने की स्थिति बन गई है। कहा कि यह स्थिति अत्यन्त चिंताजनक है। छोटी उम्र में ही मोबाइल पर अनियंत्रित गेमिंग तथा अन्य अवांछनीय गतिविधियां बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही हैं।

### अग्निवीर भर्ती रैली आज से

**अमृत विचार, लखनऊ :** रिक्रूटिंग जोन उप्र और उत्तराखंड, रिक्रूटिंग ऑफिस (मुख्यालय) लखनऊ के तहत शुक्रवार से छावनी स्थित एएमसी सेंटर और कॉलेज के एएमसी स्टेडियम में अग्निवीर भर्ती रैली शुरू होगी। पहले दिन एआरओ लखनऊ के अंतर्गत 13 जिलों के लिए अग्निवीर ट्रेड्समैन (कक्षा 8वीं व 10वीं पास) की भर्ती होगी। 6 से 20 फरवरी तक औरैया, चित्रकूट, कन्नौज, बांदा, महोबा, हमीरपुर, बाराबंकी, गोंडा, कानपुर देहात, उन्नाव, कानपुर नगर, फतेहपुर और लखनऊ के करीब 13 हजार शॉर्टलिस्ट अभ्यर्थी रैली में शामिल होंगे। जुलाई 2025 में आयोजित ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम पास अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड पर दी गई तिथि व समय के अनुसार रिपोर्ट करना होगा।

# जीपीएफ व सीपीएफ पर 7.1 फीसद ब्याज दर की मंजूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वित्त विभाग के फैसले से लाखों राज्य कर्मचारियों और पेंशन से जुड़े अंशधारकों को लाभ

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार ने राज्य कर्मचारियों और अंशधारकों को राहत देते हुए जनरल प्रोविडेंट फंड (जीपीएफ), कंट्रीब्यूटरी प्रोविडेंट फंड (सीपीएफ) और सीपीएफ पेंशन इंश्योरेंस फंड पर मिलने वाली ब्याज दर को 7.1 प्रतिशत बनाए रखने का निर्णय लिया है। वित्त (सामान्य) अनुभाग-2 द्वारा जारी शासनादेश के अनुसार यह ब्याज दर 1 जनवरी 2026 से 31 मार्च 2026 तक प्रभावी रहेगी।

वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार की ओर से जारी शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि यह निर्णय जनरल प्रोविडेंट फंड (उत्तर प्रदेश) नियमावली-1985, कंट्रीब्यूटरी प्रोविडेंट फंड (उत्तर प्रदेश) नियमावली तथा उत्तर प्रदेश कंट्रीब्यूटरी प्रोविडेंट फंड पेंशन इंश्योरेंस नियमावली-1948 के प्रावधानों के अंतर्गत लिया गया है। राज्यपाल की स्वीकृति के बाद यह आदेश जारी किया गया है। वित्त विभाग के इस फैसले से लाखों राज्य कर्मचारियों और पेंशन से जुड़े अंशधारकों को लाभ मिलेगा।

### अटल विद्यालयों में 15 तक आवेदन मांगे गए

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार श्रमिकों और उनके परिवारों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है, ताकि उनके बच्चे भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पाकर आगे बढ़ सकें। प्रदेशभर में संचालित अटल आवासीय विद्यालयों में कक्षा छह से नौवीं तक प्रवेश के लिए 15 फरवरी तक आवेदन मांगे गए हैं। इन विद्यालयों में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों की दो संतानों को अंग्रेजी माध्यम से पूरी तरह निःशुल्क शिक्षा दी जाती है। आवेदन संबंधित कार्यालय में ऑफलाइन या उप्र भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की वेबसाइट upbocw.in पर ऑनलाइन किया जा सकता है। अपर श्रमायुक्त कल्पना श्रीवास्तव ने यह जानकारी दी है।

# यूपी की इंटरनेशनल फिल्म सिटी में होगी 'मॉम-2' की शूटिंग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मार्च की शुरुआत में शुरू होगा फिल्मांकन, 20 दिन में बनेगा सेट

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट 'इंटरनेशनल फिल्म सिटी' ने रफ्तार पकड़ ली है। गौतमबुद्ध नगर के जेवर क्षेत्र में विकसित हो रही प्रदेश की पहली इंटरनेशनल फिल्म सिटी में पहली शूटिंग के रूप में बॉलीवुड फिल्म 'मॉम-2' का फिल्मांकन किया जाएगा। इसके लिए जमीन की मैपिंग शुरू कर दी गई है।

परियोजना का निर्माण कर रहे बोनी कपूर और भूटानी ग्रुप के ज्वाइंट वेंचर 'बेव्यू भूटानी फिल्म सिटी प्राइवेट लिमिटेड' के अनुसार, मैपिंग पूरी होते ही लगभग 20 दिन में शूटिंग सेट तैयार कर लिया जाएगा। फरवरी के अंत या मार्च की शुरुआत में शूटिंग शुरू होने की संभावना है। अधिकारियों ने बताया कि शूटिंग की तैयारियों के साथ-साथ फिल्म सिटी के स्थायी निर्माण कार्य भी समानांतर रूप से आगे बढ़ेंगे। यह परियोजना सेक्टर-21, यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे विकसित की जा रही है, जहां विश्वस्तरीय शूटिंग सुविधाएं उपलब्ध होंगी। बेव्यू भूटानी फिल्म सिटी के जीएम राजीव अरोड़ा ने बताया कि 'मॉम-2' के सेट के साथ ही स्थायी ढांचे का निर्माण भी शुरू कर दिया जाएगा।

अभियान

गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 6.0 की शुरुआत, सीमावर्ती जिलों में लगेंगे नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

# समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेंगी स्वास्थ्य सुविधाएं : पाठक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक गुणवत्तापरक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी संकल्प के तहत गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 6.0 एक सशक्त जनसेवा अभियान के रूप में कार्य कर रही है।

उप मुख्यमंत्री गुरुवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में इस अभियान के उद्घाटन अवसर पर संबोधित कर रहे थे। इस यात्रा में इस वर्ष लगभग 70 मेडिकल संस्थानों से 700 चिकित्सक एवं मेडिकल छात्र भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत नेपाल सीमा से सटे थारू बाहुल्य क्षेत्रों में निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाए जाएंगे। महाराजगंज, बलरामपुर, लखीमपुर खीरी, सिद्धार्थनगर, पीलीभीत, श्रावस्ती और बहराइच जनपदों में 6 से 8 फरवरी तक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। उप मुख्यमंत्री ने बसों को झंडी दिखाकर रवाना किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख स्वांतरंजन व विशिष्ट अतिथि परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास के अध्यक्ष प्रो एमएलबी भट्ट ने बताया कि न्यास ने जनजातीय क्षेत्रों में कैंप के साथ ही मोबाइल वैन सेवा भी शुरू करने का निर्णय लिया है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन, गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास से जुड़े पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, चिकित्सक एवं स्वयंसेवक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।




गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा को झंडी दिखाकर चिकित्सकों के दल को रवाना करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व अन्य।

### 'स्पंदन ईसीजी' मशीन का किया वितरण

अभियान अंतर्गत चिकित्सकों के दल को रवाना किया गया तथा विश्व की सबसे छोटी ईसीजी मशीन 'स्पंदन ईसीजी' का वितरण भी किया गया। यह मशीन बिना बैटरी और इंटरनेट के कार्य करने में सक्षम है, जिससे दूरस्थ और सीमावर्ती क्षेत्रों में त्वरित व सटीक जांच संभव हो सकेगी।



कमजोर लोग हमेशा न्याय और समानता के लिए चिंतित रहते हैं। बलवान लोग इन दोनों की परवाह नहीं करते।
-अरस्तू, दार्शनिक

# आयोग पर अभियोग

मतदाता सूची किसी भी लोकतंत्र की रीढ़ होती है। यदि उसमें त्रुटि या पक्षपात का संदेह पैदा हो जाए, तो चुनाव की निष्पक्षता पर ही प्रश्न चिह्न लग जाता है। मुद्दा किसी एक राज्य या दल का नहीं, बल्कि मताधिकार की पवित्रता का है। ऐसे में चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण अभियान पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री द्वारा उठाए गए सवालों को दलगत राजनीति से इतर गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

सामान्यतः गहन पुनरीक्षण एक जटिल प्रशासनिक कार्य है, जिसमें घर-घर सत्यापन, दस्तावेजों की जांच और आपत्तियों के निस्तारण जैसी प्रक्रियाएं शामिल होती हैं। इसे त्रुटि रहित ढंग से पूरा करने में लंबा समय लगता है। यदि दो वर्ष में होने वाला कार्य तीन महीने में समेटा जा रहा है, तो स्वाभाविक है कि जल्दबाजी से त्रुटियों की आशंका बढ़ेगी। चुनाव आयोग को यह स्पष्ट करना होगा कि किन तकनीकी साधनों या अतिरिक्त संसाधनों के आधार पर वह इतनी तेज गति से यह काम कर रहा है। केवल पश्चिम बंगाल में ही सूक्ष्म पर्यवेक्षकों की नियुक्ति जैसी अतिरिक्त निगरानी की व्यवस्था समानता के सिद्धांत पर प्रश्न उठाता है। यदि आयोग के पास इसके लिए पूर्व में शिकायतों का इतिहास या उच्च जोखिम वाले क्षेत्र जैसे कारण हैं, तो वह उन्हें सार्वजनिक करे। 58 लाख से अधिक नामों का हटाया जाना अत्यंत गंभीर तथ्य है। यह प्रक्रिया मतदाता सूची को शुद्ध करने के लिए है या बड़े पैमाने पर बहिष्करण का। आयोग का दायित्व केवल 'डुप्लीकेट हटाना' नहीं, बल्कि 'वास्तविक मतदाता को शामिल रखना' भी है। समावेशन और शुद्धिकरण के बीच संतुलन ही लोकतांत्रिक मर्यादा है। लैंगिक भेदभाव या विशेष समुदायों के नाम अधिक हटने के आरोपों की स्वतंत्र ऑडिट से जांच होनी चाहिए। विवाहित महिलाओं के नाम केवल उपनाम परिवर्तन के कारण हटने के मामलों में स्व-घोषणा और सरल सत्यापन पर्याप्त होना चाहिए। नामों की गलत वर्तनी या तकनीकी त्रुटियों के कारण नाम हटना भी चिंताजनक है। आयोग को डिजिटल डेटाबेस में सुधार, स्थानीय स्तर पर त्वरित सुधार शिविर और ऑनलाइन शिकायत निस्तारण प्रणाली को सशक्त बनाना होगा। सर्वोच्च न्यायालय ने आधार को एक वैकल्पिक पहचान के रूप में स्वीकार किया है, उसे न मानना आदेश की अवमानना की श्रेणी में आ सकता है। आयोग को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी कर अनुपालन सुनिश्चित करना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ द्वारा नोटिस जारी किया जाना इस पूरे विवाद को संवैधानिक आयाम देता है।

यदि 'तार्किक विसंगतियों' की सूची सार्वजनिक नहीं की गई है, तो अदालत निश्चित रूप से स्पष्टीकरण मांग सकती है। चुनाव आयोग की स्वायत्तता लोकतंत्र की आधारशिला है। उस पर 'सरकारी प्रश्रय' का आरोप तभी कमजोर होगा जब वह पारदर्शी, समान और तर्कसंगत आचरण प्रदर्शित करे। अंततः सर्वोच्च न्यायालय का कथन स्मरणीय है कि हर समस्या का समाधान संभव है। पर समाधान तभी संभव होगा, जब प्रक्रिया का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को बाहर करना नहीं, बल्कि हर योग्य नागरिक को शामिल करना हो।

## प्रसंगवश

# चूल्हे से चांद तक महिलाओं की बदलती पहचान

रसोई की दीवारें केवल ईंट-सीमेंट की बनी हुई संरचना नहीं होतीं, वे उस सामाजिक सोच की मूक प्रतीक हैं, जिसने सदियों से महिलाओं की दुनिया को सीमाओं में बांध दिया। इन दीवारों के भीतर सिर्फ़ भोजन नहीं पकता, बल्कि अनगिनत सपने भी धीमी आंच पर सुलगते रहते हैं। यहां हर दिन समझौते होते हैं- खुद से, अपनी इच्छाओं से, अपनी पहचान से। बाहर की दुनिया तेज़ी से बदल रही है, पर इन दीवारों के भीतर आज भी वही पुरानी अपेक्षाएं गूंजती हैं। फिर भी, इन्हीं सीमाओं के बीच एक दृढ़ आवाज़ जन्म लेती है- मैं इससे अधिक हूं और इससे आगे जा सकती हूं।

भारतीय समाज में महिला को अक्सर त्याग और सहनशीलता की प्रतिमा बना दिया गया है। उसकी सफलता इस कसौटी पर परखी जाती है कि उसने परिवार के लिए कितना त्याग किया, न कि उसने अपने लिए क्या हासिल किया। बचपन से उसे सिखाया जाता है कि सपने देखना ठीक है, पर उन्हें सीमाओं में रखना ज़रूरी है। धीरे-धीरे वह भी मान लेती है कि उसकी ज़िंदगी की प्राथमिकता हमेशा दूसरे होंगे। फिर भी, उसके मन के किसी कोने में उसकी इच्छाएं जीवित रहती हैं- शांत, धैर्यवान और अपने सही समय की प्रतीक्षा करती हुई।



कृति जैन
लेखिका


आज की महिला एक साथ कई भूमिकाएं निभा रही है। वह मां है, पत्नी है, बहू है, लेकिन इन सबसे पहले वह एक संपूर्ण इंसान है, जिसके अपने सपने और आकांक्षाएं हैं। दिन भर वह घर की ज़िम्मेदारियों में उलझी रहती है, पर रात के सन्नाटे में उसका मन जाग उठता है। तब वह किताब खोलती है, ऑनलाइन कक्षाओं में समय लगाती है या अपने भविष्य की नई तस्वीर गढ़ती है। समाज भले ही उसकी इस कोशिश को अनदेखा करे, लेकिन उसके भीतर आत्मनिर्भर बनने की आग हर दिन और प्रखर होती जाती है।

कई बार महिलाओं के सपने उसी रसोई से आकार लेते हैं, जहां कभी उन्हें सीमित कर दिया गया था। वर्षों तक स्वाद और मेहनत से खाना बनाने वाली महिला एक दिन समझ पाती है कि यही उसका हुनर है। वह अपने काम को घर की चारदीवारी से बाहर लाने का साहस जुटाती है। शुरुआत में ताने मिलते हैं, शक किया जाता है, लेकिन वह पीछे नहीं हटती। धीरे-धीरे उसका आत्मविश्वास बढ़ता है और उसका हुनर उसकी पहचान बन जाता है। यह बदलाव सिर्फ़ कमाई तक सीमित नहीं रहता, बल्कि आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता की नींव रख देता है।

यह सफ़र आसान नहीं होता। समय की कमी, शारीरिक थकान, परिवार की अपेक्षाएं और समाज की आलोचना, हर मोड़ पर नई बाधाएं खड़ी हो जाती हैं। कई बार महिलाओं को यह महसूस कराया जाता है कि उनका आगे बढ़ना घर के संतुलन को बिगाड़ देगा। अपराधबोध चुपचाप उनके मन में जगह बना लेता है। फिर भी कुछ महिलाएं इन दबावों के बावजूद आगे बढ़ती हैं, क्योंकि वे जानती हैं कि उनका सपना किसी का नुकसान नहीं करता, बल्कि दूसरों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

संघर्ष की इस राह पर महिलाएं कई बार गिरती हैं, लेकिन हर बार थोड़ा और सशक्त होकर उठती हैं। वे समझ जाती हैं कि सफलता का अर्थ पूर्णता नहीं, बल्कि निरंतर प्रयास और धैर्य है। उनके चेहरे पर थकान साफ़ दिखती है, पर आंखों में संतोष की रोशनी होती है। वे जानती हैं कि यह लड़ाई सिर्फ़ उनकी नहीं है, वे उन अनगिनत महिलाओं के लिए रास्ता बना रही हैं, जो अभी खामोश हैं, लेकिन सपने देखना नहीं छोड़ा है।

# नेपाल: युवा बदल सकते हैं चुनाव नतीजों की तस्वीर





यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

नेपाल में नई और पुरानी सभी पार्टियां बस भाग्य भरोसे चुनाव मैदान में हैं। एजेंडे की बात करें तो सभी के पास वही पुराना राग है। एमाले और माओवादी केंद्र के पास भी नेपाल के लिए कुछ नया नहीं है।

नेपाल का चुनाव कई मायनों में बड़ा दिलचस्प है। नई और पुरानी सभी पार्टियां बस भाग्य भरोसे चुनाव मैदान में हैं। एजेंडे की बात करें तो सभी के पास वही पुराना राग ही है। नेपाली कांग्रेस जो इस बार पूर्व महामंत्री गगन थापा के नेतृत्व में अपने पुराने दावे और वादों के साथ मैदान में हैं। पार्टी के नए सभापति गगन थापा ने तो पूर्व सभापति शेर बहादुर देउबा को टिकट से ही वंचित कर दिया। एमाले और माओवादी केंद्र के पास भी नेपाल के लिए कुछ नया नहीं है। इन तीन पुरानी पार्टियों के इतर इस बार पूरे नेपाल में चुनाव मैदान में उतरी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को लोग भरोसे की दृष्टि से जरूर देख रहे हैं।

नेपाल के पहाड़ी लोगों को इस पार्टी से परिवर्तन की अनुभूति की आश है, लेकिन इसका भी कोई क्लियर एजेंडा नहीं दिख रहा, हां इस पार्टी में जेन जी आंदोलन के नायक सुडान गुरूंग और काठमांडू के पूर्व मेयर वालेन शाह सहित ढेर सारे युवाओं के आ जाने से इस पार्टी को युवा मतदाताओं पर भरोसा ज्यादा है। नेपाल में सत्ता आती जाती रही है, लेकिन समस्याएं जस की तस हैं। बेरोजगारी,पलायन, मंहगाई, भ्रष्टाचार सब बेकाबू है। इस सबसे युवा ही ज्यादा प्रभावित और आक्रोशित हैं। जैसा कि दिख रहा है, यदि युवाओं का फैसला एक तरफा हुआ तो संभव है, परिणाम चौंकाने वाला हो, लेकिन यह भी संभव है कि सत्ता की चाभी मधेश के हाथ में हो।

राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी का जन्म पिछले चुनाव में धूमकेतु की तरह हुआ। इसके अध्यक्ष रवि लामी छाने नेपाल के पत्रकार रहे हैं। इनका टीवी टाक शो नेपाल मं काफी लोकप्रिय रहा है। पिछले चुनाव में पश्चिम नेपाल में इस पार्टी को अच्छी खासी सफलता मिली थी। एक दर्जन से अधिक सीटों पर राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के उम्मीदवार कामयाब हुए थे। ओली सरकार में रवि लामी छाने गृहमंत्री थे। बतौर गृह मंत्री उनकी पहचान एक सख्त मंत्री की थी। उन्हें अमरीकी नागरिक विवाद में पद और प्रतिनिधि सभा से त्यागपत्र देना पड़ा था। बाद में इस विवाद के सुलझ जाने पर वे प्रतिनिधि सभा में वापस आए और फिर गृहमंत्री बने। गृहमंत्री रहते हुए उन्होंने ब्यूरोक्रेट्स और राजनीतिक भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की भरपूर कोशिश की। कई बड़े अफसरों और राजनेताओं के भ्रष्टाचार की जांच का आदेश देकर वे सुर्खियों में रहे, हालांकि उन्हें इसका खामियाजा भुगतना पड़ा।

प्रचंड और ओली के अलग होने के बाद जब नेपाली कांग्रेस और ओली की सरकार बनी तो इस सरकार में रवि लामी छाने शामिल नहीं हुए। इस बीच वे खुद धोखाधड़ी के बड़े लपेटे में आ गए। उन्हें जेल जाना पड़ा। अभी वे जमानत पर हैं। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी पूरी तरह रवि लामी छाने के नेतृत्व और जेन जी आंदोलन के नायकों के भरोसे है। वालेन शाह जब काठमांडू के मेयर थे, तब अपने कार्यालय में ग्रेटर नेपाल का नक्शा लगाए हुए थे, वे कभी-कभी हिंदुत्व की भी बात करते हैं। ग्रेटर नेपाल के नक्शे में भारत के सीमावर्ती हिस्से को दर्शाया गया है। यदि उनकी राजनीति का केंद्र बिंदु यही है, तो समझा जा सकता है कि सत्ता में आने पर इस पार्टी का भारत से कैसा रिश्ता हो सकता है।

यह चुनाव सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'हामी नेपाल' के संचालक सुडान गुरूंग और वालेन शाह की अग्निपरीक्षा है। वालेन शाह राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी से पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली के खिलाफ झापा क्षेत्र संख्या पांच से चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं सुडान गुरूंग कुछ बड़ा करने के लिए गोरखा क्षेत्र संख्या एक से चुनाव लड़ रहे हैं। गोरखा क्षेत्र संख्या एक की बात करें, तो यहां का चुनाव किसी के लिए भी आसान नहीं है। सुडान ओली के अपदस्थ होने के बाद अंतरिम सरकार के किंगमेकर की भूमिका में थे। पिछले कई चुनावी निराशाओं से थके यहां के लोगों को इस बार सुडान से उम्मीद है। कुछ समय पहले तक सुडान की प्राथमिकता में राजनीति नहीं थी। जेन-जी आंदोलन ने अचानक उन्हें राष्ट्रीय पहचान दिला दी।

आंदोलन के दौरान स्वयंसेवक के रूप में जुड़े सुडान, आंदोलन खत्म होते-होते सत्ता समीकरण में 'किंगमेकर' की भूमिका तक पहुंच गए। सुशीला कार्की के नेतृत्व में बनी अंतरिम सरकार और मंत्रियों की नियुक्ति में उनकी प्रत्यक्ष भूमिका रही। जिस तेजी से वे राष्ट्रीय राजनीति में उभरे, उसी तेजी से आगे बढ़ पाएं, तो नेपाल की राजनीति में यह एक परिवर्तन होगा, जो नेपाल के मिजाज को रेखांकित करेगा।

झापा क्षेत्र संख्या पांच से वालेन शाह केपी शर्मा ओली के मुकाबले चुनाव लड़ रहे हैं। वे राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी की ओर से प्रधानमंत्री पद का चेहरा हैं। पिछले दिनों नेपाल के एक बड़े गुटखा व्यवसायी द्वारा गिफ्ट की गई मंहगी डिफेंडर गाड़ी को लेकर वे सुर्खियों में थे। अब उनके खिलाफ चुनाव आयोग में औपचारिक रूप से शिकायत दर्ज की गई है। वालेन शाह पर चुनावी आचार संहिता, प्रचलित कानूनों और लोकतांत्रिक मूल्यों के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है।

नेपाल के चुनाव में इस बार 'मधेश' मुद्दा गायब है, लेकिन यह भी सच है कि मधेश फतह किए बिना किसी भी पार्टी के लिए सत्ता की कुर्सी आसान नहीं है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने इसी के दृष्टिगत मधेश में अपेक्षाकृत अच्छे और योग्य उम्मीदवारों का चयन कर मैदान में उतारा है। अब वे कितना कामयाब हो पाएंगे, यह आकलन अभी मुश्किल है। नेपाल के मधेश क्षेत्र का 23 जिला भारत सीमा से सटा है। यहां की करीब 90 लाख की आबादी नेपाली भाषा के साथ हिंदी भाषी भी हैं। ये लोग खुद को भारत के करीब महसूस करते हैं। पूर्व में यहां के संसदीय क्षेत्रों का सीमांकन पूरब पश्चिम को था। तब मधेश से मधेशी उम्मीदवार ही चुनाव जीतते थे, वे चाहे जिस दल के हों।

लोकतांत्रिक संविधान लागू होने के बाद इसका सीमांकन उत्तर दक्षिण की ओर कर दिया गया। इसके पीछे का मकसद यही था कि नेपाल की राजनीति में मधेश का वर्चस्व कम किया जाए। इस सीमांकन के खिलाफ मधेश में आंदोलन भी खूब हुआ लेकिन कोई असर नहीं डाल सका।

## आमने सामने



जब चीन के टैंक भारत की सीमा की तरफ बढ़ रहे थे, उस वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन नहीं किया था। यदि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदन में आते हैं तो मैं यह पुस्तक उन्हें भेंट करूंगा।

-राहुल गांधी
नेता प्रतिपक्ष

राहुल गांधी के पास ठोस मुद्दे नहीं हैं, इसलिए वे सुर्खियों में बने रहने और चर्चा बटोरने के लिए इस तरह के बयान देते रहते हैं। सेना और शहीदों का सम्मान पूरे देश के लिए सर्वोपरि है। इस तरह की बयानबाजी से देश की छवि को नुकसान पहुंचाती है।

-देवेंद्र फडणवीस
मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र



# जरूरी है बच्चों की परवरिश पर भी हो चिंतन



डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर

एक ही परिवार की तीन बच्चियों ने नौवीं मंजिल से कूदकर जान दे दी। यह हमारे डिजिटल युग का नंगा और क्रूर सच है।

एक ही परिवार की 12, 14 और 16 साल की तीन बच्चियों ने रात के दो बजे, ग़ाज़ियाबाद की एक ऊंची इमारत की नौवीं मंज़िल से छलांग लगा दी। तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। यह हमारे डिजिटल युग का नंगा और क्रूर सच है। यह घटना सिर्फ़ एक परिवार का निजी शोक नहीं है, यह पूरे समाज के लिए चेतावनी की घंटी है। यह हमें बताती है कि जिस तकनीक को हमने सुविधा, प्रगति और सुरक्षा का प्रतीक मान लिया, वही तकनीक जब बिना निगरानी और संवेदनशील समझ के बच्चों के हाथ में पहुंचे, तो वह उनके मन, रिश्तों और जीवन पर चुपचाप कब्ज़ा कर सकती है।

कोविड काल से हुए बड़े बदलावों में एक यह भी है कि बड़ी तादाद में बच्चों की दुनिया सिमटकर मोबाइल स्क्रीन पर आ गई और बच्चों को मोबाइल दिया जाना भी न्यू नॉर्मल हो गया। पढ़ाई ऑनलाइन हुई, दोस्ती वर्चुअल हुई, खेल डिजिटल हुए और अकेलापन सामान्य हो गया। माता–पिता को यह एक सुरक्षित विकल्प लगा कि बच्चा घर के भीतर है, बाहर की बुरी संगत से दूर है। पर हम यह भूल गए कि आज की बुरी संगत गलियों में नहीं, ऐप्स में घूमती है। कई ऑनलाइन गेम, फैनडम और वर्चुअल कम्युनिटी बच्चों को एक समानांतर पहचान का भ्रम देती हैं, जहां वे अपने वास्तविक जीवन की परेशानियों से भागकर एक काल्पनिक दुनिया में शरण लेते हैं। यह शरण शुरू में मनोरंजन लगती है, फिर आदत बनती है और अंततः मानसिक निर्भरता में बदल जाती है। इसके बाद 'लेवल', 'टास्क' और 'चैलेंज' जैसे शब्द बच्चों के मन पर ऐसा दबाव बनाते हैं कि वे वास्तविक जीवन की संवेदनाओं, रिश्तों और खतरे के बोध से कटने लगते हैं। यही वह बिंदु है, जहां खेल मनोरंजन नहीं रहता, बल्कि मानसिक नियंत्रण का औज़ार बन जाता है।

यह समस्या किसी एक देश, किसी एक गेम या किसी एक ट्रेंड तक सीमित नहीं है। कुछ समय पहले भी ऐसे जानलेवा गेम और ऐप्स चर्चाओं में रह चुके हैं- प्रतिबंधित हो चुके हैं, आज कोरियन गेम चर्चा में है, कल कोई और होगा, पर खतरे का ढांचा वही अकेलापन, स्क्रीन पर बढ़ता समय, नींद और दिनचर्या का टूटना, परिवार से संवाद का खत्म होना और धीरे–धीरे मनोवैज्ञानिक असंतुलन। इसके बावजूद तमाम परिवारों में अभिभावकों का सबसे बड़ा भ्रम यही है कि 'मेरे बच्चे के साथ ऐसा नहीं हो सकता।' अभिभावक मान लेते हैं कि उनका बच्चा समझदार है, अच्छे स्कूल में पढ़ता है, या सिर्फ़ कुछेक रील देखता है-गेम खेलता है। यही आत्मसंतोष बच्चों को सबसे असुरक्षित स्थिति में धकेल देता है। सच्चाई यह है कि डिजिटल दुनिया में कोई बच्चा पूरी तरह सुरक्षित नहीं है। न उसकी बुद्धिमत्ता, न उसकी सामाजिक हैसियत और न ही पारिवारिक अनुशासन उसे स्वतः सुरक्षित बनाता है।

इस संकट का समाधान भावनात्मक प्रतिक्रियाओं या घटना बीत जाने के बाद की बहसों में नहीं है। समाधान घर के भीतर नीति बनाने में है। मोबाइल और इंटरनेट को बच्चों के लिए 'असीम आज़ादी' की तरह नहीं, बल्कि नियंत्रित संसाधन की तरह देखना होगा। छोटे बच्चों को व्यक्तिगत स्मार्टफोन देने की प्रवृत्ति पर पुनर्विचार ज़रूरी है। रात के समय बच्चों के कमरे में मोबाइल का न होना, सभी डिजिटल उपकरणों का एक साझा स्थान पर रखा जाना, पढ़ाई और मनोरंजन के लिए अलग–अलग समय सीमा तय करना, ये कोई कठोर कदम नहीं, बल्कि न्यूनतम सुरक्षा मानक हैं। बच्चे विरोध करेंगे, नाराज़ होंगे, लेकिन माता–पिता को यह समझना होगा कि अस्थायी असहमति स्थायी सुरक्षा की कीमत है।

तकनीकी नियंत्रण भी अब विकल्प नहीं, जिम्मेदारी है। पैरेंटल कंट्रोल, स्क्रीन टाइम लिमिट, कंटेंट फ़िल्टर और सुरक्षित ब्राउज़िंग जैसे उपाय केवल सेटिंग नहीं, बल्कि डिजिटल सुरक्षा की बुनियादी संरचना हैं। जिस तरह हम बच्चों को सड़क पार करना सिखाते हैं, वैसे ही उन्हें ऑनलाइन दुनिया में सुरक्षित रहना भी सिखाना होगा। यह निगरानी अविश्वास का प्रतीक नहीं है, बल्कि संरक्षण का आधुनिक रूप है, लेकिन तकनीक से भी बड़ा हथियार संवाद है। माता–पिता और बच्चों के बीच रोज़मर्रा की बातचीत, बिना स्क्रीन के साथ बिताया गया समय, उनके ऑनलाइन व्यवहार को समझने की ईमानदार कोशिश, यही वह भावनात्मक पुल है जो बच्चों को आभासी दुनिया में डूबने से बचाता है। यदि बच्चा अचानक चिड़चिड़ा हो जाए, नींद कम हो जाए, पढ़ाई या सामाजिक गतिविधियों से कटने लगे, तो इसे उम्र का असर कहकर नज़रअंदाज़ करना खतरनाक हो सकता है। यह मानसिक स्वास्थ्य संकट का शुरुआती संकेत भी हो सकता है और समय रहते मदद लेना शर्म नहीं, समझदारी है।

बिना निगरानी और सीमाओं के दिया गया मोबाइल बच्चों के हाथ में खिलौना नहीं, जोखिम का साधन बन सकता है। यहां मुद्दा डिजिटल हो चुकी दुनिया के साथ रफ्तार बनाए रखने का नहीं है, सवाल यह है कि क्या हम अपने बच्चों को इस दुनिया के लिए मानसिक, भावनात्मक और नैतिक रूप से तैयार कर रहे हैं?

## सोशल फोरम

# अरिजीत सिंह का संन्यास

अरिजीत सिंह शानदार गायक और शानदार शख़्स हैं, वरना किसकी हिम्मत कि 39 की उम्र में एलान कर दिया कि अब फिल्मों में प्लेबैक सिंगिंग नहीं करूंगा। वह भी तब, जब वे अपने पार्श्वगायन में टॉप पर हैं। अरिजीत सिंह भारत के सबसे बड़े म्यूजिकल आइकन हैं और ग्लोबली स्पॉटिफाई पर दुनिया के सबसे ज़्यादा फॉलो किए जाने वाले आर्टिस्ट हैं। सबसे ज्यादा फॉलोअर्स 17 करोड़ 22 लाख से ज्यादा उन्हीं के हैं। लगातार सात साल (2019-2025) स्पॉटिफाई के सबसे ज्यादा स्ट्रीम्ड आर्टिस्ट रहे।



डॉ. प्रकाश हिंदुस्तानी
ब्लॉगर

कामयाब तो बहुतेरे होते हैं, पर शिखर पर होते हुए शिखर को छोड़ने का एलान करने के लिए गहरी सोच, समझ, हिम्मत और तजुर्बा चाहिए। अरिजीत ने कहा है कि वे संगीत जगत में बने रहेंगे। गायन जारी रहेगा, केवल फिल्मों के लिए, किसी हीरो को अब अपनी आवाज़ नहीं देंगे। मुझे कुछ अलग म्यूजिक करना है, ताकि मैं जी सकूं। मैं कई दूसरे सिंगर्स को सुनना चाहता हूं, जो मुझे असली मोटिवेशन दें।

बलिहारी है अरिजीत।

अरिजीत ने साफ किया कि मैं बहुत जल्दी बोर हो जाता हूं... तो सच यही है कि मैं बोर हो गया था। मैं इंडियन क्लासिकल म्यूजिक में वापस जाना चाहता हूं। मैं अपनी खुद का म्यूजिक बनाना चाहता हूं और स्टार्ट अगेन चाहता हूं। अब अरिजीत लाइव कॉन्सर्ट्स, इंडिपेंडेंट म्यूजिक और अपने क्रिएटिव प्रोजेक्ट्स पर फोकस करेंगे। उन्होंने ये भी क्लियर किया कि कुछ पुराने कमिटमेंट्स पूरे करेंगे, तो 2026 में कुछ रिलीज़ अभी भी हो सकती हैं। कई इसे उनकी सादगी और क्रिएटिव फ्रीडम की मिसाल मान रहे हैं। अरिजीत 36 साल से गा रहे हैं। केवल तीन साल की उम्र से उन्होंने गाना शुरू किया था। नौ साल की उम्र में उन्हें सरकार की तरफ से क्लासिकल वोकल्स के लिए स्कॉलरशिप भी मिली थी। उनकी मां तबला बजाती और गाती थीं, जिससे उनका संगीत का सफर शुरू हुआ।

2005 में फेम गुरुकुल में हिस्सा लिया, टॉप सिक्स तक पहुंचे, लेकिन ऑडियंस वोटिंग से बाहर हो गए। कई लोग यहीं रुक जाते, लेकिन अरिजीत ने हार नहीं मानी और मेहनत की। अरिजीत सिर्फ गायक नहीं, वो अच्छे तबला वादक हैं, गिटार और पियानो भी बजाते हैं और म्यूजिक प्रोडक्शन भी करते हैं। मल्टी-टैलेंटेड होना उनकी आवाज़ की गहराई का राज है।

-फेसबुक वॉल से

## सामयिकी

# दिव्यांगता और समावेशन का अधूरा सपना

भारत में दिव्यांग महिलाओं की स्थिति को केवल स्वास्थ्य, सहायता या कल्याण की समस्या के रूप में देखना एक गंभीर भूल होगी। यह मूलतः सत्ता, संसाधनों, अवसरों और निर्णय-प्रक्रियाओं तक असमान पहुंच की समस्या है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दुनिया की लगभग 16 प्रतिशत आबादी किसी न किसी प्रकार की दिव्यांगता के साथ जीवन जी रही है। भारत में जनगणना 2011 के अनुसार लगभग 2.7 करोड़ लोग दिव्यांग हैं, जिनमें बड़ी संख्या महिलाओं की है। इसके बावजूद नीति-निर्माण, योजनाओं और सामाजिक विमर्श में उनकी उपस्थिति अत्यंत सीमित बनी हुई है। वे सरकारी रिपोर्टों में दर्ज तो होती हैं, लेकिन सार्वजनिक जीवन में बहुत कम दिखाई देती हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे (NFHS-5) और जनगणना के आंकड़े भी यह संकेत देते हैं कि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्रों में दिव्यांग महिलाओं की भागीदारी अभी भी बहुत कम है।



सत्य प्रकाश नायक
एक्टिविस्ट

दिव्यांग महिला का जीवन तीन स्तरों पर नियंत्रित होता है घर, समाज और व्यवस्था। घर के भीतर पिता, भाई और पति स्वयं को 'संरक्षक' मानते हुए उसकी हर पसंद पर अधिकार जताते हैं। निर्णय-प्रक्रियाओं पर पुरुषों का वर्चस्व आज भी बना हुआ है। समाज उसे 'कमज़ोर' और 'निर्भर' मानकर हाशिये पर रख देता है और व्यवस्था उसे प्राथमिकता सूची के अंत में पहुंचा देती है। इन तीनों स्तरों पर पितृसत्तात्मक शक्ति-संबंध उसके जीवन की दिशा तय करते हैं।

टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज़, एनसीपीईडीपी, यूएन वीमेन इंडिया और सामाजिक शोधकर्ता अनीता घई के अध्ययन बताते हैं कि कई परिवारों में बेटियों को चाहे वे दिव्यांग हों या न हों, आर्थिक निर्णयों और संपत्ति से जुड़े मामलों में पूरी भागीदारी नहीं मिलती, लेकिन जब बेटी दिव्यांग होती है, तो यह उपेक्षा और गहरी हो जाती है। उसे अक्सर 'दीर्घकालिक आश्रित' मान लिया जाता है और यह मान लिया जाता है कि वह भविष्य में परिवार की आर्थिक ज़िम्मेदारी नहीं उठा पाएगी। इसी सोच के कारण उसकी शिक्षा, कौशल और आत्मनिर्भरता पर पर्याप्त निवेश नहीं किया जाता। धीरे-धीरे उसे आर्थिक रूप से निर्भर बना दिया जाता है। विवाह को ही उसका 'सुरक्षित भविष्य' मान लिया जाता है और कई बार यह निर्णय उसकी इच्छा और सहमति के बिना होता है।


उसकी आवाजाही पर भी नियंत्रण रहता है। कहां जाएगी, किससे मिलेगी, कब बाहर निकलेगी? इन सब पर परिवार का अधिकार माना जाता है। 'इज़्ज़त', 'सुरक्षा' और 'देखभाल' के नाम पर यह नियंत्रण जीवनभर चलता रहता है। यह नियंत्रण उसके आत्मविश्वास और सामाजिक विकास को सीमित कर देता है। सवाल यह है, क्या हम सच में सुनते हैं कि वह क्या चाहती है?

यौनिक स्वायत्तता और प्रजनन अधिकार भी इसी नियंत्रण संरचना का हिस्सा बन जाते हैं। अनेक महिलाओं के लिए गर्भनिरोध, गर्भधारण या नसबंदी उनके स्वयं के निर्णय नहीं होते। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (UNFPA) और विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्टें बताती हैं कि कई मामलों में दिव्यांग महिलाओं को प्रजनन स्वास्थ्य से जुड़े फैसलों में स्वतंत्र भूमिका नहीं मिलती। डॉक्टर भी अक्सर महिला से सीधे बात करने के बजाय परिवार से संवाद करना अधिक सुरक्षित समझते हैं। यह स्थिति महिला की इच्छा, सहमति और गरिमा को कमजोर करती है।


हम अक्सर 'दिव्यांग' शब्द का प्रयोग ऐसे करते हैं, जैसे यह एक समान स्थिति हो, जबकि वास्तविकता कहीं अधिक जटिल है। दृष्टिबाधित, श्रवण बाधित, बौद्धिक दिव्यांगता, मनोसामाजिक दिव्यांगता, ऑटिज़्म और सेरेब्रल पाल्सी से जुड़ी महिलाओं की ज़रूरतें, क्षमताएं और चुनौतियां अलग-अलग होती हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह* 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# जब कण टकराते हैं तब खुलते हैं ब्रह्मांड के राज



हिग्स बोसोन की खोज लार्ज हैड्रॉन कोलाइडर (LHC) के पहले रन में दर्ज किए गए कोलिजन डेटा से संभव हुई थी, जो 2009 के अंत से 2012 के अंत तक चला। इस खोज ने स्टैंडर्ड मॉडल के अंतिम अधूरे हिस्से को पूरा किया, लेकिन साथ ही कई नए सवाल भी खड़े कर दिए। 2015 के बसंत में व्यापक मेंटेनेंस के बाद LHC को अधिक ऊर्जा पर दोबारा शुरू किया गया। दूसरा रन इस मायने में निर्णायक है कि वह हमें हिग्स बोसोन को गहराई से समझने और स्टैंडर्ड मॉडल से आगे की भौतिकी की खोज करने का अवसर देता है।



रणबीर सिंह
विज्ञान लेखक


## कोलिजन की क्वांटम प्रकृति


प्रोटॉन टकराव पूरी तरह प्रेडिक्टेबल नहीं होते। क्वांटम मैकेनिक्स के अनुसार, हर कोलिजन केवल संभावनाओं का समूह होता है। स्टैंडर्ड मॉडल यह बता सकता है कि औसतन कौन-सी प्रक्रिया कितनी बार होगी, लेकिन किसी एक टकराव का परिणाम पहले से तय नहीं किया जा सकता। इसलिए दुर्लभ प्रक्रियाओं को देखने के लिए बहुत अधिक संख्या में कोलिजन आवश्यक होते हैं। यह ठीक वैसा ही है जैसे पासे की निष्पक्षता जांचने के लिए उसे बार-बार फेंकना पड़ता है।

## हिग्स बोसोन: डिके और मास मैकेनिज्म

हिग्स बोसोन का महत्व इस बात में है कि वही अन्य कणों को द्रव्यमान देता है। कोलिजन में बनने के तुरंत बाद हिग्स विभिन्न कणों में डिके (विघटन) हो जाता है। इसके डिके चैनलों की दरें संबंधित कणों के द्रव्यमान पर निर्भर करती हैं। अब तक हिग्स के फोटॉन, W और Z बोसोन में डिके स्पष्ट रूप से देखे जा चुके हैं, जबकि फर्मियॉन में मुख्यतः ताऊ लेप्टन और आंशिक रूप से बॉटम क्वार्क के प्रमाण मिले हैं। दूसरे रन का अधिक डेटा इन मापों को कहीं अधिक सटीक बना सकता है।

- **हिग्स की अन्य विशेषताएं-** दूसरे रन से हम यह भी जानना चाहेंगे कि हिग्स कितनी तेजी से डिके करता है, क्या वह वास्तव में एक फंडामेंटल कण है या उसके भीतर कोई सब-स्ट्रक्चर छिपा है और क्या हिग्स स्वयं से इंटरैक्ट करता है। हिग्स का self-interaction सीधे इस बात से जुड़ा है कि वह स्वयं अपना द्रव्यमान कैसे प्राप्त करता है। साथ ही यह संभावना भी खुली है कि एक से अधिक, भारी हिग्स बोसोन मौजूद हों।
- **उच्च ऊर्जा और नए कणों की संभावना-** दूसरे रन में टकराव की ऊर्जा पहले से अधिक है। इसका अर्थ है कि अब अधिक भारी और अब तक अनदेखे कण बनाए जा सकते हैं। उच्च ऊर्जा पर बेहतर रिजॉल्यूशन मिलता है, जिससे कणों और बलों को और बारीकी से समझा जा सकता है। यही कारण है कि भले ही स्टैंडर्ड मॉडल काफी सफल दिखता हो, वैज्ञानिक यह मानते हैं कि वह अंतिम सिद्धांत नहीं हो सकता।
- **स्टैंडर्ड मॉडल की सीमाएं-** स्टैंडर्ड मॉडल की सबसे बड़ी सीमा यह है कि उसमें गुरुत्वाकर्षण शामिल नहीं है। गुरुत्वाकर्षण को जनरल रिलेटिविटी समझाती है, जो क्वांटम सिद्धांत से अलग ढांचे में खड़ी है। इसके अलावा स्टैंडर्ड मॉडल में कई पैरामीटर और कण संरचनाएं मनमानी प्रतीत होती हैं, जैसे बोसॉन और फर्मियॉन का असंतुलन। ये संकेत देते हैं कि किसी अधिक व्यापक सिद्धांत की आवश्यकता है।
- **सुपरसिमेट्री: एक संभावित विस्तार-** स्टैंडर्ड मॉडल का एक लोकप्रिय विस्तार सुपरसिमेट्री है। यह प्रत्येक बोसोन के लिए एक फर्मियॉन पार्टनर और प्रत्येक फर्मियॉन के लिए एक बोसॉन पार्टनर प्रस्तावित करती है। इससे हिग्स, W और Z बोसोन के अपेक्षाकृत छोटे द्रव्यमान की व्याख्या संभव होती है। सुपरसिमेट्री कई नए कणों और अतिरिक्त हिग्स बोसोन की भविष्यवाणी करती है, जिनकी खोज दूसरे रन का एक बड़ा लक्ष्य है।





## LHC के प्रमुख डिटेक्टर

LHC में चार मुख्य डिटेक्टर हैं। ATLAS और CMS जनरल-पर्पस डिटेक्टर हैं और इन्हीं ने हिग्स बोसोन की खोज की थी। ALICE को भारी आयनों के टकराव के लिए डिजाइन किया गया है, ताकि क्वार्क-ग्लूऑन प्लाज्मा और शुरुआती ब्रह्मांड जैसी स्थितियों का अध्ययन हो सके। LHCb बॉटम क्वार्क के डिके का अध्ययन करता है, जो दुर्लभ प्रक्रियाओं और नई भौतिकी के संकेत दे सकते हैं।

## मैटर-एंटीमैटर असमानता और डार्क मैटर

LHCb के प्रयोग CP-वायलेशन के अध्ययन के जरिए यह समझने की कोशिश करते हैं कि ब्रह्मांड में मैटर क्यों बचा और एंटीमैटर क्यों नहीं? दूसरी ओर, डार्क मैटर की समस्या भी स्टैंडर्ड मॉडल से बाहर जाती है। ब्रह्मांड के अधिकांश द्रव्यमान का निर्माण ऐसे कणों से हुआ है, जिन्हें हम अभी नहीं जानते। कई सिद्धांत मानते हैं कि डार्क मैटर कण हिग्स क्षेत्र से द्रव्यमान प्राप्त करते हैं, इसलिए हिग्स का विस्तृत अध्ययन अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## आगे का रास्ता

LHC का दूसरा रन केवल पहले रन की पुष्टि नहीं है, बल्कि नई खोजों का द्वार है। चाहे वह हिग्स की गहरी समझ हो, सुपरसिमेट्री की खोज, डार्क मैटर के संकेत या मैटर-एंटीमैटर असमानता की व्याख्या- दूसरा रन हमें यह जानने के और करीब लाता है कि ब्रह्मांड किससे और कैसे बना है।

---


खोज



# ऐसे हुई गर्म हवा के गुब्बारे की खोज

मानव की उड़ने की इच्छा जितनी पुरानी है, उतनी ही रोमांचक है गर्म हवा के गुब्बारे की कहानी। इस सपने को पहली बार वास्तविकता में बदलने का श्रेय 18 वीं शताब्दी के फ्रांस के दो भाइयों- जोसेफ और एटियेन मोंटगोल्फियर को जाता है। कागज बनाने के व्यवसाय से जुड़े ये भाई आकाश में उड़ते बादलों और धुएं को देखकर अक्सर सोचते थे कि क्या हवा की मदद से कोई वस्तु ऊपर उठ सकती है। एक दिन जोजेफ ने आग के ऊपर उठते धुएं को देखा और महसूस किया कि गर्म हवा में कोई "उठाने की शक्ति" है। इसी विचार ने उन्हें प्रयोग के लिए प्रेरित किया। 1783 में उन्होंने कागज और कपड़े से बना एक बड़ा थैला तैयार किया और उसके नीचे आग जलाकर उसमें गर्म हवा भरी। आश्चर्यजनक रूप से वह गुब्बारा ऊपर उठ गया। यह मानव इतिहास में पहली सफल गर्म हवा के गुब्बारे की उड़ान थी। बाद में, इसी वर्ष पेरिस में एक और ऐतिहासिक प्रयोग किया गया, जिसमें पहले जानवरों और फिर मनुष्यों को गुब्बारे में बैठाकर उड़ाया गया। यह घटना आधुनिक विमानन की नींव मानी जाती है।

इस आविष्कार के पीछे का विज्ञान सरल, लेकिन प्रभावशाली है। गर्म हवा ठंडी हवा की तुलना में हल्की होती है। जब गुब्बारे के अंदर की हवा गर्म की जाती है, तो उसका घनत्व कम हो जाता है। बाहर की ठंडी और भारी हवा गुब्बारे को ऊपर की ओर धकेलती है।यही सिद्धांत उत्थापन बल (Buoyancy) कहलाता है। जब तक गुब्बारे के अंदर की हवा आसपास की हवा से हल्की रहती है, तब तक गुब्बारा आकाश में तैरता रहता है। गर्म हवा का गुब्बारा केवल एक आविष्कार नहीं था, बल्कि यह मानव जिज्ञासा, प्रयोगशीलता और विज्ञान की शक्ति का प्रतीक बना। इसने यह सिद्ध कर दिया कि कल्पना और विज्ञान मिलकर असंभव को भी संभव बना सकते हैं।



## वैज्ञानिक के बारे में

जोसेफ और एटियेन मोंटगोल्फियर फ्रांस के अन्नोने (Annonay) नगर में जन्मे थे और एक कागज निर्माण करने वाले प्रतिष्ठित परिवार से संबंध रखते थे। जोसेफ-मिशेल (1740-1810) स्वभाव से कल्पनाशील, जिज्ञासु और प्रयोगप्रिय थे। उन्हें प्राकृतिक घटनाओं को देखकर नए विचार सूझते थे। इसके विपरीत जैक्स-एटियेन (1745-1799) अधिक व्यावहारिक, अनुशासित और व्यवस्थित व्यक्तित्व के थे। उन्होंने परिवार के व्यवसाय और सार्वजनिक संबंधों को संभाला।

---

जंगल की दुनिया



# ब्लू व्हिसलिंग थ्रश: पहाड़ों में बसा नीला सौंदर्य

ब्लू व्हिसलिंग थ्रश चंडीगढ़ क्षेत्र के जंगलों और वन इलाकों में पाया जाने वाला एक अत्यंत आम, लेकिन प्रभावशाली पक्षी है। सुबह और शाम के समय इसकी तेज, मानव जैसी सीटी या सींख जैसी आवाज दूर-दूर तक सुनाई देती है, जिससे यह अपनी उपस्थिति आसानी से दर्ज करा देता है। यद्यपि यह मूल रूप से एक पर्वतीय पक्षी है, लेकिन शिवालिक पहाड़ियों की तलहटी में बसे चंडीगढ़ और आसपास के क्षेत्रों का प्राकृतिक वातावरण इसके लिए अत्यंत अनुकूल है।

यह पक्षी गहरे नीले-काले रंग का होता है, जिसके सिर और शरीर पर चांदी जैसे नीले रंग की चमकदार धारियां दिखाई देती हैं। धूप पड़ने पर इसका रंग और भी अधिक चमकीला प्रतीत होता है। इसकी सबसे अलग पहचान इसकी चमकीली पीली चोंच है, जो इसके गहरे शरीर रंग के साथ तीव्र विरोधाभास बनाती है। ब्लू व्हिसलिंग थ्रश का आकार लगभग 31 से 35 सेंटीमीटर तक होता है और इसकी मजबूत काया इसे अन्य थ्रश प्रजातियों से अलग बनाती है।


अंतर्राज्यीय चंडीगढ़ क्षेत्र (आईएससीआर) में इसे बहुत आम पक्षी माना जाता है। इसका प्रमुख कारण यह है कि यह क्षेत्र चारों ओर से शिवालिक पहाड़ियों से घिरा हुआ है और यहां घने वन, प्राकृतिक नाले, झीलें और हरित पट्टियां मौजूद हैं। सुखना वन अभ्यारण्य, सारंगपुर वनस्पति उद्यान, मोरनी हिल्स और कसौली क्षेत्र इस पक्षी के प्रमुख आवास माने जाते हैं। ब्लू व्हिसलिंग थ्रश का भोजन मुख्यतः कीड़े-मकोड़े, केंचुए, घोंघे, छोटे केकड़े और अन्य जलीय जीव होते हैं। इसे अक्सर पानी के किनारे चट्टानों पर उछलते-कूदते भोजन खोजते देखा जा सकता है। प्रजनन काल में यह चट्टानों की दरारों, नालों के पास या



पुराने ढांचों में घोंसला बनाता है। ब्लू व्हिसलिंग थ्रश न केवल चंडीगढ़ क्षेत्र की जैव विविधता का महत्वपूर्ण हिस्सा है, बल्कि यह स्वच्छ और संतुलित पारिस्थितिकी तंत्र का भी संकेतक माना जाता है।

---

वैज्ञानिक फैक्ट



# प्राकृतिक इंजीनियरिंग का अद्भुत चमत्कार

मानव शरीर प्राकृतिक इंजीनियरिंग का एक असाधारण नमूना है, जिसकी जटिलता और दक्षता आज भी वैज्ञानिकों को आश्चर्यचकित करती है। शरीर के विभिन्न तंत्र आपस में इस तरह जुड़े होते हैं कि जीवन बिना किसी व्यवधान के निरंतर चलता रहता है। इनमें परिसंचरण तंत्र विशेष रूप से उल्लेखनीय है, जो शरीर की हर कोशिका तक जीवनदायी तत्व पहुंचाने का कार्य करता है।

क्या आप जानते हैं कि एक रक्त कोशिका को पूरे शरीर का एक चक्कर लगाने में केवल लगभग 60 सेकंड का समय लगता है? यह अविश्वसनीय रूप से तेज यात्रा जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। रक्त कोशिकाएं फेफड़ों से ऑक्सीजन लेकर शरीर के हर ऊतक तक पहुंचाती हैं और साथ ही पोषक तत्वों की आपूर्ति करती हैं। इसके विपरीत, वे कोशिकाओं द्वारा उत्पन्न कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य अपशिष्ट पदार्थों को बाहर निकालने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

इस तंत्र की कार्यक्षमता इस बात का प्रमाण है कि मानव शरीर स्वयं को संतुलित रखने और निरंतर कार्यशील बनाए रखने में कितना सक्षम है। हृदय का नियमित धड़कना, रक्त वाहिकाओं का जाल और कोशिकाओं का समन्वय ये सभी मिलकर जीवन की निरंतरता सुनिश्चित करते हैं। विज्ञान का संसार वास्तव में विशाल और चमत्कारों से भरा हुआ है। यह हमें न केवल प्रकृति और शरीर की जटिल संरचनाओं को समझने का अवसर देता है, बल्कि उनके प्रति सम्मान और जिज्ञासा भी जाग्रत करता है। मानव शरीर का अध्ययन हमें यह सिखाता है कि जीवन जितना सरल दिखाई देता है, वास्तव में उतना ही गहराई से संगठित और अद्भुत है।

---

# एरीज के लिए खास मददगार साबित होगा अंतरिक्ष स्टेशन

पहले एस्ट्रोसेट और दूसरा आदित्य एल-1 के बाद इसरो की अंतरिक्ष में एक और लंबी छलांग की तैयारी है। इस सफलता के बाद भारत अमेरिका और चीन के समकक्ष खड़ा हो जाएगा। बात अगर उत्तराखंड की करें तो यहां नैनीताल में स्थित आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के वैज्ञानिकों के लिए यह स्टेशन अंतरिक्ष के अध्ययनों में काफी मददगार साबित होगा। तकनीकी रूप से यह उन्नत होगा। इस अंतरिक्ष मिशन से जुटाए जाने वाले आंकड़े एरीज के वैज्ञानिकों के लिए बेहद मददगार साबित होंगे और एरीज के लिए यह दोहरा लाभ देने वाला मिशन साबित होगा।



बबलू चंद्रा
नैनीताल

अंतरिक्ष स्टेशन अत्याधुनिक तकनीक व अत्यंत सुविधाजनक है, जो पृथ्वी की ऑर्बिट से अंतरिक्ष को चारों ओर से देख सकता है। वर्ष 2028 में प्रस्तावित यह परियोजना देश के पास चलती-फिरती प्रयोगशाला होगी, जो जमीनी दूरबीनों की तुलना में कहीं अधिक कारगर होगी। इस प्रयोगशाला के जरिए चांद, तारे, ग्रह, नक्षत्रों और सुदूर अंतरिक्ष में किसी भी दिशा को देखा जा सकता है और सटीक आंकड़े जुटाए जा सकते हैं।

एरीज सौर अध्ययन के साथ अंतरिक्ष मौसम का महत्वपूर्ण अध्ययन करता है। एरीज की वेदशाला में स्थापित सोलर टेलीस्कोप सूर्य और सोलर फ्लेयर्स पर नजर रखती है। अंतरिक्ष स्टेशन से मिले रियल टाइम डाटा से एरीज के अध्ययन में मदद मिल सकेगी। इसके अलावा एरीज की देव स्थल स्थित 3.6 मीटर की ऑप्टिकल दूरबीन है। इसके जरिए अंतरिक्ष से जुटाया गए आंकड़ों का मिलान



अंतरिक्ष स्टेशन से प्राप्त आंकड़ों से किया जा सकेगा। माइक्रोग्रैविटी में किए गए प्रयोगों के नतीजे खगोल विज्ञान, कॉस्मिक रेडिएशन और एटमॉस्फेरिक स्टडीज में मदद मिलेगी।

यह सभी एरीज के रिसर्च से जुड़े हुए महत्वपूर्ण अध्ययन क्षेत्र हैं। इसके अलावा एरीज हिमालय के वातावरण पर काम करता है, जिसे लेकर एरीज में एसटी रडार स्थापित किया गया है। अंतरिक्ष स्टेशन का एक महत्वपूर्ण कार्य जलवायु समेत हमारी वायुमंडलीय स्थिति में नजर रखना होगा लिहाजा अंतरिक्ष स्टेशन से जुटाए आंकड़ों से एरीज के वैज्ञानिकों के लिए शोध व अन्य अध्ययनों में आसानी हो जाएगी। कुल मिलाकर भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन न केवल एरीज, बल्कि देश के तमाम अंतरिक्ष और जलवायु पर अध्ययन करने वाली संस्थाओं के लिए लाभकारी सिद्ध होगा।

एरीज के वरिष्ठ खगोल वैज्ञानिक डॉ. शशिभूषण पांडे कहते हैं कि इसमें दोराय नहीं है कि देश अंतरिक्ष के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है और अभी तक विश्व में अलग पहचान बनाने में कामयाब हुआ है। अंतरिक्ष स्टेशन बेहद महत्वपूर्ण मिशन है और किसी भी देश का अंतरिक्ष से खुद के अध्ययन का सपना सच हो सकता है और इसरो भारतीय वैज्ञानिकों का यह साकार करने जा रहा है। इस मिशन की सफलता से वैज्ञानिक नभ, जल और थल पर अध्ययन कर सकेंगे। अभी तक पृथ्वी की निचली कक्षा में यूएस का इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन और चीन का तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन मौजूद है और अब भारत अंतरिक्ष स्टेशन वाला तीसरा देश बन जाएगा।

## बिजनेस ब्रीफ

### ब्रिटेन ने नीतिगत दर 3.75% पर रखा स्थिर

**लंदन।** ब्रिटेन के केंद्रीय बैंक ने गुरुवार को अपनी प्रमुख ब्याज दर को 3.75 प्रतिशत पर स्थिर बनाए रखने की घोषणा की। यह फैसला मुद्रास्फीति के लक्ष्य से ऊपर बने होने और आर्थिक वृद्धि में सुधार के संकेतों के बीच किया गया है। बैंक ऑफ इंग्लैंड की नौ-सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने रेपो दर को स्थिर रखने का फैसला बहुमत से किया। समिति के पांच सदस्य दर अपरिवर्तित रखने के पक्ष में थे जबकि चार सदस्य इसमें 0.25 प्रतिशत की कटौती चाहते थे। ब्रिटिश केंद्रीय बैंक के गवर्नर एंड्रयू बेली ने कहा कि वसंत ऋतु तक महंगाई दर के लक्ष्य के करीब आने की उम्मीद है। यदि हालात अनुकूल रहते हैं तो इस साल दरों में और कटौती की गुंजाइश होनी चाहिए।

### एईएसएल ने लगाए एक करोड़ स्मार्ट मीटर

**नई दिल्ली।** अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) एक करोड़ स्मार्ट बिजली मीटर लगाने वाली भारत और संभवत: दुनिया की भी पहली कंपनी बन गई है। कंपनी ने गुरुवार को दावा करते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 में भी एक करोड़ स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य तय किया गया है। एईएसएल को पांच राज्यों में कुल 2.5 करोड़ स्मार्ट बिजली मीटर लगाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कंपनी का दावा है कि रोजाना 25 हजार स्मार्ट मीटर लगाने की उसकी गति उद्योग में सबसे तेज है। यह उपलब्धि कंपनी के तय लक्ष्य से काफी पहले हासिल हुई है।

### सन फार्मा 500 करोड़ में लगाएगी विनिर्माण इकाई

**गुवाहाटी।** दवा कंपनी सन फार्मा असम में विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने को 500 करोड़ का निवेश करेगी। इससे 500 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। दवा कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने बुधवार को मुख्य सचिव रवि कोटा के साथ बैठक में परियोजना से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की थी। कोटा ने बुधवार देर रात एक्स पर लिखा, सन फार्मास्युटिकल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और असम में औषधि विनिर्माण इकाई स्थापित करने के कंपनी के प्रस्ताव की समीक्षा की। कंपनी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राहुल अवस्थी और कार्यकारी उपाध्यक्ष रंजीत मोहापात्रा ने कोटा से मुलाकात की। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रस्ताव में राज्य में दवा फॉर्मुलेशन विनिर्माण इकाइयों की स्थापना शामिल है।

# अगले महीने से लागू हो सकता है भारत-अमेरिका व्यापार समझौता

## केंद्रीय मंत्री बोले- अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर और भारत अमेरिका से आयातित कुछ वस्तुओं पर शुल्क करेगा कम

नई दिल्ली, एजेंसी

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत और अमेरिका मार्च के मध्य तक बहुप्रतीक्षित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। इसके बाद अमेरिका, भारतीय वस्तुओं पर आयात शुल्क कम कर देगा। समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद भारत भी अमेरिका से आयातित कुछ वस्तुओं पर आयात शुल्क कम करना शुरू करेगा। संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर ऑनलाइन माध्यम से किए जाएंगे।

मंत्री ने कहा कि दोनों देशों के द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण पर एक संयुक्त बयान को चार से पांच दिन में अंतिम रूप देने और उस पर हस्ताक्षर किए जाने की उम्मीद है, जिसके बाद अमेरिका द्वारा लगाया गया शुल्क घटकर 18 प्रतिशत होगा। दोनों देशों ने इस सप्ताह की शुरुआत में समझौते को अंतिम रूप दिया। इसके तहत अमेरिका में प्रवेश करने वाले भारतीय सामान पर शुल्क 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) का पहला चरण लगभग तैयार है और हमें उम्मीद है कि



- भारत-अमेरिका मार्च के मध्य तक समझौते पर कर सकते हैं हस्ताक्षर
- बीटीए का पहला चरण तैयार, संयुक्त बयान के बाद होगा शुरू

अगले चार से पांच दिन में हम अमेरिका तथा भारत के बीच एक संयुक्त बयान को अंतिम रूप देकर उस पर हस्ताक्षर कर देंगे। इसके आधार पर इस साझेदारी का पहला चरण शुरू होगा। गोयल ने कहा कि औपचारिक समझौते का मसौदा तैयार हो रहा है, जिसमें एक या डेढ़ महीने लग सकता है। संभवतः औपचारिक समझौते पर मार्च के मध्य तक हस्ताक्षर हो जाएंगे। भारतीय वस्तुओं पर कम किए गए 18% शुल्क अमेरिका के कार्यकारी आदेश से लागू होंगे, जो संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर के एक या दो दिन बाद जारी होगा। गोयल ने बताया कि इस समझौते में किसी भी प्रकार के निवेश की प्रतिबद्धता नहीं है।

### देश को ऊर्जा, डेटा सेंटर उपकरण और आईसीटी उत्पादों की आवश्यकता

गोयल ने कहा कि हम चीजों को तेजी से आगे बढ़ा पाएंगे क्योंकि कानूनी समझौते के बाद हमें और भी रियायतें मिलेंगी। सौदे के 500 अरब अमेरिकी डॉलर के खरीद वाले हिस्से के बारे में मंत्री ने कहा कि भारत जिस तेजी से विकास कर रहा है, उसे देखते हुए देश को बड़ी मात्रा में ऊर्जा, डेटा सेंटर उपकरण और आईसीटी उत्पादों की आवश्यकता होगी। हमारी इस्पात उत्पादन क्षमता वर्तमान के 14 करोड़ टन से बढ़कर कुछ वर्ष में 30 करोड़ टन हो जाएगी। इसलिए, जब हमने अमेरिका से अपनी आवश्यकताओं का अनुमान लगाया तो हम 500 अरब डॉलर के आंकड़े पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि भारत की विमानों की मांग, बोइंग को दिए गए और अभी दिए जाने वाले लेकिन तैयार ऑर्डर की संख्या 70-80 अरब डॉलर है। अगर इसमें इंजन और अन्य कलपुर्जे भी जोड़े जाएं तो लागत शायद 100 अरब डॉलर पहुंच जाएगी।

### भारतीय शुल्क में कमी कानूनी समझौते के बाद ही संभव : वाणिज्य सचिव

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि इस कानूनी समझौते से हमें अमेरिकी सामान पर शुल्क कम करने का अधिकार मिलेगा। अग्रवाल ने कहा कि भारतीय शुल्क में कमी केवल एक कानूनी समझौते के बाद ही संभव होगी। उन्होंने कहा कि भारतीय शुल्क, एमएफएन (सबसे तरजीही राष्ट्र) शुल्क हैं जबकि अमेरिकी आयात शुल्क, कार्यकारी शुल्क हैं। अमेरिका- तेल, एलपीजी, एलएनजी, विमान, आईसीटी उत्पाद, लैपटॉप, स्मार्टफोन और डेटा सेंटर उपकरण जैसी सभी वस्तुएं उपलब्ध करा सकता है, जिन्हें भारत अन्य देशों से खरीद रहा है। अग्रवाल ने कहा कि पांच वर्षों में ये खरीद 2,000 अरब डॉलर की होने वाली है। अगर हम अमेरिका से 500 अरब डॉलर की खरीद कर लेते हैं तो इससे हमारी आपूर्ति श्रृंखला में विविधता और मजबूती ही बढ़ेगी।

### ऊर्जा गलियारा वार्ता में भारत की वृद्धि आधारित प्राथमिकताओं पर जोर

**ह्यूस्टन।** कौंसुल जनरल डीसी मंजुनाथ ने कहा कि भारत की तेज आर्थिक वृद्धि को बनाए रखने की महत्वाकांक्षा दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा से जुड़ी है। भरोसेमंद एवं किफायती ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ स्वच्छ प्रौद्योगिकियों तथा नवाचार को आगे बढ़ाने के लिए अमेरिकी उद्योग के साथ संवाद और सहयोग अहम है। ह्यूस्टन स्थित भारत के महावाणिज्य दूतावास (सीजीआई) ने अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) के सहयोग से ग्लोबल एनर्जी आउटलुक 2026 पर 4 फरवरी को उच्चस्तरीय अमेरिका-भारत ऊर्जा गोलमेज बैठक की। इसमें वैश्विक ऊर्जा, इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी कंपनियों के 30 से अधिक अधिकारी शामिल हुए। इनमें एक्सॉनमोबिल, शेवरॉन, हनीवेल, गेल, लार्सन एंड टुब्रो, वेदरफोर्ड, लैंजाटेक, एसएंडपी ग्लोबल, मैकिन्से और सोसाइटी ऑफ पेट्रोलियम इंजीनियर्स के प्रतिनिधि शामिल थे।

### 500 अरब डॉलर के लक्ष्य के लिए अमेरिका से निर्यात में करनी होगी वृद्धि

मंत्री ने कहा कि बजट में डेटा केंद्रों के लिए भारी रियायतों की घोषणा की गई है। अगर हमें डेटा केंद्रों में 100-150 अरब डॉलर का निवेश मिलता है तो हमें उन केंद्रों के लिए उपकरणों की जरूरत होगी। फरवरी, 2025 में दोनों देशों के बीच तय 500 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार लक्ष्य को पूरा करने के लिए भारत को निश्चित रूप से अमेरिका से निर्यात और खरीद में काफी वृद्धि करनी होगी। उन्होंने कहा कि भारत ने अमेरिका के साथ हुए इस समझौते के तहत जिन वस्तुओं को खरीदने का वादा किया है उनकी वर्तमान वैश्विक खरीद 300 अरब डॉलर से अधिक है।


### भारत-जीसीसी ने एफटीए वार्ता के नियम-शर्तों पर किए हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** भारत और पश्चिमी एशियाई देशों के समूह खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) ने मुक्त व्यापार समझौते पर औपचारिक बातचीत शुरू करने के लिए नियम एवं शर्तों पर गुरुवार को हस्ताक्षर किए। नियम एवं शर्तों में प्रस्तावित व्यापार समझौते का दायरा और तौर-तरीके बताए गए हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जीसीसी के साथ बातचीत को लेकर नियम एवं शर्तों पर हस्ताक्षर समारोह की अध्यक्षता की। जीसीसी, खाड़ी क्षेत्र के छह देशों सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, कुवैत, ओमान और बहरीन का समूह है। गोयल ने कहा कि यह समझौता दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि एक करोड़ भारतीय जीसीसी क्षेत्र में रह और काम कर रहे हैं। यह अत्यंत उचित है कि अब हम एक अधिक मजबूत और सुदृढ़ व्यापारिक व्यवस्था में प्रवेश करें जो वस्तुओं एवं सेवाओं के अधिक मुक्त प्रवाह को सक्षम बनाएगी, नीति में पूर्वानुमान तथा स्थिरता लाएगी और अधिक निवेश को प्रोत्साहित करने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि यह समझौता भारत के साथ जीसीसी देशों की खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा को भी बढ़ावा देगा। भारत विश्व में अनाज का एक प्रमुख उत्पादक है जबकि जीसीसी देश तेल एवं गैस के निर्यातक हैं।

## भारत ने 2026 के लिए संयुक्त राष्ट्र नियमित बजट में 3.52 करोड़ डॉलर का दिया योगदान

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

भारत ने वर्ष 2026 के लिए संयुक्त राष्ट्र के नियमित बजट में 3.52 करोड़ अमेरिकी डॉलर का भुगतान किया है। इससे वह उन 47 सदस्य देशों की ऑनर रोल सूची में शामिल हो गया है, जिन्होंने समय पर अपना पूरा बकाया जमा कराया है। संयुक्त राष्ट्र योगदान समिति के अनुसार, तीन फरवरी 2026 तक 47 सदस्य देशों ने संयुक्त राष्ट्र के वित्तीय नियमों के तहत निर्धारित 30 दिन की अवधि के भीतर अपना पूरा नियमित बजट योगदान अदा कर



- समय पर अपना पूरा बकाया जमा कराने वाले 47 सदस्य देशों की ऑनर रोल सूची में शामिल हुआ भारत

दिया है। भारत ने तीन फरवरी को 2026 के संयुक्त राष्ट्र नियमित बजट के लिए 3.52 करोड़ डॉलर का भुगतान किया।

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने ऑनर रोल में शामिल देशों का जिक्र करते हुए भारत का नाम लिया। उन्होंने कहा कि यह वह देश है जहां दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा 182 मीटर ऊंची स्टैच्यू ऑफ यूनिटी स्थित है। हां, बिल्कुल सही.. भारत। भारत लगातार उन देशों में शामिल रहा है जो संयुक्त राष्ट्र को अपना योगदान समय पर और पूर्ण रूप से अदा करते हैं।

## नये आयकर अधिनियम के फॉर्म, नियम इसी महीने होंगे अधिसूचित

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरमैन रवि अग्रवाल ने कहा है कि आयकर अधिनियम, 2025 के अप्रैल से लागू होने से पहले फरवरी में जरूरी फॉर्म और नियम अधिसूचित किए जाएंगे। इसके साथ ही अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों की सूची भी जारी की जाएगी। अग्रवाल ने कहा कि एक फरवरी को पेश बजट में पेनाल्टी को शुल्क में बदलने, कार्यवाही को अतिरिक्त कर का भुगतान कर समाप्त करने की सुविधा, शेयर पुनर्खरीद के मामले में कर को युक्तिसंगत बनाने और टीसीएस (स्रोत पर कर संग्रह) में कमी जैसे उपाय करदाताओं के लिए



- सीबीडीटी प्रमुख बोले- साथ ही अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों की सूची भी की जाएगी जारी

चीजों को सुगम बनाएंगे।

उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष कर के मोर्चे पर जो प्रस्ताव बजट में किए गए हैं, वे वास्तव में कानून को सरल बनाने और करदाताओं के लिए इसे आसान बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का ही एक हिस्सा हैं। सीबीडीटी प्रमुख ने कहा कि हम फरवरी में नए आयकर फॉर्म और नियम जारी कर देंगे। नए आयकर अधिनियम, 2025 के एक अप्रैल, 2026 से लागू होने से पहले संबंधित पक्षों से इस पर सुझाव लिया जाएगा। अग्रवाल ने कहा कि सीबीडीटी नए कानून पर बार-बार पूछे जाने वाले सवाल (एफएक्यू) और एक प्रस्तुति तैयार करने पर भी काम कर रहा है। यह नए अधिनियम के लागू होने के साथ जनता के लिए उपलब्ध होगी ताकि उन्हें चीजों को समझने में आसानी हो।

### मुकदमेबाजी की समस्या का भी होगा समाधान

सीबीडीटी प्रमुख ने कहा कि पिछले साल पूरा जोर (आयकर अधिनियम की) भाषा को सरल बनाने पर था और नए कानून को इस तरह से लाने पर था कि करदाता इसे आसानी से पढ़ और समझ सकें। इस प्रक्रिया के माध्यम से हम यह भी सुनिश्चित करना चाहते हैं कि चीजों की कई तरह से व्याख्या न हो। इससे परोक्ष रूप से मुकदमेबाजी की समस्या का भी समाधान होगा। इस बात को ध्यान में रखते हुए उस समय प्रक्रियाओं में बदलाव करने का प्रयास नहीं किया गया था लेकिन हमेशा यही मत था कि हम आगे प्रक्रियाओं पर इस तरह से विचार करेंगे जिससे चीजों में और स्पष्टता आए। उन्होंने कहा कि एक अप्रैल 2026 से नया आयकर अधिनियम लागू होने से पहले, इस दिशा में दूसरा कदम (बजट में) उठाया गया है।



# सुपरटेक की 16 परियोजनाएं पूरा करे एनबीसीसी

## उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण के आदेश को रखा बरकरार

नई दिल्ली, एजेंसी

एक दशक से अपने घर की बाट जोह रहे हजारों खरीदारों को राहत देते हुए उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण (एनसीएलएटी) के उस आदेश को गुरुवार को बरकरार रखा, जिसमें सरकारी स्वामित्व वाली एनबीसीसी को कर्ज में डूबी रियल एस्टेट कंपनी सुपरटेक लिमिटेड की 16 आवासीय परियोजनाओं को शीघ्रता से पूरा करने का निर्देश दिया गया था। अदालत ने सभी अधिकरणों और उच्च न्यायालयों को यह आदेश दिया है कि वे ऐसा कोई भी आदेश न दें, जिससे एनबीसीसी कंपनी के निर्माण काम रुक जाएं।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने अपनी असाधारण शक्ति का प्रयोग करते हुए एनसीएलएटी के 12 दिसंबर, 2024 के उस आदेश को बरकरार रखा, जिसमें एनबीसीसी को घर खरीदारों के हित में परियोजनाओं को



- अधिकरणों और उच्च न्यायालयों से कहा- ऐसा आदेश न दें, जिससे एनबीसीसी के निर्माण काम रुकें

अपने हाथ में लेने का निर्देश दिया गया था। पीठ ने कहा कि कई घर खरीदारों के अनुसार, सुपरटेक ने 2010-12 के दौरान 51,000 घरों की बुकिंग की थी। प्रधान न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि कर्ज में डूबी रियल एस्टेट कंपनी के वित्तीय और परिचालन लेनदारों के ब्याज और बकाया का निपटारा तब ही किया जा सकता है जब घर खरीदारों को पूरी तरह से तैयार मकान सौंप दिए जाएं। पीठ ने कहा कि मकानों में पानी, बिजली, सीवेज कनेक्शन जैसी सभी सुनिश्चित सुविधाएं होनी चाहिए, साथ ही आस-पास सड़कें और पार्क भी होने चाहिए। सुपरटेक के वित्तीय और परिचालन लेनदारों को राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (एनसीएलटी) और एनसीएलएटी द्वारा न्यायसंगत पाए गए नुकसान को स्वीकार करना होगा। पीठ ने निर्देश दिया कि एनबीसीसी परियोजनाओं को शीघ्रता से पूरा करे और एनसीएलएटी द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति उसे आवश्यक सहयोग प्रदान करे। पीठ ने कहा कि यदि परियोजनाओं में कोई बाधा आती है, तो संबंधित पक्ष उच्चतम न्यायालय में अपील कर सकते हैं। उच्चतम न्यायालय ने 21 फरवरी 2025 को सुपरटेक की 16 आवासीय परियोजनाओं को लगभग 9,500 करोड़ रुपये की लागत पर पूरा करने के लिए एनबीसीसी को परियोजना प्रबंधन सलाहकार नियुक्त करने के आदेश पर रोक लगाई थी।

### आदेश में संशोधन, अनुराग बीसीसीआई की गतिविधियों में भाग लेने को स्वतंत्र

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष अनुराग ठाकुर को गुरुवार को राहत देते हुए उच्चतम न्यायालय ने जनवरी 2017 के उस आदेश में संशोधन किया, जिसमें उन्हें बोर्ड के मामलों से प्रतिबंधित किया गया था। साथ ही न्यायालय ने बोर्ड के साथ उनके जुड़ाव के लिए रास्ता साफ कर दिया। न्यायालय ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री ठाकुर, नियमों और विनियमों के अनुरूप बीसीसीआई से संबंधित मामलों में भाग लेने के लिए स्वतंत्र हैं। शीर्ष अदालत ने दो जनवरी, 2017 को बीसीसीआई के तत्कालीन अध्यक्ष ठाकुर को निर्देश दिया था कि वह तुरंत बोर्ड के कामकाज से खुद को अलग कर लें और उससे संबंध न रखें। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने 2017 के आदेश में संशोधन संबंधी ठाकुर की याचिका पर सुनवाई करते हुए आनुपातिकता के सिद्धांत को लागू करते हुए गुरुवार को संबंधित आदेश में संशोधन किया।

### मुफ्त उपहार के चुनावी वादों के खिलाफ याचिका पर होगी सुनवाई

उच्चतम न्यायालय ने अतार्किक मुफ्त उपहार की चुनावी घोषणा या वादा करने वाली किसी राजनीतिक पार्टी का चुनाव चिह्न जब्त करने अथवा उसका पंजीकरण रद्द करने के निर्देश संबंधी जनहित याचिका को सुनवाई के लिए मार्च में सूचीबद्ध करने पर गुरुवार को सहमति जताई। याचिकाकर्ता वकील अश्विनी उपाध्याय ने प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ को बताया कि उनकी याचिका पर केंद्र और निर्वाचन आयोग को 2022 में ही नोटिस जारी किए गए थे और उन्होंने न्यायालय से मामले को जल्द सूचीबद्ध करने का आग्रह किया। वकील ने कहा कि सूरज और चांद को छोड़कर चुनाव के दौरान राजनीतिक दल मतदाताओं से हर चीज का वादा करते हैं और यह भ्रष्टाचार का उदाहरण है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि यह महत्वपूर्ण मुद्दा है। कृपया हमें याद दिलाएं और अंत में इसका विशेष उल्लेख करें। हम इसे मार्च में सूचीबद्ध करेंगे।

### बच्चों को दूषित रक्त चढ़ाने में प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य पुलिस को पश्चिम सिंहभूम जिले के चाईबासा में बच्चों को कथित दूषित रक्त चढ़ाने के मामले में प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की अदालत दीपक हेमब्रम नाम के व्यक्ति द्वारा दायर आपराधिक रिट याचिका पर सुनवाई कर रही थी। हेमब्रम ने याचिका में दावा किया कि उनके तमाम प्रयासों के बावजूद पुलिस ने कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की।

हाईकोर्ट ने चाईबासा के सदर पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी को प्राथमिकी दर्ज करने और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इससे पहले, अदालत की खंडपीठ ने रक्त आधान के लिए मानक संचालन प्रक्रिया का पालन न करने के लिए राज्य सरकार को फटकार लगाई थी, जिसके कारण कथित तौर पर झारखंड में पांच बच्चों में एचआईवी संक्रमण हुआ था। मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने स्वतः संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका पर सुनवाई की।

## भूमि देने में आपत्ति नहीं पर बीएसएफ अधिकार क्षेत्र नियम वापस लें केंद्र : ममता

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि उनकी सरकार को सीमा पर बाड़ लगाने के लिए भूमि देने में कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन केंद्र को पहले राज्य में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अधिकार क्षेत्र को 15 किलोमीटर से बढ़ाकर 50 किलोमीटर करने के मनमाने फैसले को रद्द करना होगा। राज्यपाल के अभिभाषण पर विधानसभा में चर्चा के दौरान बनर्जी ने केंद्र व भाजपा द्वारा राज्य सरकार पर सीमा बाड़ लगाने में बाधा डालने के आरोपों को खारिज किया।

उन्होंने कहा कि बीएसएफ सहित सभी केंद्रीय एजेंसियों को पहले ही भूमि आवंटित की जा चुकी है। राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अपनी सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए उन्होंने कहा, ''''भूमि कोई समस्या नहीं होगी। आपको भूमि मिल जाएगी, लेकिन पहले बीएसएफ के अधिकार क्षेत्र को 15 किलोमीटर से बढ़ाकर 50 किलोमीटर करने के मनमाने नियम को बदलें। बनर्जी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर



- राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान बनर्जी ने केंद्र सरकार के आरोपों को किया खारिज

निशाना साधते हुए कहा कि वह पूरा आंकड़ा नहीं दे रहे हैं कि राज्य ने कितनी जमीन पहले आवंटित की है। रेलवे से लेकर रक्षा प्रतिष्ठानों तक सभी केंद्रीय एजेंसियों को भूमि दी जा चुकी है। पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने पलटवार किया कि घुसपैठ से बंगाल में जनसांख्यिकीय बदलाव हो रहा है और दावा किया कि केंद्र ने बाड़ लगाने को कई बार जमीन मांगी, लेकिन वह उपलब्ध नहीं कराई गई। बनर्जी ने कहा कि उन्होंने कई गृह मंत्री देखे हैं और उन्हें शासन का पाठ पढ़ाने की जरूरत नहीं है।

## न्यायाधीशों की नियुक्तियों से जुड़ी एमओपी में संशोधन पर विचार

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने राज्यसभा को बताया कि उच्च न्यायपालिका में न्यायाधीशों की नियुक्ति से जुड़ी ज्ञापन प्रक्रिया (मेमोरेंडम ऑफ प्रोसीजर ... एमओपी) को संशोधित करने की प्रक्रिया पर विचार जारी है और इसके पूरा होने के बाद ही आगे के कदम उठाए जाएंगे। विधि एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल गुरुवार को उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान बताया कि अखिल भारतीय न्यायिक सेवा की स्थापना करने और इसके स्वरूप को लेकर भी परामर्श जारी है।

कांग्रेस सांसद राजीव शुक्ला ने पूरक प्रश्न के तहत जानना चाहा कि क्या सरकार न्यायिक सुधार ला रही है और क्या राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) को फिर से लाया जाएगा? इस पर मेघवाल ने कहा कि सभी जानते हैं कि एनजेएसी विधेयक संसद द्वारा पारित किया गया था, लेकिन बाद में इसे उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गई



- विधि एवं न्याय राज्य मंत्री मेघवाल बोले एनजेएसी विधेयक संसद में हुआ था पारित उच्चतम न्यायालय ने इसे किया निरस्त

और इसे निरस्त कर दिया गया। मेघवाल ने सदन को बताया कि इसके बाद एमओपी को संशोधित करने की प्रक्रिया पर विचार किया जा रहा है और यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही अगला कदम उठाया जाएगा। देश में राष्ट्रीय न्यायिक सेवा शुरू किए जाने से संबंधित अन्य प्रश्न पर मंत्री ने कहा कि हमारे संविधान के अनुच्छेद 312 में अखिल भारतीय न्यायिक सेवा का प्रावधान है और इस मुद्दे पर न्यायाधीशों के सम्मेलनों में भी कई बार चर्चा हो चुकी है। यह मुद्दा उच्चतम न्यायालय के समक्ष लंबित है। इसे किस स्वरूप में लाया जाए, इस पर परामर्श चल रहा है। यह मामला विचाराधीन है। विधि मंत्री ने कहा कि हमारे लोकतंत्र में न्यायपालिका शासन व्यवस्था का एक स्वतंत्र अंग है और सभी मुद्दों से निपटने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार न्यायपालिका की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए भी प्रतिबद्ध है। हम न्यायपालिका के साथ मिलकर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि न्यायाधीशों को ऐसा अनुकूल वातावरण मिले, जिससे वे जनता को न्याय प्रदान कर सकें।

मंत्री ने कहा कि लंबित मामलों का निपटारा करना न्यायपालिका का अधिकार क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि सरकार ने निचली अदालतों की संख्या बढ़ाने में सहायता की है। मेघवाल ने बताया कि 2014 में जिला एवं सत्र अदालतों में न्यायाधीशों की कुल स्वीकृत संख्या 19,518 थी और इसके बाद हमने 6,376 पद जोड़े।

### इंदौर शासकीय मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस छात्र की आत्महत्या, परिजनों का रैगिंग का आरोप

इंदौर (मप्र)। इंदौर के शासकीय महाविद्यालय के छात्रावास में एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्र की खुदकुशी के बाद उसके परिजनों ने गुरुवार को आरोप लगाया कि संस्थान में उसकी रैगिंग की जाती थी और उसे परेशान किया जाता था। छात्र के परिजनों ने उसकी मौत के मामले की विस्तृत जांच की मांग की है। पुलिस के मुताबिक शासकीय महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्र अंतरिक्ष अग्रवाल (20) का शव दो फरवरी को संस्थान के छात्रावास में उसके कमरे में पंखे से बंधे फंदे से लटका मिला था। अंतरिक्ष के पिता पंकज अग्रवाल ने कहा कि महाविद्यालय में रैगिंग और बुलिंग (परेशान किए जाने) के बाद मेरा बेटा अंदर से टूट गया था। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) तुषार सिंह परिजनों ने रैगिंग और बुलिंग को लेकर शिकायत नहीं की थी।

### कुकी संगठनों ने समुदाय के विधायकों को मणिपुर में सरकार गठन से दूरी बनाए रखने को कहा

इंफाल। मणिपुर के कई कुकी संगठनों ने अपने समुदाय के विधायकों को राज्य में सरकार गठन की प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लेने की चेतावनी दी है। साथ ही चुराचांदपुर में पूर्ण बंद और कई स्थानों पर विरोध प्रदर्शन का आह्वान भी किया गया है। भाजपा विधायक युमनाम खेमचंद सिंह ने बुधवार को मणिपुर के 13वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। उन्होंने यह पदभार भाजपा नेता एन. बीरेन सिंह के इस्तीफे के एक वर्ष बाद संभाला। राज्य में मेइती और कुकी समुदायों के बीच महीनों तक चली जातीय हिंसा के बाद राष्ट्रपति शासन लगाया गया था। कुकी समुदाय से ताल्लुक रखने वाली भाजपा विधायक नेमचा किपगेन और नगा पीपुल्स फ्रंट विधायक एल. दिखो ने मणिपुर के उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है।

### वांगचुक की हिरासत पर पुनर्विचार करे केंद्र सरकार

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि उनकी सरकार द्वारा विधानसभा में पेश किया गया अंतरिम बजट जनहितैषी है और यह वित्तीय अनुशासन को दर्शाता है। बनर्जी ने केंद्रीय बजट की आलोचना करते हुए कहा कि बंगाल के बजट की तुलना में केंद्र सरकार का बजट दिशाहीन और सिद्धांतविहीन है। मुख्यमंत्री ने बजट के बाद कहा कि केंद्र द्वारा लगातार वित्तीय अभाव के बावजूद राज्य सरकार ने आम लोगों के कल्याण को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल ने सामाजिक कल्याण के उपायों का विस्तार जारी रखते हुए अपने वित्त का विवेकपूर्ण प्रबंधन किया है।

### विस में पेश हुआ 4.06 लाख करोड़ का बजट

बंगाल सरकार ने विधानसभा में 2026-27 के लिए 4.06 लाख करोड़ का अंतरिम बजट बृहस्पतिवार को पेश किया। इसमें आगामी विधानसभा चुनाव से पहले महिलाओं, युवाओं एवं अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं को लक्षित करते हुए नकद सहायता एवं भत्ते में वृद्धि के प्रस्ताव शामिल किए गए हैं। राज्य की आधी आबादी महिलाओं की है, जो चुनाव में तृणमूल कांग्रेस की सबसे भरोसेमंद वोट बैंक बनकर उभरी हैं। इन महिलाओं के लिए राज्य सरकार ने इस साल फरवरी से लक्ष्मीर भंडार योजना में मासिक अनुदान में 500 रुपये की बढ़ोतरी का प्रस्ताव रखा है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### श्रीलंकाई मछुआरों पर हमले के आरोपों को भारत ने खारिज किया

**कोलंबो।** कोलंबो में भारतीय उच्चायोग ने बृहस्पतिवार को भारतीय तटरक्षक बल की ओर से श्रीलंकाई मछुआरों के एक समूह पर हमलों का खंडन किया। भारतीय उच्चायोग ने कहा, हम इसकी पुष्टि कर सकते हैं कि भारतीय नौसेना या भारतीय तटरक्षक बल के किसी भी कर्मी ने ऐसा कोई हमला नहीं किया था। कहा गया है, भारत ने लगातार यह बात कही है कि मछुआरों की आजीविका संबंधी चिंताओं के लिए मानवीय दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए और किसी भी परिस्थिति में बल प्रयोग का सहारा नहीं लिया जाना चाहिए। श्रीलंका के मत्स्य पालन मंत्री रामलिंगम चंद्रशेखरन ने दो फरवरी को कहा था कि इस घटना को लेकर भारत सरकार के समक्ष विरोध दर्ज कराया जाएगा।

### नाइजीरिया में इस्लामिक आतंकियों के हमले में 162 की मौत

**सोकोतो।** पश्चिमी नाइजीरिया के दो गांवों पर हथियारबंद चरमपंथियों के हमले में 162 लोग मारे गए। क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले सांसद मोहम्मद उमर बायो ने बताया कि मंगलवार शाम को क्वारा राज्य के वोरो और नुकु गांवों को निशाना बनाकर हमले किए गए। यह हमला नाइजीरिया में हाल के महीनों में हथियारबंद चरमपंथियों के सबसे घातक हमलों में से एक है। बायो ने कहा कि ये हमले इस्लामिक स्टेट से जुड़े आतंकवादी संगठन लकुरावा द्वारा किए गए हैं। हालांकि इन हमलों की जिम्मेदारी अब तक किसी ने नहीं ली है। क्वारा राज्य में रेड क्रॉस के सचिव अयोदेजी इमैनुअल बाबाओमो ने कहा कि संगठन उन सुदूर स्थानों पर पहुंचने में असमर्थ रहा है जहां कई लोग मारे गए।

### अमेरिका के हमले की वेनेजुएला ने शुरू कराई जांच

**काराकास।** वेनेजुएला के रक्षा मंत्री व्लादिमीर पैद्रीनो लोपेज ने कहा है कि प्रशासन अमेरिका के तीन जनवरी के सैन्य अभियान से जुड़े घटनाक्रम की जांच कर रहा है, जिसमें राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को हिरासत में लिया गया था। लोपेज ने अपने बयान में यह स्पष्ट नहीं किया कि यह जांच किस तरह या किस स्तर की है, हालांकि इशारा किया कि इस जांच से देश को सेना की बदलाव योजना को समझने, उसका आंकलन करने और उसमें जरूरी सुधार करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि अमेरिका के सैन्य अभियान में बेहद उच्च गुणवत्ता की तकनीक का इस्तेमाल हुआ था।

# पांच तेजस भारतीय वायुसेना को सौंपे जाने के लिए तैयार



- एचएएल ने कहा- नौ और विमान बन चुके, इंजन मिलने का इंतजार

**नई दिल्ली।** सरकारी एयरोस्पेस कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने बृहस्पतिवार को कहा कि पांच तेजस हल्के लड़ाकू विमान भारतीय वायु सेना को सौंपने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। रक्षा मंत्रालय ने फरवरी 2021 में वायु सेना के लिए 83 तेजस एमके-1ए लड़ाकू विमान खरीदने के लिए एचएएल के साथ 48,000 करोड़ रुपये का करार किया था। हालांकि जीई एयरोस्पेस से इंजन की आपूर्ति न होने की वजह से इन लड़ाकू विमानों की आपूर्ति में देरी हो रही है।

एचएएल की प्रवक्ता ने बताया, पांच विमान आपूर्ति के लिए पूरी तरह से तैयार हैं, जिनमें अनुबंधित विशिष्टताओं के अनुसार प्रमुख क्षमताएं शामिल हैं। उन्होंने बताया, नौ अतिरिक्त विमान पहले ही बनकर तैयार हो चुके हैं और उनका परीक्षण भी हो चुका है। जीई से इंजन मिलते ही ये आपूर्ति के लिए तैयार हो जाएंगे। प्रवक्ता ने बताया कि डिजाइन और विकास संबंधी सभी समस्याओं का तेजी से समाधान किया जा रहा है। तेजस एकल इंजन वाला बहुउद्देशीय लड़ाकू विमान है जो उच्च खतरे वाले हवाई वातावरण में अपने मिशन को अंजाम देने में सक्षम है।

## मोबाइल में छिपा जानलेवा खतरा

# ऑनलाइन गेम के टास्क





गाजियाबाद में तीन बहनों के नौंवी मंजिल से कूदकर आत्महत्या करने की घटना ने टास्क बेस्ड ऑनलाइन के खतरों को एक बार फिर उजागर किया है। हर फोन में छिपे इस खतरे की शुरुआत 1970 के दशक में पैकेट आधारित कंप्यूटर नेटवर्किंग से हुई थी। 1978 में रॉय ट्रुबशॉ और रिचर्ड बार्टल ने दुनिया का पहला टेक्स्ट आधारित मल्टीप्लेयर एडवेंचर गेम बनाया जिसमें खिलाड़ी टास्क पूरे करते हुए एक काल्पनिक दुनिया में रहते थे। इंटरनेट आने के बाद 1993 में टास्क बेस्ड गेम्स का तेज विकास शुरू हुआ। 1997 में अल्टिमा ऑनलाइन और 1999 में एवरक्वेस्ट जैसे गेम्स ने जैसे आधुनिक टास्क बेस्ड फॉर्मेट को लोकप्रिय बनाया। एप्पल के एप स्टोर और गूगल प्ले स्टोर की शुरुआत के बाद टास्क बेस्ड गेम्स हर व्यक्ति तक पहुंच गए।

### क्यों खतरनाक

- टास्क पूरा करने पर नकली प्रशंसा से मस्तिष्क में डोपामाइन रिलीज होता है, और कठिन टास्क के लिए उत्साह बढ़ता है।
- रोमांच व जोखिम लेने की प्रवृत्ति का लाभ उठाकर किशोरों को आत्मविनाशकारी कार्यों में उलझाते हैं।
- बच्चों के अकेलेपन का फायदा उठाकर उन्हें वर्चुअल चैलेंज के जरिए झूठी अहमियत का एहसास कराते हैं।

### दुनिया में लोकप्रियता चरम पर

- वैश्विक ऑनलाइन गेमिंग मार्केट 2024 में लगभग 152 बिलियन डॉलर का था जो 2025 में 188 बिलियन डॉलर से आगे निकल गया।
- दुनिया भर में यह गेम खेलने वाले खिलाड़ियों की संख्या लगातार बढ़ते हुए अनुमानित तौर पर अब लगभग 3.6 बिलियन हो गई है।
- गेमिंग मार्केट में एशिया पैसिफिक क्षेत्र की हिस्सेदारी करीब 50% है जिसमें खासकर चीन, दक्षिण कोरिया और भारत का दबदबा है।

### खतरनाक होने के कारण

- ये गेम्स खिलाड़ियों को भावनात्मक रूप से कमजोर बनाकर उन्हें आत्महत्या या खुद को नुकसान पहुंचाने जैसे घातक कदमों की ओर ले जाते हैं।
- दिए जाने वाले टास्क को गुप्त रखने के निर्देश दिए जाते हैं, जिससे खिलाड़ी अपनों से कट जाता है और डर या दबाव में खतरनाक काम करता है।
- टास्क के दौरान मांगे गए निजी फोटो या वीडियो का उपयोग ब्लैकमेलिंग या और ज्यादा जोखिम भरे काम के लिए मजबूर करने में किया जाता है।

### अत्यधिक एडिक्शन के कारण

- गेम्स को मनोवैज्ञानिक रूप से इस तरह बनाया जाता है ताकि खिलाड़ी उसे घंटों तक बिना ब्रेक के खेलता रहे।
- दोस्तों या परिवार से कम जुड़ाव होने पर ज्यादातर बच्चे ऑनलाइन समुदायों को ही अपना सहारा मान लेते हैं।
- टास्क पूरा करने पर मिलने वाली सफलता जीवन की चुनौतियों से बचने का आसान रास्ता बन जाती है।
- बार-बार गेम खेलने से मस्तिष्क के रिवॉर्ड सेंटर में बदलाव आते हैं, जो नशे की लत के समान होते हैं।

### दुर्घटनाएं रोकने के वैश्विक कदम

- दुनिया के कई देशों की सरकारें अब यूनिसेफ के दिशा-निर्देशों और ऑनलाइन सुरक्षा कानूनों के जरिए प्लेटफॉर्म्स पर निगरानी बढ़ा रही हैं।
- डिवाइस और गेमिंग प्लेटफॉर्म्स पर स्क्रीन टाइम सीमित करने और कंटेंट फिल्टर करने के लिए अब उन्नत किस्म के टूल्स उपलब्ध कराए जा रहे हैं।
- यूनिसेफ जैसे संगठन स्कूलों व समुदायों में डिजिटल साक्षरता और साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूकता फैला रहे हैं। इसका सकारात्मक असर दिख रहा है।
- गेमिंग एडिक्शन को अब एक मानसिक विकार मानकर इसके उपचार के लिए विशेष काउंसलिंग और डिजिटल डिटॉक्स केंद्र खोलने की शुरुआत की गई है।

# एआई से नौकरियां बचाने के लिए दक्षिण कोरिया की संसद में लाया गया विधेयक

## मानवीय श्रमिकों का खात्मा होने की आशंका में पहल, राष्ट्रीय एआई रणनीति बनेगी

**सोल, एजेंसी**

भारी उद्योग और उच्च तकनीक वाले विनिर्माण क्षेत्र में दुनिया के अग्रणी देश दक्षिणी कोरिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के कारण नौकरियों के नुकसान से श्रमिकों को बचाने के लिए विधेयक पेश किया गया है। यह विधेयक उन बढ़ती चिंताओं के बीच आया है कि एआई मानवीय श्रमिकों खत्म कर देगा। इस विधेयक के तहत एक राष्ट्रीय एआई रणनीति का निर्माण किया जाएगा जो श्रमिकों को सुरक्षा प्रदान करने के साथ उन्हें बदलते बाजार के अनुसार ढलने के लिए सहायता भी उपलब्ध कराएगा।

विपक्षी पीपुल पावर पार्टी के प्रतिनिधि चोई यून सोक और 10 अन्य सांसदों ने इस विधेयक को संसद में प्रस्तुत करते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में एआई और रोबोटिक्स तेजी से उन्नत हुए हैं और उन्होंने न सिर्फ सरल बल्कि कुशल पेशेवरों की भी जगह लेना शुरू कर दिया है, जिसकी वजह से पूरे समाज में रोजगार की असुरक्षा फैल रही है। कहा गया है कि सेवा क्षेत्र में भी बहुत सारी स्वचालित ऑर्डरिंग मशीनें काम संभालने लगी हैं और इस वजह से लोग अपनी नौकरियां खो रहे हैं। चिंता जताई गई है कि यदि नौकरियां अचानक एक साथ गायब हो जाती हैं तो यह एक सामाजिक समस्या में तब्दील हो सकती है।



### हुंडई में रोबोटों की तैनाती की योजना से जागी चिंता

हुंडई मोटर ने पिछले महीने घोषणा की थी कि वह 2028 तक एक नए अमेरिकी संयंत्र में एटलस ह्युमनॉइड रोबोट का बड़े पैमाने पर उत्पादन करने और धीरे-धीरे उन्हें अपनी असेंबली लाइनों में तैनात करने की योजना बना रही है। कंपनी इस परियोजना को अपने 'फिजिकल एआई' के रूप में प्रचारित कर रही है, जिसमें एआई नियंत्रित औद्योगिक मशीनें जोखिम भरे या नीरस कार्यों को संभालने के लिए मनुष्यों के साथ या उनके स्थान पर काम करेंगी। हुंडई मोटर के मजदूर संघ ने इस योजना का कड़ा विरोध किया है। हालांकि, राष्ट्रपति ली जे मायुंग ने तकनीकी परिवर्तन के प्रतिरोध को खारिज करते हुए कहा है कि लोगों को नए समाज (एआई) के साथ तेजी से तालमेल बिठाना होगा।

- उद्योग विश्लेषकों का अनुमान है कि प्रत्येक एटलस रोबोट के लिए वार्षिक रखरखाव लागत लगभग 1.4 करोड़ वोन (9700 डॉलर) है, जो लगभग 24 घंटे काम कर सकता है, जबकि एक कर्मचारी पर कंपनी को प्रति वर्ष लगभग 13 करोड़ वोन का खर्च आता है।

विधेयक का उद्देश्य एआई के इस युग में रोजगार के मुद्दों से निपटने के लिए राज्य की नीतियों को स्पष्ट करना है ताकि लोगों के अधिकारों को संरक्षित रखने के साथ गुणवत्ता में सुधार किया जा सके। चोई के करीबी सूत्र ने गुरुवार को द कोरिया टाइम्स को बताया कि यह कोई ऐसा कानून नहीं है जिसे अभी तैयार किया गया है। इसे लंबे समय से तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि टीम कई वर्षों से एआई और स्वचालन के प्रभाव पर नजर रख रही है।

### संयुक्त राष्ट्र में एआई पर बनी वैज्ञानिक समिति में प्रो. बालारमन रविंद्रन भी



**संयुक्त राष्ट्र।** आईआईटी मद्रास के प्रोफेसर बालारमन रविंद्रन को एआई पर गठित नए स्वतंत्र वैज्ञानिक पैनल में सेवा देने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस की ओर से अनुशंसित 40 वैश्विक प्रतिष्ठित विशेषज्ञों के समूह में शामिल किया गया है। गुतारेस ने बुधवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा के सामने एआई पर नए स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक समिति में नियुक्ति के वास्ते प्रत्येक क्षेत्र से 40 प्रतिष्ठित व्यक्तियों की सूची प्रस्तुत की। रविंद्रन आईआईटी मद्रास में डेटा साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विभाग (डीएसएआई), वधवानी स्कूल ऑफ डेटा साइंस एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (डब्ल्यूएसएआई), रॉबर्ट बॉश सेंटर फॉर डेटा साइंस एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (आरबीसीडीएसएआई) और सेंटर फॉर रिस्पॉन्सिबल एआई (सीईआरएआई) के प्रमुख हैं। उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ मैसाचुसेट्स, एमहर्स्ट से पीएचडी और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बेंगलुरु से मास्टर डिग्री प्राप्त की है।

# न्यू स्टार्ट संधि खत्म... रूस-अमेरिका के परमाणु जखीरे पर अब रोक नहीं

**मॉस्को, एजेंसी**

- रूस की संधि को एक साल और बढ़ाने की पेशकश ट्रंप ने ठुकराई
- अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए जताई जाने लगी गंभीर चिंता

रूस ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसे मॉस्को और अमेरिका के बीच परमाणु हथियारों से जुड़े आखिरी बचे समझौते के खत्म होने का दुख है। 'न्यू स्टार्ट' नामक इस संधि के समाप्त होने के साथ ही आधी सदी से ज्यादा समय में पहली बार ऐसा है कि दोनों सबसे बड़ी शक्तियों के परमाणु हथियारों के जखीरों पर कोई रोक नहीं रहेगी। इसके चलते अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए जताई जाने लगी गंभीर चिंता जताई जाने लगी है।

विशेषज्ञों का कहना है कि ''न्यू स्टार्ट'' संधि खत्म होने से परमाणु हथियारों की बिना रोकटोक वाली होड़ शुरू हो सकती है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पिछले साल घोषणा की थी कि अगर वॉशिंगटन भी ऐसा करता है तो वह एक और साल के लिए संधि की सीमाओं का पालन करने के लिए तैयार हैं लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संधि की समयसीमा बढ़ाने को लेकर कोई स्पष्ट रुख नहीं अपनाया है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने बुधवार को कहा था कि ट्रंप ने यह साफ कर दिया है कि 21वीं सदी में सही मायने में हथियारों पर नियंत्रण करने के लिए ऐसा कुछ भी करना तब तक नामुमकिन है जब तक कि इसमें चीन शामिल न हो, क्योंकि उसके पास बहुत बड़ा और तेजी से बढ़ता हथियारों का जखीरा है।

'न्यू स्टार्ट' संधि पर 2010 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनके रूसी समकक्ष दिमित्री मेदवेदेव ने हस्ताक्षर किए थे। संधि के तहत दोनों पक्षों को 700 से ज्यादा मिसाइलों और 1,550 से ज्यादा ऐसे परमाणु हथियार को रखने से रोक दिया गया था, जो तैनाती और इस्तेमाल के लिए तैयार हों। इस संधि को मूल रूप से 2021 में खत्म होना था, लेकिन इसे पांच और सालों के लिए बढ़ा दिया गया था। न्यू स्टार्ट संधि खत्म होने के बाद दुनिया में परमाणु हथियारों की होड़ बढ़ने की आशंका जताई जाने लगी है।



### अमेरिका और रूस सैन्य स्तर पर संवाद को सहमत

कीव। रूस और अमेरिका के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों की अबू धाबी में बृहस्पतिवार को हुई बैठक में दोनों देशों के बीच उच्च स्तरीय सैन्य वार्ता बहाल करने पर सहमति बनी। अमेरिका के यूरोपीय कमान ने एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि यह समझौता अमेरिकी यूरोपीय कमान के कमांडर जनरल एलेक्सस ग्रिनकेविच और वरिष्ठ रूसी और यूक्रेनी सैन्य अधिकारियों के बीच हुई बैठकों के बाद हुआ। ग्रिनकेविच नाटो के सर्वोच्च सहयोगी कमांडर यूरोप भी हैं। कहा गया है कि यह पहल स्थाई शांति की दिशा में काम करने वाले पक्षों के बीच निरंतर सैन्य संपर्क का मंच प्रदान करेगी।

# भारत की अवैध फार्मेसियों के 200 वेबसाइट डोमेन अमेरिका में जब्त

**न्यूयार्क, एजेंसी**

- बिना प्रिस्क्रिप्शन दवाएं, छह लोगों की मौत के बाद उठाया कदम

अमेरिकी संघीय अधिकारियों ने भारत स्थित एक अंतरराष्ट्रीय अपराध संगठन से जुड़े 200 से अधिक वेबसाइट डोमेन जब्त किए हैं। अवैध ऑनलाइन फार्मेसियां चलाने वाला ये गिरोह छह से ज्यादा लोगों की मौत और चार लोगों पर ओवरडोज के दुष्परिणामों का कारण बना है जिसके बाद यह कदम उठाया गया है।

अमेरिका की मादक पदार्थ रोधी एजेंसी डीईए ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि देश भर में उसके कार्यालयों की ओर से की गई कई कार्रवाइयों में चार लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। डीईए ने न्यूयॉर्क के ईस्टर्न डिस्ट्रिक्ट के अमेरिकी अटॉर्नी कार्यालय के सहयोग से बताया कि 'ऑपरेशन मेल्टडाउन' के तहत अमेरिका में सक्रिय भारत स्थित अंतरराष्ट्रीय आपराधिक संगठनों से जुड़े 200 से अधिक वेबसाइट डोमेन जब्त किए गए हैं।

डीईए के अनुसार, जांच में पाया गया कि इन ऑनलाइन फार्मेसियों के संचालक और उनके सहयोगी बिना वैध प्रिस्क्रिप्शन के अमेरिका भर में ग्राहकों को अवैध रूप से दवाइयां पहुंचा रहे थे। जांच के दौरान डीईए ने हजारों ऐसे ग्राहकों की पहचान की जिन्होंने इन ऑनलाइन फार्मेसियों से दवाएं खरीदी थीं।

## गाजा में इजराइल के हमले में 24 की मौत

**दीर अल-बलाह।** गाजा में इजराइली गोलीबारी में 24 फिलिस्तीनी मारे गए, जिनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। इजराइल का कहना है कि आतंकियों की तरफ से की गई गोलीबारी में एक सैनिक के गंभीर घायल होने के बाद उसने जवाबी कार्रवाई की।

इजराइल ने यह भी कहा कि उसकी कार्रवाई में तीन शीर्ष चरमपंथी और कुछ ऐसे लोग मारे गए जो उसकी सेना के लिए खतरा पैदा कर रहे थे। इजराइल ने घातक हमले कर 10 अक्टूबर से लागू युद्धविराम का बार-बार उल्लंघन किया है। फिलिस्तीनियों की बढ़ती मौतों के बीच गाजा के लोगों का कहना है कि उन्हें ऐसा महसूस हो रहा है मानो युद्ध थमा ही नहीं है।

# एप्स्टीन प्रकरण पर केअर स्टार्मर की कुर्सी खतरे में

## बाल यौन अपराधी से संबंध रखने वाले मैंडलसन को अमेरिका में राजदूत बनाने पर घिरे

**लंदन, एजेंसी**

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर यौन अपराधी जेफ्री एप्स्टीन से कभी नहीं मिले, लेकिन दुनियाभर की नामचीन हस्तियों से एप्स्टीन के संबंध सार्वजनिक होने के बाद स्टार्मर की कुर्सी पर खतरा मंडराने लगा है। ब्रिटेन के पूर्व राजकुमार एंड्र्यू माउंटबेटन-विंडसर और अमेरिका में ब्रिटिश राजदूत रहे पीटर मैंडलसन पर पहले ही एप्स्टीन से दोस्ती की गाज गिर चुकी है।

स्टार्मर ने एप्स्टीन से दोस्ती की बात सामने आने के बाद मैंडलसन को पद से हटा दिया था। अब नए खुलासे होने के बाद स्टार्मर की मध्यमार्गी-वामपंथी सरकार पर भी खतरा मंडरा रहा है। स्टार्मर साल 2024 में एप्स्टीन से संबंध होने के बावजूद लेबर पार्टी के वरिष्ठ नेता मैंडलसन की नियुक्ति के अपने फैसले को लेकर सत्तारूढ़ लेबर पार्टी के अंदर बढ़ते दबाव का सामना कर रहे हैं। हाल ही में जारी हुए दस्तावेजों में दोनों के करीबी संबंध होने की बात सामने आने के बाद ब्रिटेन की राजनीति में तहलका मच गया।



राजनीति के जानकारों का मानना है कि इस प्रकरण को लेकर स्टार्मर को प्रधानमंत्री पद से हटना पड़ सकता है। मैनचेस्टर विश्वविद्यालय में राजनीतिक विज्ञान के प्रोफेसर रॉब फोर्ड ने कहा, वह फिलहाल मुश्किलों में घिरे हुए हैं। आज नहीं तो कल उनकी सरकार गिर सकती है। उनकी प्रतिष्ठा को तगड़ी ठेस पहुंची है। लेबर पार्टी की सांसद पाउला बार्कर ने कहा कि प्रधानमंत्री को जवाब देना होगा।

### माफी मांगी, एपस्टीन के अपराधों के शिकार लोगों से कहा- मैंडलसन ने झूठ बोला

**लंदन।** स्टार्मर ने यौन अपराधी एप्स्टीन से संबंध रखने वाले पीटर मैंडलसन को अमेरिका में ब्रिटिश राजदूत नियुक्त करने के लिए एस्टीन के अपराधों के शिकार लोगों से माफी मांगी है। कहा, मैंडलसन ने झूठ बोला था और एप्स्टीन को ऐसे व्यक्ति के रूप में पेश किया, जिसे वह मुश्किल से जानते थे। स्टार्मर ने पीड़ितों से कहा, आपके साथ जो हुआ, मैं उसके लिए माफी मांगता हूं। इस बात के लिए माफी मांगता हूं कि ताकतवर लोगों ने आपका उत्पीड़न किया। मैंडलसन के झूठ पर यकीन करने और उन्हें नियुक्त करने के लिए माफी मांगता हूं। इस बात के लिए माफी मांगता हूं कि आपको यह सबकुछ फिर से सार्वजनिक होते हुए देखना पड़ रहा है।

## मुझे एपस्टीन के साथ बिताए हर मिनट पर पछतावा: बिल गेट्स

**न्यूयॉर्क।** माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स ने यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन के साथ बिताए गए समय पर गहरा खेद व्यक्त किया है। बुधवार को एक साक्षात्कार में गेट्स ने कहा कि उन्हें एपस्टीन के साथ बिताए गए हर मिनट पर पछतावा है।


साल 2013 के एक ड्राफ्ट ईमेल में एपस्टीन ने दावा किया था कि उसने गेट्स को ड्रग्स उपलब्ध कराने और उनके विवाहेतर संबंधों को छिपाने में मदद की थी। यह मेल कभी भेजा ही नहीं गया। गेट्स ने इन दावों को पूरी तरह खारिज करते हुए कहा, स्पष्ट रूप से जेफरी ने खुद को एक ईमेल लिखा था जो कभी भेजा नहीं गया।

## आज का भविष्यफल

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 6 फरवरी, शुक्रवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, पंचमी 7 फरवरी 01.18 तक तत्पश्चात षष्ठी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- शिशिर।

**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।

**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

**नक्षत्र**- हस्त 7 फरवरी 00.23 तक तत्पश्चात चित्रा।

**मेष** — आज कारोबार की स्थिति में सुधार आएगा। रुके हुए कार्य शुरू हो जाएंगे। घरेलू कार्यों को लेकर अत्यधिक व्यस्त हो सकते हैं। आपका मूड काफी अच्छा रहने वाला है। आपका मन धार्मिक कार्यों में लगेगा। नसों में खिंचाव की समस्या हो सकती हैं।

**वृष** — आज का दिन बहुत ही शुभ रहने वाला है। विद्यार्थियों को योजना बनाकर अपनी पढ़ाई करनी चाहिए। कार्यक्षेत्र में किसी महत्वपूर्ण बैठक में सम्मिलित हो सकते हैं। बच्चों के करियर और शिक्षा को लेकर परेशानी दूर होगी।

**मिथुन** — आज बाहरी व्यक्तियों से अधिक बातें शेयर न करें। परिवार और संबंधियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। व्यायाम करने से आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। ऐसा कोई काम न करें, जो दूसरों के लिए असुविधाजनक हो।

**कर्क** — आज व्यापार में नए अनुबंध हो सकते हैं। आपके द्वारा पूर्व में लिए गए निर्णयों की परीक्षा हो सकती है। लंबी दूरी की यात्रा कर सकते हैं। दिखावे व शौक में धन खर्च हो सकता है। अचानक धन लाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**सिंह** — आज नई जॉब मिलने की संभावना बन सकती है। किसी मित्र की सहायता से आपको अच्छा लाभ प्राप्त होगा। घर का माहौल काफी खुशनुमा रहेगा। अपनी मन :स्थिति को मजबूत बनाए रखें। आपकी उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी।

**कन्या** — आज दिन भर काफी भागदौड़ व व्यस्तता रहेगी। संपत्ति खरीदने के लिए दिन बहुत अच्छा है। उच्च अधिकारी वर्ग के सहयोग से कठिन कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी। आपके सपने साकार होते हुए दिखाई दे रहे हैं। व्यापार के नए अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** — आज भावुक होने के कारण अच्छी बातें भी आपको बुरी लग सकती हैं। सामाजिक स्तर पर लोगों के बीच पहचान बढ़ेगी। अपने व्यवहार को सहज और धैर्यवान बनाकर रखें। कारोबार में परेशानी होने की आशंका है।

**वृश्चिक** — आज खोया हुआ बहुमूल्य सामान या धन वापस मिल सकता है। धार्मिक प्रवृत्ति के लोगों से आप जुड़ सकते हैं। पति-पत्नी को आपस में बात अवश्य करनी चाहिए। मन में नकारात्मक विचार आ सकते हैं। किसी पर भी आंख-मूंदकर भरोसा न करें।

**धनु** — आज नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा में आपको सफलता मिल सकती है। मनोनुकूल कार्यों को आप अत्यधिक समय देंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में टीम बनाकर काम करने से आपको लाभ होगा।

**मकर** — आज अपनी बौद्धिक क्षमता का कुशल प्रयोग कर पाएंगे। जिम्मेदारी वाले कार्यों में आपको लापरवाही नहीं करनी चाहिए। काफी अच्छे लोगों से आपकी मुलाकात हो सकती है। अत्यधिक काम के साथ आपको भरपूर आराम भी करना चाहिए।

**कुंभ** — आज व्यर्थ के कार्यों में अपना समय बर्बाद न करें। बाजार में आपकी छवि अच्छी रहेगी। प्रेमीजन से अपने मन की बात कर सकते हैं, लेकिन वो आपकी बातों को अधिक महत्व नहीं देगा। पर्यटन क्षेत्र से जुड़े लोगों को नुकसान हो सकता है।

**मीन** — आज महत्वपूर्ण कार्यों को एक साथ पूर्ण करने में सफल रहेंगे। परिवार के लोग आपसे प्रसन्न रहेंगे। आपका मन अत्यधिक प्रसन्न रहेगा। लोगों के चहेते बने रहेंगे। विरोधी और आलोचक आपके सामने टिक नहीं पाएंगे।

## सुडोकू -53

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | 7 | | 3 | | |
| 8 | | | 2 | | | | 7 | 4 |
| | | 7 | | 1 | | 6 | | |
| 6 | | | | | | | | 9 |
| | 7 | 2 | | | | 8 | | |
| | | | | 6 | | | | 1 |
| | | 3 | | 2 | | 5 | | |
| 9 | 4 | | | | 7 | | | 2 |
| | | 6 | | 9 | | | 8 | |

### सुडोकू - 52 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 3 | 8 | 4 | 1 | 6 | 9 | 7 |
| 6 | 4 | 8 | 2 | 9 | 7 | 3 | 5 | 1 |
| 1 | 7 | 9 | 3 | 6 | 5 | 4 | 8 | 2 |
| 8 | 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 1 | 3 | 9 |
| 9 | 3 | 4 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 5 |
| 5 | 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 2 | 4 | 6 |
| 4 | 8 | 2 | 1 | 7 | 9 | 5 | 6 | 3 |
| 7 | 6 | 1 | 5 | 3 | 8 | 9 | 2 | 4 |
| 3 | 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 | 8 |



> 12 तारीख को बांग्लादेश में चुनाव हैं। उसके बाद आप यू-टर्न देखेंगे। एक बयान आएगा कि जनता की भावना को देखते हुए क्रिकेट जारी रहना चाहिए। मैं खुद राजनीति में रहा हूं। जब आप क्रिकेटर होते हैं तो आपके खून में क्रिकेट होता है, जब आप राजनेता होते हैं तो राजनीति।
>
> -चेतन शर्मा


# स्टेडियम

मुरादाबाद, शुक्रवार, 6 फरवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### सूर्यकुमार ने बदली टीम की तस्वीर : पंत

**नई दिल्ली।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव की जमकर तारीफ करते हुए कहा है कि उनकी कप्तानी ने टीम इंडिया को बदल डाला है। पंत ने आजतक के कार्यक्रम 'सलाम क्रिकेट' में कहा, ''सूर्या भाई की एनर्जी ड्रेसिंग रूम का माहौल ही बदल देती है। वे सिर्फ बल्लेबाज नहीं, बल्कि ऐसे लीडर हैं जो हर खिलाड़ी को आजादी और भरोसा देते हैं।'' पंत के मुताबिक टीम इंडिया में दिखाई दे रही एग्रेसिव माइंडसेट की जड़ में कप्तान की सोच और फास्ट बॉलर्स की भूमिका है। टी20 वर्ल्ड कप का काउंटडाउन शुरू हो चुका है और ऋषभ पंत ने पहले सत्र में कहा कि टी20 वर्ल्ड कप को इंजॉय करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल वे रिकवरी फेज में हैं।

### मुंबई-कर्नाटक रणजी क्वार्टर फाइनल आज से

**मुंबई।** टी20 विश्व कप का बुखार भले ही चढ़ रहा हो लेकिन स्टार खिलाड़ियों से सजी मुंबई और कर्नाटक के बीच शुक्रवार से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल मुकाबले में अगले पांच दिन तक रोमांचक खेल देखने को मिल सकता है। दोनों टीमों का इतिहास शानदार रहा है जिसमें मुंबई के पास 42 रणजी खिताब हैं और कर्नाटक के पास आठ ट्रॉफियां हैं लेकिन ऐसे नॉकआउट मुकाबलों में पिछले रिकॉर्ड का ज्यादा असर नहीं होता। लेकिन फिर भी ऐसे मुकाबलों में मुंबई का दबदबा बरकरार रहा है जो अब नियमित कप्तान शारदुल ठाकुर और भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की वापसी से और बढ़ गया है।

# दिल्ली कैपिटल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को दिया 204 रनों का लक्ष्य


## महिला प्रीमियर लीग का फाइनल : रॉड्रिग्स, लॉरा और शिनेल ने खेलीं विस्फोटक पारियां

**वडोदरा, एजेंसी**

कप्तान जेमिमा रॉड्रिग्स की अगुआई में बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रीमियर लीग के फाइनल में बृहस्पतिवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ चार विकेट पर 203 रन बनाए। जेमिमा ने 37 गेंद में आठ चौकों से 57 रन की पारी खेली जबकि लॉरा वोल्वार्ट (44 रन, 25 गेंद, तीन चौके, दो छक्के) और शिनेल हेनरी (नाबाद 35, 15 गेंद, चार चौके, दो छक्के) ने चौथे विकेट के लिए 24 गेंद में 55 रन की तूफानी साझेदारी करके टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

जेमिमा ने वोल्वार्ट के साथ भी तीसरे विकेट के लिए 76 रन जोड़े। दिल्ली की टीम चार सत्र में चौथी बार फाइनल में खेलते हुए पहली बार खिताब जीतने की कोशिश कर रही है जबकि पूर्व चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम की नजरें दूसरे खिताब पर हैं।

बेंगलुरु की कप्तान स्मृति मंधाना ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद लिजेल ली (37) और शेफाली वर्मा (20) ने दिल्ली कैपिटल्स को सधी हुई शुरुआत दिलाई। शेफाली ने लॉरेन बेल पर पारी का



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ शॉट लगातीं दिल्ली कैपिटल्स की लॉरा वोल्वार्ट। एजेंसी

पहला चौका मारा जबकि लिजेल ने सयाली सतघरे पर लगातार दो छक्के जड़े। शेफाली ने अरुंधति रेड्डी पर दो चौके मारे लेकिन इसी ओवर में विकेटकीपर ऋचा घोष को कैच दे बैठीं। दिल्ली ने पावर प्ले में एक विकेट 53 रन बनाए।

लॉरा वोल्वार्ट ने आते ही अरुंधति पर चौका जड़ा जबकि लिजेल ने श्रेयंका पाटिल का स्वागत लगातार गेंदों पर दो चौके और एक छक्के के साथ किया। नेदिन डि क्लर्क ने लिजेल को ग्रेस हैरिस के हाथों कैच कराके रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को बड़ी सफलता दिलाई। लिजेल ने 30 गेंद की अपनी पारी में तीन छक्के और इतने ही चौके मारे। कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स और वोल्वार्ट ने इसके बाद पारी को आगे बढ़ाया। जेमिमा ने डि क्लर्क पर दो चौके जड़ने के बाद श्रेयंका पर तीन चौके मारे। दिल्ली के रनों का शतक 11वें ओवर में पूरा हुआ। जेमिमा ने डि क्लर्क की गेंद पर एक रन के साथ 32 गेंद में अर्धशतक पूरा किया जिसमें सात चौके शामिल रहे। जेमिमा ने सतघरे पर भी चौका जड़ा लेकिन इसके बाद उनकी फुलटॉस गेंद को डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर डि क्लर्क के हाथों में खेल गईं। चिनेल हेनरी ने 19वें ओवर में डि क्लर्क पर चार चौकों और एक छक्के से 24 रन बटोरे और फिर सतघरे पर भी छक्का मारे। वोल्वार्ट पारी की अंतिम गेंद पर रन आउट हुईं।

टी-19 विश्व कप : खिताबी मुकाबला आज

# भारतीय टीम का पलड़ा इंग्लैंड पर भारी

- बल्लेबाजों के शानदार फॉर्म से उम्मीदें बढ़ी
- मुकाबला दोपहर एक बजे से शुरू होगा



**हरारे, एजेंसी**

छठा खिताब जीतने की कोशिश में जुटी भारत की अंडर 19 क्रिकेट टीम जब आईसीसी अंडर 19 विश्व कप के फाइनल में शुक्रवार को इंग्लैंड से खेलेगी तो उसकी उम्मीदें शानदार फॉर्म में चल रहे अपने बल्लेबाजों पर टिकी होंगी। अफगानिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल में विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने जीत दर्ज की जिसमें कप्तान आयुष म्हात्रे और सलामी बल्लेबाज आरोन जॉर्ज ने यादगार पारियां खेली। इस जीत से पांच बार की चैम्पियन भारतीय टीम का हौसला बढ़ा है जिसने पिछली बार 2022 में खिताब जीता था।

भारत ने अमेरिका के खिलाफ पहले ग्रुप मैच से ही बेहतरीन खेल दिखाया है। सेमीफाइनल में 300 से अधिक के लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान को हराकर भारतीय टीम ने अपराजेय रिकॉर्ड कायम रखा। अब उसका सामना एक और अपराजेय टीम इंग्लैंड से होना है। भारत को बखूबी पता है कि गत चैम्पियन आस्ट्रेलिया को हराकर इंग्लैंड के हौसले बुलंद है और उसे हराना आसान नहीं होगा। भारत को एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन करना होगा और नजरें वैभव सूर्यवंशी पर भी लगी होंगी जिनके बल्ले से हो रही आतिशबाजी का जवाब तलाशने के लिए विरोधी गेंदबाज जूझते नजर आये हैं। इंग्लैंड के सामने उन्हें हालांकि संयम से खेलना होगा क्योंकि मैन्नी लुम्सडेन की अगुवाई में उसके पास मजबूत तेज गेंदबाजी आक्रमण है। भारत का अंडर 19 विश्व कप फाइनल में रिकॉर्ड अच्छा रहा है और 10वीं बार टीम फाइनल में पहुंची है। पिछली बार 2022 में वेस्टइंडीज में हुए टूर्नामेंट में भारत ने इंग्लैंड को ही हराया था।

### टीम

**भारत :** आरोन जॉर्ज, अभिज्ञान कुंडू, हरवंश पंगालिया, वैभव सूर्यवंशी, वेदांत त्रिवेदी, आयुष म्हात्रे (कप्तान), विहान मल्होत्रा, आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलन पटेल, दीपेश देवेंद्रन, हेनिल पटेल, मोहम्मद एनान, उद्धव मोहन और किशन सिंह।

**इंग्लैंड :** थॉमस रियू (कप्तान), राल्फी अलबर्ट, अली फारूक, बेन डॉकिंस, कालेब फाकनेर, फरहान अहमद, एलेक्स फ्रेंच, एलेक्स ग्रीन, ल्यूक हैंड्स, इसाक मोहम्मद, मैन्नी लुम्सडेन, बेन मायेस, जेम्स मिंटो, जोसेफ मूरेस, सेबेस्टियन मोर्गन।

# हम वहां खेलने जा रहे हैं : सूर्यकुमार

टी-20 विश्व कप

- बायकॉट पर भारतीय कप्तान ने पाकिस्तान को धोया



**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी टीम पाकिस्तान के खिलाफ आईसीसी टी20 विश्व कप मैच के लिए कोलंबो जाएगी, फिर भले ही पड़ोसी देश ने मैच का बहिष्कार करने की घोषणा क्यों ना की हो। भारत को 15 फरवरी को अपने चिर प्रतिद्वंद्वी का सामना करना है लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट टीम को उसकी सरकार ने मैच में हिस्सा नहीं लेने के लिए कहा है क्योंकि सुरक्षा चिंताओं के कारण भारत में खेलने से इनकार करने के बाद बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को प्रतियोगिता में शामिल किया गया है। सूर्यकुमार ने यहां टूर्नामेंट से पहले कप्तानों की प्रेस मीट के दौरान कहा मुझे लगता है कि उनका फैसला मेरे नियंत्रण में नहीं है। काश मैं उनके फैसले ले पाता लेकिन यह उनका फैसला है। हम एशिया कप में भी खेले थे और हम उनके साथ तीन बार खेले थे। विश्व कप शनिवार से शुरू हो रहा है और भारत उसी शाम अपने पहले मैच में अमेरिका से भिड़ेगा। सूर्यकुमार ने कहा हमारी सोच काफी स्पष्ट है। हमने (पाकिस्तान के खिलाफ खेलने से) मना नहीं किया है। उन्होंने किया है। आईसीसी ने कार्यक्रम तय किया। हमारी फ्लाइट की टिकट बुक हो गई है और हम वहां (कोलंबो) जा रहे हैं। उन्होंने कहा, टीम में चर्चा हुई है कि हम पहले सात फरवरी को खेल रहे हैं और फिर हम वहां जाएंगे। सूर्यकुमार ने कहा हमने उनके खिलाफ कुछ अच्छा क्रिकेट खेला है। हमें बताया गया है कि मैच 15 तारीख को है, मैच तटस्थ स्थल पर है और अगर हमें मौका मिलता है तो हम खेलेंगे। यह उनके (पाकिस्तानी खिलाड़ियों) के लिए भी एक मुश्किल फैसला है।

### भारत के खिलाफ मैच हमारे नियंत्रण में नहीं : पाक कप्तान

**कोलंबो।** पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने अपने क्रिकेट बोर्ड के रुख को बरकरार रखते हुए बृहस्पतिवार को इस बात पर जोर दिया कि भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच का बहिष्कार करने का फैसला उनकी सरकार ने लिया था और यह उनके नियंत्रण में नहीं था। पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ 15 फरवरी को यहां होने वाले अपने बहुप्रतीक्षित पुरुषों के टी20 विश्व कप ग्रुप लीग मैच का रविवार को बहिष्कार करने की घोषणा की। हालांकि पाकिस्तानी सरकार ने सात फरवरी से शुरू होने वाली प्रतियोगिता में राष्ट्रीय टीम की भागीदारी को मंजूरी दे दी। सलमान ने कप्तानों की प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा भारत का मैच हमारे नियंत्रण में नहीं है। यह सरकार और पीसीबी का फैसला है। वे जो भी कहेंगे, हम वही करेंगे। टी20 विश्व कप शनिवार को भारत और श्रीलंका के अलग-अलग स्टेडियम में शुरू होगा। अगर दोनों टीमें नॉकआउट में आमने-सामने होते हैं तो वे फिर सरकार द्वारा लिए गए फैसले का पालन करेंगे।

### बांग्लादेश से एकता दिखाने के लिए किया विरोध : शरीफ

**कराची।** भारत के खिलाफ टी-20 विश्व कप के मैच के बहिष्कार को सही फैसला बताते हुए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने कहा कि बांग्लादेश के समर्थन के लिए यह सोच समझकर लिया गया फैसला है। पाकिस्तान सरकार ने अपनी क्रिकेट टीम को कोलंबो में भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाला मैच नहीं खेलने के लिए कहा है। इससे पहले सुरक्षा कारणों से भारत में खेलने से इनकार पर बांग्लादेश को विश्व कप से हटाकर स्कॉटलैंड को उसकी जगह शामिल किया गया। शरीफ ने यहां सरकार की एक बैठक के बाद कहा हमने टी20 विश्व कप पर स्पष्ट रूख अपनाया है कि हम भारत के खिलाफ नहीं खेलेंगे क्योंकि खेल के मैदान पर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा हमने सोच समझकर यह रुख अपनाया है और हम पूरी तरह से बांग्लादेश के साथ हैं। मुझे लगता है कि यह बिल्कुल सही फैसला है।

# मौके का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेंगे एसोसिएट देश

**मुंबई, एजेंसी**

भले ही नेपाल, आखिरी समय में शामिल हुए स्कॉटलैंड और पहली बार क्रिकेट विश्व कप खेलने वाले इटली के पास क्रिकेट की कोई बड़ी विरासत नहीं हो लेकिन शनिवार को यहां शुरू होने वाले टी20 विश्व कप के शानदार मंच पर ये टीम अपनी छाप छोड़ने का सपना सजाए हैं। इन तीनों एसोसिएट देशों का टी20 टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाइंग अभियान अलग रहा। नेपाल एक उभरती हुई टीम है, बांग्लादेश के भारत में सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए टूर्नामेंट से हटने के बाद स्कॉटलैंड को शामिल किया गया जबकि विश्व कप में इटली की मौजूदगी यूरोप में खेल के विकास का सबूत है।

संबंधित टीम के कप्तान टूर्नामेंट में खेलने के इस मौके को बखूबी जानते हैं। इटली के कप्तान वेन मैडसेन दक्षिण अफ्रीका के लिए हॉकी खेल चुके हैं। उन्होंने विश्व कप से पहले सभी टीम के कप्तानों की प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा इटली में मुख्य खेल फुटबॉल है, लेकिन टी20 विश्व कप में खेलने का मौका हमारे देश के लिए बहुत अहम है और यह इटली को क्रिकेट के नक्शे पर लाने की बात है। स्कॉटलैंड के लिए यह टूर्नामेंट एक अलग तरह की चुनौती पेश करता है क्योंकि उन्हें पिछले महीने के आखिर तक अपनी भागीदारी का अंदाजा भी नहीं था। स्कॉटलैंड के कप्तान रिची बेरिंगटन ने कहा, हमारी तैयारी दूसरी टीमों से अलग रही है, लेकिन हम इस स्तर पर खेलने का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। यह हमारे सामने एक शानदार मौका है।

नेपाल लगातार दूसरा टी20 विश्व कप खेल रहा है और वह प्रभावित करने की कोशिश करेगा।

पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के बड़े प्रशंसक नेपाल के कप्तान रोहित पौडेल ने कहा यह टी20 विश्व कप बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि हमने 10 साल बाद (2024 में) क्वालीफाई किया था। हम अगली पीढ़ी के लिए छाप छोड़ना चाहते हैं। पौडेल मुंबई में रोहित शर्मा के घरेलू मैदान पर खेलने को लेकर उत्साहित हैं।

उन्होंने कहा मैं रोहित शर्मा का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं लेकिन उम्मीदों पर खरा उतरना मेरे लिए एक मुश्किल काम होगा। मुझे उम्मीद है कि मैं प्रशंसकों को खुश कर पाऊंगा। भारत में जन्में अमेरिका के कप्तान मोनांक पटेल के लिए उस देश में खेलने का अनुभव खास और भावनात्मक होगा जिसमें उन्होंने जन्म लिया।

भारत के खिलाफ शनिवार को होने वाले पहले मैच से पहले मोनांक ने कहा भारत में आकर विश्व कप खेलकर बहुत अच्छा लग रहा है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं भारत में विश्व कप खेलूंगा और अमेरिका का प्रतिनिधित्व करूंगा। खेलने के लिए बहुत उत्साहित हूं।

### ऑस्ट्रेलिया बनाम नीदरलैंड्स मुकाबला टॉस के बाद रद्द

**कोलंबो।** ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड के बीच टी-20 विश्वकप से पहले गुरुवार को होने वाला अभ्यास मैच बारिश के कारण टॉस होने के बाद रद्द घोषित कर दिया गया। आज यहां आर प्रेमदासा स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। इसके बाद शुरु हुई बारिश के कारण मैच को रद्द घोषित कर दिया गया।

# सुरुचि-राणा को एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा का रजत

एशियाई निशानेबाजी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

उभरती हुई निशानेबाज सुरुचि सिंह और विश्व चैंपियन सम्राट राणा को शानदार प्रदर्शन करने के बावजूद बृहस्पतिवार को यहां एशियाई चैंपियनशिप की 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक से संतोष करना पड़ा लेकिन भारत ने अपना दबदबा बनाते हुए स्वर्ण पदक की संख्या को 10 तक पहुंचा दिया।

रश्मिका सहगल और वंशिका चौधरी ने जूनियर महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल जबकि प्रियांशी पूर्वा और चहक कोहली इसी स्पर्धा के युवा वर्ग में शीर्ष दो स्थानों पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता के दो दिन के बाद भारत 10 स्वर्ण, पांच रजत और एक कांस्य पदक के साथ



एशियाई निशानेबाजी की मिश्रित विजेता टीम। एजेंसी

शीर्ष पर है जबकि उज्बेकिस्तान उससे काफी पीछे तीन स्वर्ण के साथ दूसरे पायदान पर है। उज्बेकिस्तान के लिए दिन का एकमात्र स्वर्ण पदक 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में निगीना सैदकुलोवा और मुखम्मद कमालोव ने जीता जिन्होंने 48 शॉट के फाइनल में सम्राट और सुरुचि को 479.6 के मुकाबले 481.3 अंक से हराया। पिछले साल चार आईएसएसएफ विश्व कप स्वर्ण पदक जीतने के अलावा सत्रांत विश्व कप फाइनल में शीर्ष पर रहीं 19 साल की सुरुचि और सम्राट ने 60 शॉट के क्वालीफिकेशन दौर में 10 टीम के बीच कुल 583 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत और उज्बेकिस्तान के अलावा वियतनाम (582 अंक, दूसरा) और चीनी ताइपे (575 अंक, चौथा) की जोड़ियां भी फाइनल में पहुंचीं।

# बॉक्सर लवलीना बोरगोहेन ने की जीत से शुरुआत

**अलीकांटे (स्पेन)।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन ने यहां बोक्सैम एलीट इंटरनेशनल 2026 में यूक्रेन की ओल्हा पिलिपचुक को आसानी से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की जबकि हितेश गुलिया भी अगले दौर में पहुंच गए जिससे भारतीय मुक्केबाजों ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा।

लवलीना महिलाओं के 75 किलोग्राम वर्ग में शानदार फॉर्म में थीं, उन्होंने तेज और सटीक मुक्कों के संयोजन से यूक्रेन की ओल्हा पिलिपचुक को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले में हराकर आसानी से अगले दौर में प्रवेश किया। पुरुषों के 70 किलोग्राम वर्ग में हितेश ने कनाडा के विन्सेंट सांटाओरिएलो को 5-0 से शिकस्त दी। लवलीना के अलावा भारत की अन्य महिला मुक्केबाजों ने भी दमदार जीत दर्ज कीं।

डेविस कप

नीदरलैंड्स के खिलाफ मुकाबले से पहले बोले भारत के नंबर एक एकल टेनिस खिलाड़ी

# दिन-ब-दिन बेहतर महसूस कर रहा हूं : नागल

**बेंगलुरु, एजेंसी**

भारत के नंबर एक एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह नीदरलैंड के खिलाफ भारत के डेविस कप मुकाबले से पहले कूल्हे की मामूली चोट से उबरने के दौरान दिन-ब-दिन बेहतर महसूस कर रहे हैं। नागल खराब फॉर्म और उसके कारण खराब नतीजों की वजह से मुश्किलों से भरे 2025 सत्र के बाद विश्व रैंकिंग में 281वें स्थान पर खिसक गए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले तीन हफ्तों के एकाग्र रिहैबिलिटेशन ने उन्हें मुकाबले में उतरने से पहले आत्मविश्वास दिया है।

नागल ने ट्रेनिंग सत्र के बाद अच्छा महसूस कर रहा हूं, दिन-ब-दिन बेहतर महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा मैं पिछले दो-तीन हफ्तों से बहुत मेहनत कर रहा हूं। मेरे लिए शिविर बैंकॉक के ठीक



बाद शुरू हो गया था। मुझे वहां इतना अच्छा महसूस नहीं हो रहा था लेकिन मैं उसी रात वापस आ गया, अपना रिहैब शुरू किया और सच कहूं तो मुझे कोई शिकायत नहीं है। मैंने डेविस कप के लिए तैयार होने के लिए वह सब कुछ किया जो मैं कर सकता था। इस 27 वर्षीय खिलाड़ी को बैंकॉक में कूल्हे में चोट लगी थी और उन्होंने माना कि उबरने का दौर मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण था। इस सुझाव के बावजूद कि धीमे कोर्ट भारत के लिए बेहतर हो सकते थे नागल ने बेंगलुरु में मुकाबला आयोजित करने के फैसले का समर्थन किया और नीदरलैंड के खिलाड़ियों की ताकत की ओर इशारा किया।

उन्होंने कहा (जेस्पर) डि जोंग और गाय (डेन ओडेन), वे दोनों क्ले कोर्ट पर बहुत अच्छे हैं। उन्होंने उस सतह पर बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। इसलिए मुझे लगता है कि यह अच्छा हुआ कि हमने बेंगलुरु को चुना। मैं यहां सहज हूं, मैंने अपने करियर में इन परिस्थितियों में खेलते हुए बहुत समय बिताया है। नागल ने परिचित माहौल के महत्व पर भी जोर दिया और आयोजन स्थल तय होने के बाद अपना ट्रेनिंग स्थल बेंगलुरु में स्थानांतरित कर लिया था। नागल ने कहा जब हमें पता चला कि डेविस कप यहां होने वाला है तो हमने अपना शिविर स्थानांतरित कर लिया।

### युगल दूसरे दर्जे का प्रारूप नहीं: भांबरी

**बेंगलुरु।** एक समय भारत के बेहतरीन एकल खिलाड़ियों में गिने जाने वाले युकी भांबरी का करियर एक अप्रत्याशित लेकिन सीखने वाला सफर रहा है। एटीपी रैंकिंग में शीर्ष 100 में आने के तुरंत बाद चोटों ने उनके एकल करियर को रोक दिया। प्रायोजन की अनिश्चितता ने चुनौतियों को और बढ़ा दिया और जो उम्मीदें लोगों ने देखीं थी वे उस प्रारूप में काफी हद तक अधूरी रह गईं। युकी खुद को भारत के शीर्ष युगल खिलाड़ी के तौर पर अपने पेशेवर जीवन के सबसे सफल दौर में पाते हैं। पिछले 18 महीने में उन्होंने चार एटीपी खिताब जीते, एक ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल खेला और यह इस बात का एक उदाहरण है कि एलीट स्तर के प्रतिभावान खिलाड़ी के लिए क्या कर सकता है।